CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 28-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP1 User: cci Time: 12-27-2025 23:00 Color:

महानगर > मुंबई > रविवार, 28 दिसंबर 2025 > पौष 7, शक संवत 1947, पौष शुक्ल अष्टमी, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 17, संख्या 49 > मूल्य ₹6.00 > पेज 14 > आर. एन. आई. पंजीयन नंबर 27562 www.nbt.in

# NBT संडे नवभारत टाइम्स

नए साल पर वीकेंड का जश्न

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

खबरों के अंदर की बात

NBT Lens

देखें पेज 13

### अंतर्ज्ञान

जीवन में हम सही फैसले नहीं ले पाते। वैसे सही या गलत से ज्यादा जरूरी है स्पष्ट होना। जब आप डर के बजाय विवेक से निर्णय लेते हैं, तो परिणाम चाहे कुछ भी हो, मन शांत रहता है। हर निर्णय आपके विकास की दिशा तय करता है। खुद पर भरोसा रखिए - आप जितना सोचते हैं, उससे ज्यादा जानते हैं। भ्रम में रुकना, असफल निर्णय से भी अधिक हानिकारक है। निर्णय वही करें जो आपके भीतर के मौन से मेल खाए। जो अपने अंतरात्मा से परामर्श लेता है, वह कभी पछताता नहीं। स्पष्ट निर्णय ही जीवन को गति देता है और गति ही जीवन का संगीत है। मन की शांति के लिए अपने मौलिक स्वभाव के ईर्द-गिर्द ही बने रहें, दूर न भटकें।

कैसा होगा आपका साल 2026

जानने के लिए एनबीटी में 29 दिसंबर को पहली 4 राशियों मेष, वृष, मिथुन और कर्क का पढ़ें वार्षिक राशिफल।

2026 नई उम्मीद

टेक की दुनिया में साल 2025 कई अहम बदलाव लेकर आया। एआई की एंट्री ने इसे और भी खास बना दिया है। स्मार्ट फोन में एआई और स्मार्ट ग्लासेस का लोगों ने अनुभव लिया। टेस्ला की बिना कार वाली रोबोटैक्सियां अब सिर्फ अमेरिका तक ही सीमित नहीं रहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर यह चर्चा का विषय बनीं।

देखें पेज 12

# 5 जनवरी से कांग्रेस का 'मनरेगा बचाओ अभियान'

## CWC की बैठक: 'जी राम जी' ऐक्ट के खिलाफ आंदोलन करेगी पार्टी

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

कांग्रेस ने मनरेगा की जगह लाए विकसित भारत जी राम जी अधिनियम के खिलाफ 5 जनवरी से देशव्यापी आंदोलन का ऐलान किया है। कांग्रेस कार्य समिति (CWC) बैठक में यह फैसला लिया गया। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बैठक के बाद केंद्र पर आरोप लगाया कि मनरेगा खत्म कर गरीबों की पीठ में छुरा घोंपा गया है। उन्होंने कहा कि मनरेगा को केंद्र में रखकर पूरे देश में बड़ा जनांदोलन खड़ा किया जाएगा और नए कानून की वापसी के लिए निर्णायक लड़ाई लड़ी जाएगी।

CWC में खरगे ने मोदी सरकार की तीखी आलोचना की और आरोप लगाया कि मनरेगा खत्म कर करोड़ों गरीबों और कमजोर तबकों की पीठ में छुरा घोंपा गया है। उन्होंने कहा कि संसद के शीतकालीन सत्र में बिना किसी अध्ययन, मूल्यांकन और व्यापक परामर्श के यह कानून लाया गया, जिससे ग्रामीण गरीबों का काम का अधिकार छीना गया है। उनके मुताबिक, यह फैसला गरीबों के पेट पर लात मारने जैसा है।

इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि मनरेगा का नाम बदलने का फैसला कैबिनेट और राज्यों से बिना पूछे ही ये फैसला लिया गया है। मोदी वन मैन शो चल रहे हैं। वह जो करना चाहते हैं करते हैं। इसका पूरा फायदा 2-3 अरबपतियों को मिल रहा है। इसका नुकसान ग्रामीण इलाकों को हो रहा है। मीटिंग में वोटर लिस्ट में बदलाव स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (SIR) पर भी चिंता जताई गई।




बैठक में शपथ ली गई कि मनरेगा के लिए आंदोलन किया जाएगा।

### मीटिंग में सभी सदस्यों ने ली शपथ

मीटिंग के बाद खरगे ने कहा कि CWC की बैठक में यह शपथ ली गई है कि मनरेगा को प्रमुख मुद्दा बनाकर देशभर में आंदोलन किया जाएगा। कांग्रेस पांच जनवरी से मनरेगा बचाओ अभियान शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई सिर्फ एक योजना की नहीं, बल्कि गरीबों के अधिकार, सम्मान और आजीविका की है। खरगे ने कहा कि नए कानून को थोपने का तरीका तीन काले कृषि कानूनों जैसा है, जिन्हें अंततः जनआंदोलन के दबाव में वापस लेना पड़ा।

### दिग्विजय ने शेयर की मोदी-आडवाणी की फोटो, BJP के संगठन की तारीफ की



कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह ने एक्स पर शनिवार को एक तस्वीर पोस्ट की, जिसके बाद राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया। बाद में उन्होंने इसे लेकर सफाई भी दी। इस तस्वीर में पीएम नरेन्द्र मोदी और लालकृष्ण आडवाणी दिखाई दे रहे हैं। तस्वीर में मोदी जमीन पर बैठे हैं तो लालकृष्ण आडवाणी कुर्सी पर हैं। सिंह ने पोस्ट को लेकर लिखा है, 'यह तस्वीर एक साइट पर मिली। यह बहुत प्रभावशाली है। किस प्रकार RSS का एक जमीनी स्वयंसेवक और BJP का कार्यकर्ता नेताओं के चरणों में फर्श पर बैठकर प्रदेश का मुख्यमंत्री और देश का पीएम बना। यह संगठन की शक्ति है। जय सिया राम।' उन्होंने आगे कहा कि वह RSS और पीएम मोदी की नीतियों के घोर विरोधी हैं और रहेंगे। उन्हें जो कुछ भी कहना था, वो उन्होंने कांग्रेस वर्किंग कमिटी (CWC) की मीटिंग में कह दिया।

### लंबे समय बाद शशि थरूर भी मौजूद रहे



CWC की बैठक में कांग्रेस के तिरुवनंतपुरम से सांसद शशि थरूर भी मौजूद रहे। लंबे समय के बाद थरूर इसमें शामिल हुए। वह बीते कई महीनों से कांग्रेस की बैठक में शामिल नहीं हो रहे थे। इतना ही नहीं कांग्रेस की लाइन से हटकर बयानबाजी भी कर रहे थे। अब बीते कुछ दिनों से मोदी सरकार पर भी हमला बोलते नजर आए।

# पर्यावरण प्रेमियों को अब अर्बन नक्सली कहा जा रहा है: आदित्य

## तपोवन पहुंचे आदित्य ने पेड़ कटाई का किया विरोध

NBT रिपोर्ट, मुंबई

शिवसेना (UBT) नेता आदित्य ठाकरे ने शनिवार को पेड़ों की कटाई के मामले में बीजेपी पर हमला बोला। उन्होंने कुंभ मेला-2027 की तैयारियों के लिए नासिक में पेड़ों की कटाई की प्रस्तावित योजना का विरोध किया है।

आदित्य ने कहा कि बीजेपी शहर में 'रावण राज' लाना चाहती है। अगर बीजेपी के मन में राम होते, तो उन्होंने तपोवन को नहीं काटा होता। वह उस जमीन को बिल्डरों को देना चाहती है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण प्रेमी पेड़ों की रक्षा के लिए आंदोलन करते हैं, तो उन्हें अर्बन नक्सली कहा जाता है। आखिर, पर्यावरण प्रेमियों को अर्बन नक्सली का तमगा क्यों दिया जा रहा है।

बता दें कि नासिक नगर निकाय ने 'साधु ग्राम' कॉलोनी के लिए शहर के तपोवन क्षेत्र में पेड़ों को काटने का प्रस्ताव है। इस कदम का स्थानीय लोगों, हरित कार्यकर्ताओं और विपक्ष ने कड़ा विरोध किया है। शनिवार को आदित्य ने तपोवन में पर्यावरण प्रेमियों से मुलाकात की।

इस दौरान आदित्य ठाकरे ने कहा कि तपोवन में 1800 से अधिक पेड़ काटने की तैयारी है। पीएम मोदी दुनियाभर में एक पेड़, एक मां की घोषणा करते हैं। जबकि महाराष्ट्र में उनकी सरकार जंगल नष्ट कर रही है। पर्यावरण हमारी प्राथमिकता में शामिल होना ही चाहिए।

बता दें कि नासिक सिंहस्थ कुंभ मेले की तारीखों का ऐलान कर दिया गया है। यह महापर्व 31 अक्टूबर 2026 को ध्वजारोहण के साथ शुरू होगा।



शनिवार को आदित्य ने तपोवन में पर्यावरण प्रेमियों से मुलाकात की।

### 15 जनवरी तक है रोक

इस महीने की शुरुआत में राष्ट्रीय हरित अधिकरण (NGT) ने नगर निकाय की योजना पर 15 जनवरी तक रोक लगा दी है। ठाकरे ने कहा कि इसके बावजूद पेड़ों को काटने पर सरकार आमादा है। बीजेपी महाराष्ट्र को निगलने और इसे डेवलपर्स को उपहार में देने के लिए भूखी है। यह 'भूख' महाराष्ट्र और शहरों को खत्म करने और देश को पीछे ले जाने की है।

### 'कुंभ मेला का कोई विरोध नहीं'

ठाकरे ने कहा कि मुंबई के संजय गांधी नेशनल पार्क में, पुणे के वेताल टेकडी, नागपुर में अजनी वन का संरक्षण भी आवश्यक है। नासिक में आयोजित होने वाले कुंभ मेला का कोई विरोध नहीं कर रहा है। पंचवटी और तपोवन प्रभु श्रीराम की तपोभूमि है। यह सब तोड़कर हम कौन से धर्म का पालन कर रहे हैं।

# जांच अधिकारी पर कुलदीप सिंह सेंगर से मिलीभगत का आरोप

भाषा, नई दिल्ली: उन्नाव रेप केस की पीड़िता ने तत्कालीन जांच अधिकारी पर बीजेपी के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर के साथ मिलीभगत का आरोप लगाया है। पीड़िता ने CBI से जांच अधिकारी के खिलाफ FIR दर्ज करने की मांग की है।

रेप केस में ट्रायल कोर्ट ने सेंगर को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। दिल्ली HC ने इस फैसले के खिलाफ दायर अपील का निपटारा होने तक सेंगर की सजा कुछ शर्तों के साथ निलंबित कर दी है। CBI ने इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। याचिका में सीबीआई ने कहा है कि बच्चों के यौन शोषण के मामले में संरक्षण देने वाले पॉक्सो एक्ट जैसे अहम कानून के मर्म को समझने में दिल्ली हाईकोर्ट ने गलती की है।

### उन्नाव केस



पीड़िता ने सीबीआई से एफआईआर दर्ज करने की मांग

पीड़िता और कई संगठन भी इस फैसले के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। अब पीड़िता ने CBI से संपर्क कर तत्कालीन जांच अधिकारी के खिलाफ FIR दर्ज करने की मांग की है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि जांच अधिकारी ने दुर्भावना और कपटपूर्ण तरीके से जांच की, ताकि सेंगर और अन्य आरोपियों को तथ्यों में हेरफेर का फायदा मिल सके।

### 'जाली दस्तावेज का इस्तेमाल किया गया'

आरोप है कि चार्जशीट में जाली दस्तावेज का इस्तेमाल कर उसकी जन्मतिथि अलग दिखाई गई। साथ ही मोबाइल इस्तेमाल करने का झूठा तथ्य शामिल किया गया। उधर, हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ महिलाओं ने शनिवार शाम संसद भवन के सामने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने उत्तराखंड के अंकिता भंडारी मामले में भी आवाज उठाई। बाद में पुलिस ने इन सभी को हटा दिया। इस सबके बीच, कांग्रेस ने सेंगर की जमानत का विरोध करते हुए कहा कि पार्टी हर स्थिति में पीड़िता के साथ खड़ी हुई है।

# फायर सेफ्टी: 59 जगहों पर हुई कड़ी कार्रवाई

AI Image



20 को कारण बताओ नोटिस

NBT, रिपोर्ट, मुंबई: नए साल के जश्न से पहले मुंबईकरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मुंबई फायर ब्रिगेड ने शहरभर में फायर सेफ्टी को लेकर सघन अभियान चलाया है। साल के आखिरी दिनों में होटल, पब, बार और क्लबों में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए फायर ब्रिगेड ने 1221 जगहों का फायर सेफ्टी निरीक्षण किया। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने पर 59 जगहों पर कड़ी कार्रवाई की गई, जबकि 20 को कारण बताओ नोटिस जारी कर खामियां दूर करने के निर्देश दिए गए हैं। पेज 11

# बांग्लादेश: कॉन्सर्ट में भीड़ का हमला, 20 छात्र घायल

भाषा, ढाका: बांग्लादेश के फरीदपुर में मशहूर रॉक गायक जेम्स के संगीत समारोह को रद्द कर दिया गया है। कार्यक्रम स्थल पर भीड़ के हमले और इसमें कम से कम 20 छात्रों के घायल होने के बाद यह कदम उठाया गया। अधिकारियों और आयोजकों ने यह जानकारी दी।

'जेम्स' के नाम से मशहूर बांग्लादेशी गायक-गीतकार फारूक महफूज अनम जेम्स ने कई 'हिट' हिंदी फिल्मों के गाने भी गाए हैं। भीड़ के हमले की घटना शुक्रवार रात को हुई। हाल के दिनों में देश में सांस्कृतिक संस्थानों को निशाना बनाकर कई हमले हुए हैं। पिछले कुछ हफ्तों में ढाका स्थित छायानट और उदिची शिल्पी गोष्ठी जैसे संगठनों में तोड़फोड़ की घटनाएं हुई हैं।

रॉक गायक जेम्स ने कई हिट हिंदी फिल्मों के गाने भी गाए

जेम्स का यह संगीत कार्यक्रम फरीदपुर जिला स्कूल के 185वें स्थापना दिवस समारोह के समापन के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था।

# NCERT: आई नई किताबें, कई बदलाव

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: बच्चे अब आठवीं से ही गुड्स ऐंड सर्विस टैक्स (GST) का कैलकुलेशन और MS-एक्सेल के बेसिक टूल के बारे में सीखेंगे। इसके लिए राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (NCERT) ने गणित की नई किताबों में कई प्रयोग किए हैं। इसमें कोई सामान खरीदने या खाने के बिल में GST कैलकुलेशन सिखाया जाएगा। NCERT ने 8वीं क्लास की किताब 'गणित प्रकाश' का भाग-2 जारी किया है। नई किताब में बौधायन-पाइथागोरस (Baudhayana-Pythagoras Theorem) भी शामिल किया गया है।

# वैभव सूर्यवंशी को अंडर- 19 टीम की कप्तानी



अंडर-19 वर्ल्ड कप से पहले भारत और साउथ अफ्रीका वनडे सीरीज में युवा बैटर वैभव सूर्यवंशी को टीम की कमान मिली है। हालांकि, वर्ल्ड कप की टीम में आयुष म्हात्रे कप्तान होंगे, जो चोट से साउथ अफ्रीका सीरीज से बाहर हैं। इस दौरे पर मैच तीन, पांच और सात जनवरी को बेनोनी में खेले जाएंगे। आरोन जॉर्ज को उपकप्तान बनाया गया है। म्हात्रे और मल्होत्रा अपनी चोटों के उपचार और प्रबंधन के लिए बेंगलुरु स्थित 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' में रिपोर्ट करेंगे जिसके बाद वे भारतीय टीम से जुड़ेंगे।

# 14 साल बाद ऑस्ट्रेलिया में इंग्लैंड ने जीत का स्वाद चखा



इंग्लैंड ने एशेज के चौथे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को 4 विकेट से हरा दिया। ऑस्ट्रेलिया में 14 साल और 18 टेस्ट मैचों से चला आ रहा अपनी जीत का इंतजार खत्म किया। इससे पहले इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया में आखिरी टेस्ट 2011 में जीता था। पेज 13

# आज भी नहीं चलेंगी WR की 235 लोकल ट्रेनें

NBT रिपोर्ट, मुंबई: कांदिवली-बोरीवली सेक्शन पर छठवीं लाइन के काम को पूरा करने के लिए 30 दिनों का ब्लॉक लिया जा रहा है। यह ब्लॉक 18 जनवरी, 2026 तक जारी रहेगा। इसी क्रम में रविवार को 235 लोकल ट्रेनें रद्द रहेंगी। वहीं, कई मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों के शेड्यूल में भी बदलाव आएगा, जिससे यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार, बोरीवली में अप एवं डाउन स्लो लाइनों पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग (EI) पैनल के कमीशनिंग कार्य हेतु मेजर



नॉन-इंटरलॉकिंग ब्लॉक लिया जा रहा है। कांदिवली और दहिसर के बीच डाउन फास्ट लाइन पर स्पीड रिस्ट्रिक्शन भी लागू किया जाएगा। उधर, मध्य रेलवे (CR) पर भी रविवार को इंजीनियरिंग और रखरखाव कार्यों के लिए मेगा ब्लॉक होगा। पेज 5

### मौसम

| | | |
|---|---|---|
| कोलाबा | 32.1 | 20.7 |
| सांताक्रूज | 32.7 | 17.4 |
| सूर्यास्त रविवार | 6:10 बजे | |
| सूर्योदय सोमवार | 7:11 बजे | |

NBT संडे नवभारत टाइम्स — 1.00 रुपया मुंबई, ठाणे और रायगढ़ जिले के बाहर।

हार नहीं मानूंगा... कोर्ट ने कहा, भले ही स्टूडेंट का रिजल्ट खराब है, लेकिन उसका मनोबल नहीं टूटा है

# BDS पास करने के लिए HC ने दिया छात्र को 16वां मौका

Krishna.Shukla@Timesofindia.com

मुंबई: ट्राई-ट्राई ऐंड ट्राई अगेन टिल यू सक्सीड (कोशिश करते रहो, जब तक सफलता न मिल जाए) यह कहावत बॉम्बे हाई कोर्ट आए उस बीडीएस स्टूडेंट पर सटीक बैठती है, जिसे अदालत ने कोर्स की परीक्षा पास करने के लिए 16 वां मौका दिया है। स्टूडेंट ने 2017-2018 में बैचलर ऑफ डेंटल सर्जरी (BDS) में दाखिला लिया था, लेकिन पिछले आठ सालों में वह कड़ी मेहनत के बावजूद चार साल का कोर्स पूरा करने में असफल रहा है। इस पर कोर्ट ने कहा कि स्टूडेंट का रिजल्ट भले खराब है, मगर स्टूडेंट का मनोबल नहीं टूटा है। यह टिप्पणी कर कोर्ट ने स्टूडेंट को 3 और 10 जनवरी को होने वाली अंतिम वर्ष की परीक्षा में बैठने की इजाजत दे दी है। अब स्टूडेंट उन दो विषयों की परीक्षा दे सकेगा, जिनमें वह असफल रहा है।

### इंटर्नशिप उत्तीर्ण होने पर निर्भर

कोर्ट ने स्टूडेंट की याचिका को आंशिक रूप से स्वीकार कर यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंस को छात्र को परीक्षा के लिए हॉल टिकट जारी करने का निर्देश दिया है। हालांकि, कोर्ट ने अभी स्टूडेंट को अनिवार्य रोटेटरी पेड इंटर्नशिप का निर्देश देने से परहेज किया है, क्योंकि इंटर्नशिप स्टूडेंट के दो विषयों में पास होने पर निर्भर करेगी। स्टूडेंट नवी मुंबई के निजी मेडिकल कालेज का छात्र है, जिसने 17 दिसंबर 2025 को अपनी मांग को लेकर याचिका दायर की थी।

AI Image



8 साल बाद भी स्टूडेंट का चार साल का कोर्स नहीं हुआ पूरा

### इस बार फेल, तो कोर्स से हो जाएगा बाहर

जस्टिस रविंद्र घुगे और जस्टिस अश्विन भोबे की बेंच ने स्टूडेंट को राहत देने के लिए यूनिवर्सिटी के एक स्पेशल सर्कुलर को आधार बनाया, जिसके तहत छात्र नियमों के तहत स्टूडेंट की श्रेणी में आ रहा था। बेंच ने कहा कि बीडीएस के नियमों में अंतिम प्रयास के लिए 8 वर्ष का समय दिया गया है, जिसके बाद अनिवार्य रूप से एक साल की पेड इंटर्नशिप है। बशर्ते वह उन दो विषयों में उत्तीर्ण हो जाए, जिसमें वह असफल हुआ है। इससे पहले स्टूडेंट के वकील ने कहा कि यदि छात्र आगामी परीक्षा में फेल हो जाता है, तो वह कोर्स से बाहर हो जाएगा।

### 'ऐसे डॉक्टर रखने का कोई मतलब नहीं'

परीक्षा में असफल होने के बाद स्टूडेंट को इंटर्नशिप में शामिल होने का अवसर नहीं मिलेगा। लिहाजा भविष्य के प्रति आशावादी छात्र को परीक्षा का मौका दिया जाना चाहिए। सुनवाई के दौरान यूनिवर्सिटी के वकील ने याचिका का कड़ा विरोध किया। उन्होंने कहा कि ऐसे डॉक्टर रखने का कोई उद्देश्य नहीं, जो 15 प्रयासों में भी चार वर्षीय स्नातक कोर्स पूरा नहीं कर पाते हैं। इस पर बेंच ने कहा कि यूनिवर्सिटी के वकील तर्क सैद्धांतिक तौर पर सही हैं, पर लोगों के अधिकार तय कानून द्वारा निर्धारित होते हैं। नियमों के तहत स्टूडेंट (याचिकाकर्ता) के पास परीक्षा में शामिल होने का अवसर बचा है।




पद्म विभूषण

रतन एन टाटा

२८.१२.१९३७ - ०९.१०.२०२४

उद्योग जगत के प्रतीक एवं मानवता के सेवक, रतन एन टाटा के ८८वें जन्मदिवस पर हम उन्हें नमन करते हैं।

TATA

टाटा संस एवं टाटा समूह की कंपनियां

# स्मॉग को 'सीज़न' समझना ही बड़ी गलती है !

TIMES evoke

हमारी ज़िंदगी में सब कुछ सीजन यानी ऋतुओं से जुड़ा है। चाहे खेती हो, छुट्टियां या त्योहार। लेकिन कुदरती मौसम के अलावा हमने अपने युग की देन - सर्दियों में होने वाली काली धुंध (स्मॉग) को भी सीजन से जोड़ लिया है। क्या है इसकी वजह, क्यों इसका उपाय ज़रूरी है और क्या होता है मौसम का हमारे शरीर पर असर? जानते हैं:



## जब लंदन ने खोजा 'स्मॉग' से निपटने का तरीका



**थॉमस स्मिथ** लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में असिस्टेंट प्रफेसर हैं और एनवायरनमेंटल जियोग्राफी पढ़ाते हैं। **सृजना मित्रा दास** से हुई बातचीत में उन्होंने मौसम पर चर्चा की है:

**Q आपने रिसर्च में लिखा है कि एंथ्रोपोसीन युग (जिसमें धरती का भविष्य इंसानी गतिविधियों से तय हो रहा है) में ऋतुएं बदल रही हैं, ऐसा कैसे हो रहा है?**

A मैंने और मेरी को-राइटर फेलिसिया लियू ने धरती पर इंसानों की वजह से हुए तेज बदलावों के साथ-साथ ऋतुओं (सीजन) के बदलते स्वरूप पर रिसर्च की है। हमने साउथ-ईस्ट एशिया में काम किया। जहां हमने देखा कि लोग साल के एक हिस्से को 'धुंध का मौसम' कहते हैं। मलेशिया और सिंगापुर में नियमित रूप से धुआं छा जाता है। यह एक नया दौर है, 1980 के दशक से पहले ऐसा कोई मौसम नहीं था। इसलिए हमने मानव युग में 'उभरती हुई ऋतुओं' के बारे में सोचना शुरू किया और पर्यावरण से जुड़ा डेटा, सैटलाइट से मिली जानकारियों आदि पर रिसर्च की तो हमें कई ऋतुएं मिलीं। फिर हमने पाया कि अगर कुछ सीजन दिख रहे हैं तो कुछ लुप्त भी हो रहे हैं।

**Q इन बदलावों की वजहें क्या है?**

A साउथ-ईस्ट एशिया में कुछ मौसमी बदलाव हमेशा से होते रहे हैं। 'अल नीनो' के बरसों में सामान्य से ज्यादा सूखा पड़ता है। 'ला नीना' के बरसों में सामान्य से ज्यादा नमी रहती है। हालांकि, जब उष्णकटिबंधीय वर्षावन जैसे नम इलाकों में इंडस्ट्रियल खेती होती है, ग्राउंड वॉटर निकाला जाता है तो उन्हीं दिनों में खेतों में आग लगने की घटनाएं होती हैं- यह कुदरती नहीं है। इस तरह की खेती की शुरुआत से पहले आग की घटनाएं नहीं होती थीं। अब मानवीय असर अल नीनो और ला नीना के साथ मिलकर, हर साल धुआं पैदा कर रहा है। हमारी रिसर्च में सामने आए कई नए मौसम एयर पलूशन से जुड़े हैं। नॉर्थ थाईलैंड का धुंध भरा मौसम खेतों में लगाई गई आग से जुड़ा है। दिल्ली का स्मॉग, कारों और इंडस्ट्री के अलावा खेतों की आग से संबंधित है। यह स्मॉग साल के एक खास समय पर दिखता है।

**Q ऐसे में लोगों की प्रतिक्रिया कैसी होती है?**

A साउथ-ईस्ट एशिया में धुंध के मौसम की बात करें तो यह 1990 के दशक से चला आ रहा है। 2000 के दशक में मीडिया में 'धुंध का मौसम (Haze season)' शब्द का इस्तेमाल बढ़ने लगा। इस पर खबरें मोटे तौर पर स्कूलों को बंद करने, मास्क पहनने, वर्क फ्रॉम होम करने और एयर प्यूरीफायर लगाने के बारे में होती हैं। धुंध को 'सीजन' से जोड़ना समस्या को स्वाभाविक बना देता है। फिर लोग मूल वजह पर ध्यान नहीं देते।

**Q क्या आप 'ग्रेट स्मॉग ऑफ लंदन' के बारे में बता सकते हैं?**

A 20वीं सदी की शुरुआत में लंदन के स्मॉग को एंथ्रोपोसीन युग के शुरुआती 'सीजन' में से एक कहा जाता है क्योंकि यह हमेशा सर्दियों में होता था। बड़ी मात्रा में कोयला और लकड़ी जलाने से भारी धुआं निकलता था। सर्दियों में हवा ठंडी होती है इसलिए धुआं जमीन के करीब ही रहता है। इससे बड़े पैमाने पर स्मॉग की घटनाएं हुईं, हर साल हजारों लोग मारे जाते थे। 1950 के दशक की शुरुआत में यह संख्या दसियों हजार लोगों तक पहुंच गई थी। ऐसे घने कोहरे को 'पी सूपर्स (Pea soupers)' कहा जाता था। इसने मीडिया का ध्यान खींचा - इसे राष्ट्रीय कलंक माना गया। उस समय मास्क या एयर प्यूरीफायर के लिए माइक्रोफाइबर तकनीक नहीं थी। इसलिए अनुकूलन के बजाय 1956 में दुनिया का पहला एयरक्वॉलिटी कानून 'स्वच्छ वायु अधिनियम' लागू किया गया। अगले 10 बरसों में कोयला बिजली प्लांट बंद किए गए। स्मॉग धीरे-धीरे गायब होने लगा। घरों में कोयला जलाना बैन हो गया। लंदन में स्मोक कंट्रोल एरिया बने। इस तरह स्मॉग की परेशानी खत्म हुई।





**Q आपने लिखा है कि 'एंथ्रोपोसीन युग में सीजन पॉलिटिकल हैं', ऐसा क्यों?**

A मौसम को लेकर समाज की धारणा काफी हद तक मीडिया और उन समूहों से प्रभावित होती है जिनका हम सम्मान करते हैं। ये समूह मौसमों से जुड़ी कहानियां गढ़ते हैं। हमने यह स्टडी की कि मलेशिया के मीडिया में नेता 'धुंध के मौसम' का इस्तेमाल कैसे करते हैं। वे आमतौर पर कहते हैं, 'चिंता मत करो, यह चला जाएगा, यह सिर्फ 'सीजनल' है। हवा फिर से साफ हो जाएगी।' वे जनता को भरोसा दिलाते हैं और अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेते हैं। हमने यह भी देखा कि बड़ी-बड़ी कंपनियां परेशानी को जड़ से खत्म करने से बचने के लिए बार-बार कहती हैं, 'यह नॉर्मल है, हर साल होता है।' अगर आप लोगों से कहते हैं, 'यह नॉर्मल है' तो वे इसे मानने लगते हैं, बजाय इसके कि वे सोचें कि ऐसा होना ही नहीं चाहिए। ऐसे मामले में 'सीजन शब्द का इस्तेमाल भी पॉलिटिकल है।

## दो ऋतुओं के बदलने पर तेज़ होता है शरीर में रिऐक्शन



**माइकल स्नाइडर** स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी में जेनेटिक्स के प्रफेसर हैं। वह बता रहे हैं कि हमारा शरीर मौसम बदलने को कैसे समझ लेता है:



फेस्टिव सेल, मिठाइयों या रेशमी स्वेटरों को भूल जाएं। आपके शरीर के अंदर मौजूद अणु (molecules) यानी परमाणुओं से बने बेहद सूक्ष्म ढांचे, ये संकेत देने लगते हैं कि ऋतु बदल रही है। यह भी बताते हैं कि आपका शरीर इस बदलाव को कैसे स्वीकार करेगा। इतना ही नहीं, हो सकता है आपका शरीर हमेशा उस पारंपरिक सोच के मुताबिक रिऐक्ट न करे जिसमें साल को वसंत, ग्रीष्म, शरद और शीत ऋतु के 4 हिस्सों में बांटा जाता है। इसके बजाय शरीर अक्सर संक्रमण काल (transitional periods) पर रिऐक्ट करता है, जैसे वसंत के बाद की शुरुआती गर्मी, और शरद के आखिर से शुरुआती सर्दी तक- यह कहना है स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के जीनोमिक साइंटिस्ट माइकल स्नाइडर का, जिन्होंने कैलिफोर्निया में 25 से 75 साल की उम्र के 106 लोगों पर 4 साल तक स्टडी की है।

शरीर मौसम को कैसे समझता है? इस बारे में स्नाइडर कहते हैं, 'हम मानव स्वास्थ्य को समझने के लिए बड़े डेटा का इस्तेमाल करते हैं। हम लोगों को लंबे समय तक ट्रैक करते हैं ताकि बीमारी के उभरने से पहले ही उसे पकड़ा जा सके। मेरे काम का बड़ा हिस्सा वियरेबल डिवाइस से जुड़ा है। वह अपनी बांह दिखाते हैं, जिन पर कई बायोसेंसर लगे हैं - काले, पतले, कुछ-कुछ साइंस फिक्शन फिल्म 'मैट्रिक्स' जैसे जो ब्लड प्रेशर से लेकर ग्लूकोज तक कई आंकड़े रेकॉर्ड कर रहे हैं।



4 की जगह मानव शरीर सिर्फ 2 सीजन पर रिऐक्ट क्यों करता है? इस पर स्नाइडर बताते हैं, 'पहली बात, यह स्टडी कैलिफोर्निया में हुई, जहां सीजन से जुड़ा रिऐक्शन कम उभरता है। दूसरी बात, 4 सीजन दरअसल इंसानों की बनाई हुई कैटिगरी है। शरीर के लिए दो फेज होते हैं, जब बहुत सारे बदलाव एक साथ आते हैं।

**पहला बड़ा बदलाव :** वसंत से शुरुआती गर्मी में, इस वक्त एलर्जी में बढ़ोतरी होती है। HbA1c यानी डायबिटीज से जुड़े मार्कर बढ़ते हैं। सर्दियों में लोग कम सक्रिय रहते हैं। इससे शरीर के मेटाबॉलिज्म में फर्क आता है।

**दूसरा बड़ा बदलाव:** शरद ऋतु से शुरुआती सर्दी में होता है। इसमें इम्यून मॉलिक्यूल्स बढ़ते हैं। शरीर वायरस से लड़ने के लिए तैयार होता है। मुहांसे ज्यादा दिख सकते हैं। ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है।

रिसर्च में यह भी पाया गया कि PER1 नाम का जीन जो सर्केडियन रिदम को कंट्रोल करता है, उसकी सक्रियता भी मौसम के मुताबिक बदलती है। इसके अलावा साइकलॉजिकल असर भी होता है। सर्दियों में धूप कम होने से डिप्रेशन/मेंटल मूड पर असर भी पड़ सकता है। स्नाइडर मानते हैं कि भारत जैसे देश में, जहां कई तरह के मौसम होते हैं, बायोलॉजिकल रेस्पॉन्स अलग हो सकता है। लेकिन वह चेतावनी भी देते हैं कि जलवायु का बदलना दूसरे कारकों को बदल रहा है। यह चिंताजनक है।

## टिप्स, ट्रिक्स, आइडियाज़

**बीते कुछ महीनों में देश के कई हिस्सों में आग की भीषण घटनाएं सामने आई हैं। रिहायशी इमारतों से लेकर फैक्ट्रियों, गोदामों और दुकानों तक, आग ने बरसों की कमाई को कुछ ही घंटों में राख कर दिया। वजह चाहे जो भी हो आग से हुए आर्थिक नुकसान से उबरना आसान नहीं होता। ऐसे में सामने आती है फायर इंश्योरेंस की जरूरत और अहमियत। फायर इंश्योरेंस क्या है, क्यों और किसके लिए जरूरी है? एक्सपर्ट से बात कर जानकारी दे रहे हैं वरुण आनंद**

# क्या आपने लिया है फायर इंश्योरेंस?



मुसीबत बताकर नहीं आती तो बेहतर है मुसीबत के लिए जरूरी तैयारी कर लेना। इसलिए जिस तरह हम अपनी हेल्थ, कार और दूसरी जरूरी चीजों के लिए इंश्योरेंस कराकर रखते हैं ठीक वैसे ही, प्रॉपर्टी, दुकान, फैक्ट्री, गोदाम आदि के लिए फायर इंश्योरेंस लेना भी अहम है।

### क्या है फायदा

फायर इंश्योरेंस ऐसी बीमा पॉलिसी है जो आग लगने पर घर, दुकान, फैक्ट्री, गोदाम या उसमें रखे सामान के नुकसान की भरपाई करती है। आग की घटनाएं अक्सर अचानक होती हैं और इनसे न सिर्फ प्रॉपर्टी को नुकसान पहुंचता है बल्कि उस शख्स या बिजनेस की आर्थिक स्थिति भी खराब हो जाती है। फायर इंश्योरेंस इस जोखिम को कम करता है और मरम्मत, फिर से निर्माण करने के लिए फाइनैंशल सेफ्टी देता है।

**नोट:** इंश्योरेंस क्लेम करते समय पॉलिसी की कॉपी, भरा हुआ क्लेम फॉर्म और आग की घटना का मजबूत सबूत जमा करना होता है।

### ज्यादा जोखिम तो ज़रूरत ज्यादा



फायर इंश्योरेंस उन सभी लोगों और संस्थानों को लेना चाहिए, जिनकी प्रॉपर्टी आग के जोखिम में है। इसमें घर के मालिक, दुकानदार, फैक्ट्री और वेयरहाउस मालिक, ऑफिस या कमर्शल बिल्डिंग के मालिक, होटल, रेस्तरां और मॉल संचालकों के साथ-साथ छोटे और मध्यम कारोबारी भी शामिल हैं। जहां बिजली के इक्विपमेंट, मशीनें, ज्वलनशील सामान, गैस या भारी स्टॉक मौजूद होता है, वहां आग लगने का खतरा ज्यादा रहता है। ऐसे में फायर इंश्योरेंस न सिर्फ बड़ी कंपनियों के लिए बल्कि आम लोगों और छोटे बिजनेस वालों के लिए भी सुरक्षा कवच का काम करता है।

### कितनी तरह की पॉलिसी

घरों के लिए फायर इंश्योरेंस अलग से नहीं होता है। होम इंश्योरेंस में फायर कवर शामिल है। इसके लिए 'भारत गृह रक्षा पॉलिसी' कराई जाती है। बिजनेस के लिए 3 अलग फायर इंश्योरेंस पॉलिसी हैं:

**1 छोटे दुकानदारों के लिए**
भारत सूक्ष्म उद्यम सुरक्षा पॉलिसी, यह उन छोटे बिजनेस और प्रॉपर्टी के लिए होती है जिनकी वैल्यू 5 करोड़ रुपये तक होती है।

**2 मिड-साइज कारोबार के लिए**
भारत लघु उद्यम सुरक्षा पॉलिसी, उन कारोबारियों के लिए है, जिनकी इंश्योरेंस के तहत तय की गई प्रॉपर्टी की कीमत 5 से 50 करोड़ रुपये तक है।

**3 बड़ी इंडस्ट्री के लिए**
स्टैंडर्ड फायर एंड स्पेशल पेरिल्स पॉलिसी, यह 50 करोड़ रुपये से ज्यादा की प्रॉपर्टी के लिए ली जा सकती है।

**नोट:** पहली दो पॉलिसी में बिल्डिंग, मशीनरी, स्टॉक को आग से होने वाले नुकसान को कवर किया जाता है। वहीं, तीसरी पॉलिसी में आग के साथ दूसरे जोखिमों से होने वाला नुकसान भी कवर होता है।

**कंपनियां:** IFFCO Tokio General Insurance, National Insurance Company, SBI General Insurance, Oriental Insurance Company इनके अलावा और कंपनियां भी हैं।

### एक्सपर्ट पैनल



**अमिताभ दीवान**
हेड लार्ज रिस्क्स, पॉलिसीबाजार फॉर बिजनेस



**नितिन पाण्डेय**
इंश्योरेंस एक्सपर्ट, चेयरमैन, इंस्टापॉलिसी इंश्योरेंस ब्रोकिंग

### क्या-क्या होता है कवर

1. आग लगने से प्रॉपर्टी को हुआ नुकसान।
2. बिजली गिरने से अगर बिल्डिंग या छत में किसी भी तरह का नुकसान हो।
3. आग से हुए विस्फोट से प्रॉपर्टी को नुकसान।
4. विमान से गिरी किसी चीज या हवाई उपकरण से लगी आग से हुआ नुकसान।
5. दंगा, हड़ताल या टेररिस्ट ऐक्टिविटी की वजह से प्रॉपर्टी को हुआ नुकसान।
6. आंधी, तूफान, चक्रवात जैसी प्राकृतिक आपदाओं से प्रॉपर्टी को पहुंचा नुकसान।
7. भूस्खलन या चट्टान खिसकने से प्रॉपर्टी को हुए नुकसान का कवर भी फायर इंश्योरेंस देता है।
8. पानी की टंकी फटने या ओवरफ्लो होने से हुए प्रॉपर्टी के नुकसान का मुआवजा भी मिलता है।
9. झाड़ियों या पौधों में लगी आग से हुआ नुकसान भी पॉलिसी में आता है।

**नोट:** जंगल में लगी आग से हुआ नुकसान फायर इंश्योरेंस में शामिल नहीं होता।

### एक्सट्रा प्रीमियम देकर बढ़ा सकते हैं दायरा

कुछ चीजें फायर इंश्योरेंस में पहले से शामिल नहीं होती हैं। एक्सट्रा प्रीमियम देकर कुछ ऐड-ऑन कवर लिए जा सकते हैं। जैसे: भूकंप कवर, मलबा हटाने का खर्च, जंगल की आग, आग लगने के बाद किराये से होने वाली इनकम बंद होने पर उसका मुआवजा, नुकसान के बाद कारोबार दोबारा शुरू करने में आने वाला शुरुआती खर्च, नुकसान के दौरान दूसरी जगह रहने का खर्च, घर रहने लायक न रहने पर टेम्पररी आवास का खर्च, टेम्परेचर में बदलाव से स्टॉक का नुकसान, लीकेज या पलूशन से प्रॉपर्टी या स्टॉक को हुआ नुकसान, मरम्मत या फिर से बनाने के लिए आर्किटेक्ट, इंजीनियर और सर्वेयर की फीस आदि।

### क्या-क्या इंश्योरेंस कवर से बाहर

1. जानबूझकर किया गया नुकसान
2. कोल्ड स्टोरेज में टेंपरेचर बदलने से नुकसान
3. जंग या जंग जैसे हालात में हुआ नुकसान
4. पलूशन, केमिकल का असर या किसी भी तरह से दूषित होने पर प्रॉपर्टी को हुआ नुकसान
5. आग से सीधे नुकसान के अलावा होने वाले इनडायरेक्ट लॉस जैसे बिजनेस बंद होने का घाटा
6. क्लेम दाखिल करने या उसके डॉक्यूमेंट तैयार करने में आने वाला खर्च
7. जिस प्रॉपर्टी या बिल्डिंग का इंश्योरेंस कराया है अगर वह 30 दिन से ज्यादा समय से खाली है
8. किसी खास इलेक्ट्रिक मशीन को हुआ नुकसान
9. शॉर्ट सर्किट से हुआ नुकसान
10. बिजली के लीकेज या करंट फैलने से नुकसान

**नोट:** इनमें से कुछ को एक्स्ट्रा प्रीमियम देकर ऐड-ऑन में लिया जा सकता है।

**कितना आता है खर्च:** मान लें, अगर घर दिल्ली में है और उसकी मार्केट वैल्यू 1 करोड़ रुपये है और उसमें 20 लाख रुपये का सामान है तो इसके लिए होम इंश्योरेंस पॉलिसी की शुरुआत सालाना करीब 2300 रुपये से होती है। वहीं, दुकान, फैक्ट्री आदि के लिए फायर इंश्योरेंस ले रहे हैं तो अगर बिल्डिंग की कीमत 1 करोड़ रुपये है, उसमें रखे सामान की कीमत 10 लाख रुपये और उसमें बिजनेस के लिए रखे सामान की कीमत 10 लाख रुपये है तो पॉलिसी की शुरुआत सालाना करीब 60 हजार रुपये से होगी।

### ऐसे करें चुनाव

कौन-सी पॉलिसी लेनी है और उसमें क्या ऐड-ऑन कराने हैं, यह अलग-अलग जरूरतों पर निर्भर करता है। अपनी जरूरत के मुताबिक पॉलिसी लेने के लिए ऊपर बताई पॉलिसी देने वाली कंपनियों की वेबसाइट पर जाकर उनके प्लान देख सकते हैं या फिर policybazaar.com की वेबसाइट पर जाकर अलग-अलग पॉलिसी की तुलना कर सकते हैं। अगर घर के लिए इंश्योरेंस पॉलिसी लेनी है तो home.policybazaar.com पर जाएं। यहां खुले पेज पर नाम और नंबर भरने के बाद क्या-क्या कवर करना है उसे चुनने के बाद View Prices पर क्लिक करें। अब आपकी जरूरत के मुताबिक पॉलिसी खुल जाएगी। वहीं, अगर दुकान, फैक्ट्री, गोदाम आदि के लिए पॉलिसी देख रहे हैं तो sme.policybazaar.com पर जाएं। यहां पेज पर सामने कई ऑप्शन में से Fire & Burglary के ऑप्शन पर क्लिक करें। नए खुले पेज पर नाम, मोबाइल नंबर डालकर View Plans Instantly पर क्लिक करें। नए पेज पर तमाम ऑप्शन होंगे, जैसे दुकान, ऑफिस, रेस्टोरेंट, हॉस्पिटल आदि कहां के लिए इंश्योरेंस लेना है। चुनने के बाद अगले पेज पर बिल्डिंग, स्टॉक और कॉन्टेंट की कीमत पूछी जाएगी, जिसका इंश्योरेंस करवाना है। इसके बाद पॉलिसी के ऑप्शन सामने आ जाते हैं।



## अक्षय खन्ना को दृश्यम के मेकर ने भेजा नोटिस



अक्षय खन्ना 'दृश्यम 3' से अलग होने को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म के प्रोड्यूसर कुमार मंगत पाठक ने कहा कि अक्षय के बाहर होने से उन्हें नुकसान हुआ है। इसके लिए उन्होंने लीगल नोटिस भेजा है। उन्होंने कहा, 'वह सेट तोड़ दिया गया है। मैं इसके लिए अक्षय से मुआवजा जरूर लूंगा।'

# पनवेल के फार्महाउस पर करीबियों संग भाई का बड्डे



@manieshpaul

सलमान खान ने अपना 60वां जन्मदिन फैंस और अपने करीबियों के साथ धूमधाम से मनाया। सलमान ने जन्मदिन की शुरुआत पैपराजी और फैंस के साथ केक काट कर की। वहीं दूसरी ओर सलमान खान के बर्थडे पर मुंबई शहर भी जश्न में शामिल नजर आया। इस मौके पर बांद्रा-वर्ली सी लिंक को खास तरह से रोशन किया गया और शानदार तरीके से सलमान को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

जन्मदिन पर उनके पनवेल स्थित फार्महाउस में बर्थडे पार्टी रखी गई थी जिसमें परिवार और करीबी दोस्त पहुंचे। पार्टी में सलमान के माता-पिता और परिवार के बाकी सदस्य मौजूद थे। दोस्तों में रणदीप हुड्डा, जेनेलिया देशमुख, एमएस धोनी, मनीष पॉल आदि सितारे शामिल हुए। सलमान के बर्थडे पर कटरीना कैफ ने भी सोशल मीडिया पर उन्हें बधाई दी।

@katrinakaif

Tiger Tiger Tiger....
Happiest 60th Birthday
To the Super Human that you are...May everyday be full of Love and Light









# एपी ढिल्लों के कॉन्सर्ट में झूमे तारा-संजू बाबा

एपी ढिल्लों के मुंबई में हुए कॉन्सर्ट में अचानक से तारा सुतारिया और संजय दत्त की एंट्री ने सबको चौंका दिया है। इवेंट के दौरान तारा सुतारिया स्टेज पर पहुंचीं तो एपी ढिल्लों ने उनके साथ डांस किया।

इससे जुड़े एक विडियो में तारा एपी ढिल्लों साथ स्टेज पर नजर आ रही हैं, वहीं एक अन्य विडियो में उनके बॉयफ्रेंड वीर पहाड़िया स्टेज के नीचे खड़े दिख रहे हैं। इसी दौरान का एक विडियो भी सामने आया है जिसमें एपी ढिल्लों तारा को कैजुअल किस करते दिख रहे हैं। इसी कॉन्सर्ट में संजय दत्त ने भी खूब रंग जमाया। जैसे ही संजू बाबा स्टेज पर आए, तो एपी ने पहले उनकी तारीफ की। एपी ने संजय के बारे में कहा, 'यो मुंबई, इस ऐक्टर के लिए जोरदार शोर मचाओ।' एपी ने स्टेज पर संजय दत्त के पैर भी छुए। इस पर संजय ने कहा, 'यह मेरा छोटा भाई है।'



एपी ढिल्लों के साथ स्टेज पर तारा सुतारिया

संजय दत्त के साथ एपी ढिल्लों

# फैमिली संग प्रियंका मना रही हैं छुट्टियां

प्रियंका चोपड़ा ने नए साल का सेलिब्रेशन शुरू कर दिया है। वह इन दिनों अपने पति और परिवार के साथ छुट्टियां बिता रही हैं। उन्होंने इस दौरान की कुछ तस्वीरें एक विडियो के रूप में साझा कीं। इन तस्वीरों में उनके पति निक जोनस और बेटी मालती मैरी चोपड़ा जोनस का प्यारा रिश्ता नजर आ रहा है। कहीं पर निक गिटार हाथ में लिए गाना गा रहे हैं तो कहीं पर वह मालती के खिलौने ठीक करते हुए दिख रहे हैं। इस पोस्ट को शेयर करते हुए प्रियंका ने लिखा, 'यह सचमुच साल का सबसे अच्छा समय है। सभी को हैप्पी हॉलीडेज।'

इस विडियो में उनके क्रिसमस सेलिब्रेशन की तस्वीरें भी दिखाई दे रही हैं। फोटो देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि उन्होंने क्रिसमस अपने घर पर ही सेलिब्रेट किया है।



## मेगा मुंबई

# फायर ब्रिगेड ने 25 होटल समेत 1221 स्थानों का किया इंस्पेक्शन

### जांच के दौरान 59 प्रॉपर्टी मालिकों के ख़िलाफ़ की गई कार्रवाई

NBT, रिपोर्ट, मुंबई

**नए साल के** जश्न को लेकर होटल, रेस्टोरेंट, पब, बार, क्लब, रूफटॉप, पार्टी हॉल, समुद्र तट और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर बड़े पैमाने पर कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। ऐसे में आग लगने की आशंका और जान-माल के नुकसान को देखते हुए बीएमसी प्रशासन ने पहले से ही सतर्कता बढ़ा दी है। इसी कड़ी में मुंबई फायर ब्रिगेड द्वारा 'विशेष अग्निसुरक्षा मुहिम' शुरू की गई है, ताकि किसी भी तरह की अनहोनी को समय रहते रोका जा सके।

बीएमसी की इस विशेष अग्निसुरक्षा मुहिम के तहत 22 से 26 दिसंबर 2025 के बीच मुंबई के अलग-अलग हिस्सों में 1221 स्थानों की जांच की गई। इनमें 10 मॉल, 25 होटल, 59 लॉजिंग-बोर्डिंग, 19 रूफटॉप स्थल, 148 पब-बार-क्लब, 12 पार्टी हॉल, 5 जिमखाना और 628 रेस्टोरेंट शामिल हैं। जांच के दौरान कुल 59 प्रॉपर्टी मालिकों के खिलाफ कार्रवाई की गई, जबकि 20 को नोटिस जारी कर सुधार के निर्देश दिए गए।

**नियमों का पालन न करने पर 20 प्रॉपर्टी मालिकों को जारी किया नोटिस**

**22 दिसंबर से 28 दिसंबर 2025 तक चलाया जा रहा है विशेष अभियान**

**BMC कमिश्नर भूषण गगरानी के निर्देश पर हो रही है जांच-पड़ताल**




निरीक्षण के दौरान सुरक्षा इंतजामों की गहन जांच

मुंबई फायर ब्रिगेड के अनुसार, यह विशेष अभियान 22 दिसंबर से 28 दिसंबर 2025 तक चलाया जा रहा है। यह मुहिम बीएमसी आयुक्त एवं प्रशासक भूषण गगरानी के निर्देश पर और अतिरिक्त आयुक्त अश्विनी जोशी के मार्गदर्शन में चलाई जा रही है। निरीक्षण के दौरान फायर सेफ्टी उपकरणों की उपलब्धता, आपातकालीन निकास मार्ग, फायर अलार्म सिस्टम, स्प्रिंकलर व्यवस्था, वैध लाइसेंस और अन्य सुरक्षा इंतजामों की गहन जांच की जा रही है।

**बर्दाश्त नहीं की जाएगी लापरवाही : जोशी**

अतिरिक्त आयुक्त अश्विनी जोशी ने कहा, नववर्ष के दौरान नागरिकों की सुरक्षा बीएमसी की प्राथमिकता है। जिन जगहों पर फायर सेफ्टी में कमी पाई गई है, वहां महाराष्ट्र अग्न प्रतिबंधक एवं जीवन सुरक्षा उपाय अधिनियम, 2006 के तहत कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बीएमसी के अनुसार, यह अभियान 28 दिसंबर तक जारी रहेगा और इसके बाद भी मुंबई फायर ब्रिगेड द्वारा नियमित निरीक्षण और सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## हिंदू संगठनों ने धर्मांतरण का प्रयास कर दिया विफल

■ NBT न्यूज, वसई : वसई पश्चिम सनसिटी मैदान में लास्ट होप नाम की संस्था द्वारा येशु जन्मोत्सव के मौके पर बड़ी संख्या में हिंदुओं के धर्मांतरण की मंशा से कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस तरह का आरोप विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और अन्य हिंदू संगठनों लगाया है।

**सैकड़ों हिंदुओं पर दबाव बनाकर उनका धर्मांतरण कराने का लगाया आरोप**

आरोप है कि कार्यक्रम में अंधश्रद्धा को बढ़ाने का भी प्रयास किया गया। आयोजकों द्वारा एक ड्रामा प्रस्तुत किया गया, जिसमें थैलेसीमिया के मरीज को बिना डॉक्टर और दवाई के सिर्फ प्रार्थना से ठीक कर वहां मौजूद व नियोजनपूर्वक लाए गए हिंदुओं पर भावनात्मक दबाव बनाकर उनको धर्मांतरण की तरफ प्रेरित करने का गैरकानूनी व असंवैधानिक प्रयास किया गया। इस बात की सूचना जब विहिप व अन्य हिंदू संगठनों को मिली, तो उन्होंने पुलिस-प्रशासन से मिलकर इस विषय पर चर्चा की। पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए तुरंत कार्रवाई की और लास्ट होप संस्था द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम को तुरंत निरस्त किया। विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से अंधश्रद्धा और प्रलोभन द्वारा धर्मांतरण करने वाली संस्थाओं पर तुरंत कानूनी कार्रवाई करने की मांग की।

# HC की निर्माणाधीन बिल्डिंग को मिल सकता है स्टॉप वर्क का नोटिस

### AMC ने प्रदूषण फैलाने वाली कंस्ट्रक्शन साइट्स का किया दौरा

Neeraj.Tiwari@timesofindia.com

**मुंबई :** बॉम्बे हाई कोर्ट की कड़ी टिप्पणी के बाद बीएमसी प्रशासन हरकत में आ गया है। शहर में बढ़ते वायु प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए बीएमसी कमिश्नर और एडिशनल कमिश्नर खुद मैदान में उतरे और प्रदूषण फैलाने वाली कंस्ट्रक्शन साइट्स का दौरा कर हालात का जायजा लिया। अधिकारियों ने साफ निर्देश दिए कि एयर क्वालिटी इंडेक्स (AQI) से जुड़ी सभी गाइडलाइन का सख्ती से पालन किया जाए, वरना काम बंद करने से लेकर भारी जुर्माने तक की कार्रवाई की जाएगी।

शनिवार को बीएमसी के एडिशनल कमिश्नर अविनाश ढाकणे ने बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (BKC) में चल रहे बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट और गवर्नमेंट कॉलोनी में निर्माणाधीन बॉम्बे हाई कोर्ट की नई बिल्डिंग का साइट विजिट किया। दोनों ही प्रोजेक्ट में नियमों के उल्लंघन का मामला सामने आया था। बीएमसी ने पहले ही बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट को स्टॉप वर्क नोटिस जारी किया था, जबकि बॉम्बे हाई कोर्ट की बिल्डिंग के लिए कारण बताओ नोटिस भेजा गया था। मुंबई में बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर बॉम्बे हाई कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए बीएमसी और महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल (MPCB) को कड़ी फटकार लगाई थी। सोमवार से बुधवार तक चली सुनवाई के दौरान कोर्ट की सख्ती के बाद बीएमसी ने सभी बड़े कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट्स का निरीक्षण करने का फैसला लिया। बीएमसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, बुलेट ट्रेन कंस्ट्रक्शन साइट पर स्टॉप वर्क नोटिस के बाद कुछ गाइडलाइन का पालन शुरू किया गया है, लेकिन अब भी इनमें कई खामियां हैं।



**गाइडलाइन का नहीं हो रहा है पालन**

उधर, गवर्नमेंट कॉलोनी में निर्माणाधीन बॉम्बे हाई कोर्ट की बिल्डिंग में भी अब तक AQI गाइडलाइन का पालन नहीं किया जा रहा है। 20 दिसंबर को कारण बताओ नोटिस जारी किए जाने के बावजूद सुधार नहीं हुआ है और जल्द ही निर्माण कार्य बंद कराने की कार्रवाई की जाएगी। वहीं, बीएमसी कमिश्नर भूषण गगरानी ने भी शहर के कई कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट्स का निरीक्षण किया।

**तीन दिनों में जारी हुए 48 वर्क स्टॉप नोटिस**

BMC ने 3 दिनों में करीब 200 कंस्ट्रक्शन साइट का इंस्पेक्शन किया और 48 प्रोजेक्ट्स को स्टॉप वर्क नोटिस जारी किया गया है। इनमें मुंबई कई बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट के नाम शामिल हैं। शनिवार को BMC ने सिर्फ एक वर्क स्टॉप नोटिस जारी किया, जबकि 9 शोकॉज नोटिस जारी किए। इसके अलावा प्रशासन एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग सिस्टम की भी जांच कर रहा है।

## तपोवन एक्सप्रेस में नकली टिकट निरीक्षक गिरफ्तार

**NBT न्यूज, कल्याण :** मनमाड़ से सीएसटी आ रही तपोवन एक्सप्रेस में एक नकली टिकट निरीक्षक को पकड़े जाने का मामला सामने आया है। यात्री की शिकायत पर असली टिकट निरीक्षक फर्जी निरीक्षक को पकड़ लिया और कल्याण रेलवे पुलिस में उसके खिलाफ मामला दर्ज कराया।

**कल्याण रेलवे पुलिस ने केस दर्ज कर शुरू की जांच**

अरविंद कुमार साहनी नामक मुख्य टिकट निरीक्षक तपोवन एक्सप्रेस की बोगी नंबर डी-3 में टिकट चेक कर रहे थे। तभी एक यात्री आया और उसने साहनी को बताया, उसकी बोगी में भी एक टीसी टिकट चेक कर रहा है। इस पर मुख्य टिकट निरीक्षक अपने सहकर्मियों के साथ डी-5 बोगी में पहुंचे, तो उन्होंने देखा एक शख्स यात्रियों का टिकट चेक कर रहा है। जब उससे आईडी कार्ड मांगा गया, तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। सुरेंद्र रामेंद्र मौर्य नाम का यह आरोपी उत्तर प्रदेश के गाजीपुर का है। कल्याण रेलवे पुलिस ने सुरेंद्र को अरेस्ट कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

## अज्ञात वाहन से बाइक की टक्कर, एक की मौत

**NBT न्यूज, वसई :** मुंबई-अहमदाबाद हाईवे पर चिंचोटी के पास एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई, वहीं एक अन्य युवक घायल हो गया है। जानकारी के अनुसार, कामन-चिंचोटी रोड, चिंचोटी स्थित गोरात पाड़ा निवासी अमन विनोद शर्मा (22) गुरुवार देर रात अपने दोस्त बलराम जनाडे (26) के साथ बाइक से बियर लेने जा रहा था। जैसे ही दोनों ने बियर शॉप से सर्विस रोड के लिए यूटर्न लिया, तभी वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में अमन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि जनाडे घायल हो गया। नायगांव पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज जांच शुरू कर दी है।

## शादी डॉटकॉम पर दोस्ती कर युवती से किया बलात्कार

■ **NBT न्यूज, नालासोपारा :** नालासोपारा पश्चिम में रहने वाली 20 वर्षीय युवती ने आरोप लगाया है कि बेंगलुरु में रहने वाले शख्स ने 2024 में उससे शादी डॉटकॉम पर दोस्ती की और शादी करने का झांसा देकर उसे बेंगलुरु बुलाया, जहां उसने उसके साथ बलात्कार किया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया, युवती ने आरोप लगाया है कि मई 2024 में बेंगलुरु में रहने वाले 22 वर्षीय युवक से उसकी शादी डॉटकॉम पर दोस्ती हुई। उसके बाद युवक ने उसे मिलने के लिए बेंगलुरु बुलाया और शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार रेप किया।



शिकायत के बाद पुलिस कर रही मामले की जांच

# सड़क के किनारे लंबे समय से खड़े वाहनों के खिलाफ़ ऐक्शन शुरू

### नवी मुंबई महानगर पालिका ने वाहनों पर चिपकाए नोटिस

■ NBT, न्यूज, नवी मुंबई

**नवी मुंबई में** सड़कों पर लंबे समय से खड़ी पुरानी गाड़ियों के खिलाफ महानगर पालिका अब ऐक्शन मोड में आ गई है। सानपाड़ा और तुर्भे वॉर्ड क्षेत्र में सड़क किनारे अवैध रूप से खड़ी इन गाड़ियों के कारण यातायात बाधित हो रहा था, जिससे वाहन चालकों और स्थानीय नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। कई स्थानों पर इन वाहनों की वजह से रोजाना ट्रैफिक जाम की स्थिति बन रही थी।

**वाहन मालिकों को 24 घंटे के अंदर सड़क से गाड़िया हटाने की चेतावनी**

इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए महानगर पालिका के तुर्भे विभाग ने अभियान चलाकर सड़कों पर खड़ी पुरानी गाड़ियों की पहचान शुरू कर दी है। मनपा अधिकारियों ने बताया, सड़क किनारे लंबे समय से खड़ी गाड़ियों पर नोटिस चिपकाए जा रहे हैं। नोटिस के जरिए वाहन मालिकों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि वे 24 घंटे के भीतर अपनी गाड़ियां सड़क से हटा लें।

मनपा प्रशासन ने चेतावनी दी है कि समय-सीमा के भीतर वाहन नहीं हटाने पर संबंधित वाहन मालिक पर जुर्माना लगाया जाएगा। साथ ही जरूरत पड़ने पर वाहन को जब्त कर मनपा के डिपो में ले जाया जा सकता है। यह कार्रवाई मोटर वाहन अधिनियम और नगर पालिका के नियमों के तहत की जा रही है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन के इस कदम का स्वागत किया है और मांग की है कि यह अभियान नियमित रूप से चलाया जाए, जिससे शहर की सड़कों को अतिक्रमण और अवैध पार्किंग से मुक्त किया जा सके।



## स्टेट अपडेट

### पूर्व मंत्री देशमुख की जयंती पर CM फडणवीस का हुआ सम्मान

■ **आईएएनएस, अमरावती :** अमरावती में शनिवार को पूर्व कृषि मंत्री और शिक्षा महर्षि डॉ. पंजाबराव उर्फ भाऊसाहेब देशमुख की 127वीं जयंती बड़े सम्मान और गरिमा के साथ मनाई गई। इस मौके पर शहर के श्री शिवाजी शारीरिक शिक्षण महाविद्यालय के मैदान में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी इस कार्यक्रम में शिरकत की। इस मौके पर श्री शिवाजी शिक्षण संस्था की ओर से सीएम देवेंद्र फडणवीस को डॉ. पंजाबराव देशमुख मेमोरियल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सीएम ने शिव संस्था मैगजीन का विमोचन भी किया।

### सत्तारूढ़ पार्टी लाना चाहती है रावण राज

■ **भाषा, नासिक :** शिवसेना (UBT) नेता और राज्य के पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे ने कुंभ मेला-2027 की तैयारियों के तहत नासिक में पेड़ों की कटाई की प्रस्तावित योजना को लेकर शनिवार को बीजेपी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, सत्तारूढ़ पार्टी शहर में 'रावण राज' लाना चाहती है। नासिक में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए ठाकरे ने कहा, अगर भाजपा के मन में राम होते, तो उन्होंने तपोवन को नहीं काटा होता। वह उस जमीन को बिल्डरों को देना चाहती है। उन्होंने दावा किया कि पार्टी का हिंदुत्व अधिक राजनीतिक है।

# मरीज़ की पिटाई का आरोप, डॉक्टर के समर्थन में हड़ताल

■ भाषा, शिमला : हिमाचल प्रदेश में मरीज के साथ कथित रूप से मारपीट करने पर एक डॉक्टर की सेवा समाप्त कर दी गई थी। प्रदेश के रेजिडेंट डॉक्टर्स इसके विरोध में उतर आए हैं। शनिवार को डॉक्टरों के अनिश्चितकालीन हड़ताल की वजह से राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं पर असर पड़ा। इमरजेंसी सेवाओं को छोड़कर अन्य चिकित्सा सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हो गईं। इस मामले में डॉक्टरों का तर्क है कि 48 घंटे के भीतर डॉक्टर को बर्खास्त करना उचित नहीं था। हड़ताल के कारण अस्पतालों में डॉक्टरों की गैर मौजूदगी से मरीजों और उनके तीमारदारों, विशेष रूप से दूर-दराज के इलाकों से आने वाले लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।



हड़ताल की वजह से पूरे हिमाचल में मेडिकल सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुईं।


TIMES interact — To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

भर्ती

भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति

लेखा

लेखा और वित्त

40 years old finance Co at Lower Parel engaged in Shares, Mfunds, Investment needs experienced male for Accounts, Taxation, ROC compliance. Retired/ Part time may also be considered. Mail CV with expected salary to hr@mitt.in

अन्य रिक्तियां

सामान्य

VALVE Manufacturer Rabale, Vacancy for Sales, Stores, QC-Prod Sup Rqd - Valve Ind Exp 2-3 years. Mail ur resume to info@vibafluidcontrol.com, 7208184646. Mumbai & Navi Mumbai Candidates only apply

अकादमिक

सामान्य

LA MARTINIERE GIRLS' COLLEGE, LUCKNOW

INVITES APPLICATIONS FOR POSTS FOR LADY STAFF IN VARIOUS DEPARTMENTS OF THE COLLEGE.

Assistant Teachers (Only Ladies may apply)

ICSE/ISC - Chemistry, History, Computer Applications

Junior School- (To teach all subjects except Hindi)

Junior/Senior- Art/ Any other Subject

Non Teaching Staff

Matron, Assistant Housekeeper (Only Ladies may apply)

Office Assistant (Male/ Female may apply)

Application forms and details regarding the qualification, experience, preferences, etc shall be made available on the College Website (www.lamartinieregirlscollegelko.com) from 10.00 a.m. on 29th December, 2025 to 11th January, 2026

टेंडर और नोटिस

निविदाएं (टेंडर्स)

PRE-QUALIFICATION TENDER NOTICE

SHRI POORNA PRAJNA EDUCATION CENTRE invites Pre-Qualification (PQ) applications from reputed Turnkey Contractors for construction of a CBSE School Building on Turnkey basis in its Premises at Bharucha Road, Dahisar-East, Mumbai-400068.

Tentative Built-up Area: >80000 Sq.ft.

Scope of work : Civil, architectural finishes, MEP services, external development, furnishing & statutory compliances.

Eligibility criteria of the applicant:
- Avg. annual turnover ≥ INR 50 Cr (last 5 years)
- Should have completed a minimum 3 institutional / commercial projects (≥50,000 Sq.ft.) individually / jointly.
- At least 1 completed turnkey project.

Positive net worth in excess of at least Rs.10.00 Crores.

A brief one-page profile to submit while collecting the PQ document

Important Dates:
- PQ Document Collection: 29.12.2025 - 01.01.2026
- PQ Submission: 05.01.2026

Collect Pre-Qualification applications from: Shri Poorna Prajna Education Centre, Bharucha Road, Dahisar-East, Mumbai-68.

Contact : 9082486281

Note: Only pre-qualified bidders will be invited for RFP. No financial bids at this stage. The Trust reserves the right to accept or reject any application. Jurisdiction: Mumbai Courts.

Sd/- Chief Executive Officer

THE TIMES OF INDIA

Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

प्रॉपर्टी

प्रॉपर्टी ऐक्सेसरीज

लीज और किराए पर

INDUSTRIAL. Rent Available. MIDC Navi Mumbai Gr 6000 3000 fst flr 3000 mazz ttl 11,000 sqft Power 100 HP cont 9833694360 9820862940

बिजनेस

BUSINESS OFFERS

खुद की टूरिस्ट कार लेकर हर महिना अपेक्षित 1.5 लाख से 2 लाख का पैकेज पाए। हम आपका बिज़नेस स्थापित करेंगे। 7715051130/ 9820925129

TO ADVERTISE IN THIS SECTION CALL JITESH DOMINIC: 9867407521

NBT स्मृति यादों के चिराग

आकस्मिक निधन

उठावना

आपका सद्गुण, प्रेरणास्त्रोत एवं व्यवहार सदैव स्मरणीय रहेगा





अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी पूजनीया

श्रीमति सुरुचि मूंदड़ा

(धर्मपत्नी स्व.श्री विजय कुमार मूंदड़ा)

का स्वर्गवास 26.12.2025 को मुम्बई में हो गया है।

-: बैठक :-

रविवार, 28.12.2025 दोपहर 3 से 5 बजे तक

स्थान : पोडियम, सिल्वर लीफ सोसाइटी, आकुर्ली रोड, आकुर्ली देवी मंदिर के पास, कांदिवली ईस्ट, मुंबई - 400101

-: शोकाकुल :-

दादाजी : जगदीश प्रसाद

काकाजी : श्याम सुंदर

देवर : शरद मूंदड़ा, नवल किशोर, नंदकिशोर

पुत्र: आशुतोष, पवन, आदित्य

पौत्र: श्लोक मूंदड़ा

ननद-नंदोई : पुष्पा-रामकिशोर जी डागा, मधु-भरत जी मोदानी, शोभा-परेश जी देसाई

एवं समस्त मूंदड़ा परिवार

संपर्क : आदित्य मुम्बई 93248 34341

शरद मूंदड़ा-9414135661

प्रार्थना सभा

शोक संदेश





अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि विनोद कावरा की माताजी

श्रीमती पुष्पलता कावरा

(धर्मपत्नी-स्वर्गीय राधेश्यामलाल कावरा) का स्वर्गवास शुक्रवार दि. 26 दिसंबर 2025 को हो गया है।

।। उठावना ।।

रविवार, दि. 28 दिसंबर 2025 शाम 4 से 6 बजे तक

स्थान: पाश्वनाथ, एमसीए ग्राउंड के पास, सत्या नगर, कांदिवली (प) मुंबई-400 067

।। शोकाकुल ।।

राधेश्याम, कैलाशचंद्र, गोविंद, राजाराम, नरेन्द्र, सुनील, विनोद, राजेश, अक्षय, धार्मिक, निकुंज एवं समस्त कावरा परिवार चित्तौड़गढ़ (राज.)

पीहर पक्ष: अजय एवं पंकज माहेश्वरी। ठाकुरद्वार, चर्नी रोड।

पीहर पक्ष का उठावना संयुक्त रखा गया है।

-: संपर्क सूत्र :-

विनोद कावरा - 99672 57587

अक्षय कावरा - 88798 76615

TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: JAI SARSAR 9867505472

RAJESHWARI MAHESH SINGHAL

(Passed away peacefully on 23 December)





Husband
Mahesh Singhal

Son: Punit Singhal, Amit Singhal, Nitin Singhal

Daughter in laws: Sangeeta singhal, Esha Singhal, Riya Singhal

Grand children: Laksh Singhal, Krish Singhal, Riaan singhal

UTHAVANI/ SHRADDHANJALI SABHA

30 December 2025 Tuesday 4-6 pm followed by High Tea.

Veera Banquet, Fairfield by Marriott, B-43, New Link Road, opp. City Mall, Andheri West.

PUNIT 9833487012

NITIN 9104251829

TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: JAI SARSAR 9867505472


# उन्नाव रेप केस में संसद के आगे प्रदर्शन, कई हिरासत में लिए गए

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

उन्नाव रेप मामले को लेकर संसद भवन के सामने शनिवार शाम को भी प्रदर्शन हुआ। 'हमें न्याय कब मिलेगा?' की तख्तियों के साथ महिलाओं ने इस प्रदर्शन में उन्नाव रेप सर्वाइवर समेत अंकिता भंडारी के लिए भी आवाज उठाई। इस बीच दिल्ली पुलिस ने उन्हें हटाने की कोशिश की और आखिर में प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया।

प्रदर्शन की अगुआई कर रहीं महिला अधिकार एक्टिविस्ट योगिता भयाना ने कहा कि हम संसद भवन के प्रांगण में ही तो बैठे थे, हम ना ही कोई क्रिमिनल या आतंकवादी हैं कि पुलिस हमें घसीटकर डिटेन कर ले गई। उन्होंने कहा कि संसद भवन के बाहर धरने पर बैठना कोई शौक नहीं, मजबूरी है। जब बेटियों को न्याय नहीं मिलता, तब आवाज बनना जरूरी हो जाता है। रेप मामले में आरोपी बीजेपी नेता कुलदीप सिंह सेंगर को बेल देने के विरोध में कई दिन से दिल्ली में प्रदर्शन हो रहे हैं।

योगिता ने कहा कि जब से प्रदर्शन हुए हैं, तब सीबीआई ऐक्शन में आई, जबकि यह पहले ही करना चाहिए था। उन्होंने कहा, यह प्रदर्शन सिर्फ उन्नाव पीड़िता के लिए नहीं, बल्कि उत्तराखंड की अंकिता भंडारी समेत उन सभी महिलाओं का साथ देने के लिए, जिन्हें पावरफुल लोगों ने प्रताड़ित किया।

प्रदर्शन में स्टूडेंट्स असोसिएशन और महिला संगठन से भी महिलाएं शामिल हुईं। प्रदर्शनकारियों ने कहा, योगिता भयाना समेत ऑल इंडिया स्टूडेंट्स असोसिएशन की ऑल इंडिया प्रेसिडेंट नेहा, ऑल इंडिया प्रोग्रेसिव वुमंस असोसिएशन की प्रेसिडेंट श्वेता को भी पुलिस ने हिरासत में लिया और फिर मंदिर मार्ग थाने ले गए। इस मामले में रविवार को भी इंडिया गेट पर महिलाओं के एक प्रदर्शन की तैयारी है।

PTI



रविवार को भी इंडिया गेट के सामने प्रदर्शन करने की तैयारी है।

## कार्यकर्ता, कांग्रेस नेता भी हिरासत

उन्नाव रेप मामले में शनिवार को संसद परिसर के पास प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस नेता मुमताज पटेल समेत कई सामाजिक कार्यकर्ताओं और प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया गया। पुलिस वालों ने संसद परिसर के पास प्रदर्शनकारियों को प्रदर्शन करने से मना किया और उन्हें वहां से हटने को कहा। हटने से मना करने पर उन्हें हिरासत में ले लिया गया।

# हिरासत में लगी थी गोली, हिस्ट्रीशीटर की जान गई

■ NBT रिपोर्ट, देहरादून

मुजफ्फरनगर के गांव खाईखेड़ी निवासी कुख्यात हिस्ट्रीशीटर विनय त्यागी की एम्स ऋषिकेश में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस अभिरक्षा में गोली लगने के बाद उसकी हालत गंभीर हो गई थी, जिसके बाद उसे एम्स में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों की टीम ने ऑपरेशन कर उसकी गर्दन और हाथ में फंसी गोली निकाल दी थी, लेकिन गोली लगने से उसकी आंतें फट गई थीं। हालत बिगड़ने पर उसे आईसीयू में वेंटिलेटर पर रखा गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

विनय त्यागी को एक अक्टूबर को देहरादून पुलिस ने लाखों रुपये की नकदी और जेवर चोरी के मामले में गिरफ्तार किया था। हरिद्वार में पहले से दर्ज मुकदमों के कारण उसे 12 दिसंबर को रुड़की कारागार भेजा गया था। बुधवार दोपहर पुलिस की टीम उसे पेशी के लिए लक्सर कोर्ट ले जा रही थी। टाटा सूमो वाहन में छह पुलिसकर्मी उसके साथ थे। लक्सर रेलवे ओवरब्रिज पर जाम के दौरान बाइक सवार दो नकाबपोश बदमाशों ने पुलिस वाहन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी और हथियार लहराते हुए फरार हो गए।

पुलिस ने इस हमले में शामिल दोनों आरोपियों सनी यादव उर्फ शेरा और अजय को खानपुर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। विनय त्यागी मेरठ का हिस्ट्रीशीटर था।

AI Image



लाखों के कैश और जेवर चोरी में विनय त्यागी को गिरफ्तार किया था

# MP में बीजेपी नेता ने 5 को रौंदा, 2 मौतें

■ भाषा, मुरैना: भारतीय जनता युवा मोर्चा के एक नेता की तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से 11 साल एक बच्चे और एक बुजुर्ग की मौत हो गई। यह घटना मध्य प्रदेश के मुरैना जिले के पोरसा क्षेत्र में शुक्रवार रात हुई। पुलिस ने शनिवार को बताया कि कार चला रहे दीपेंद्र भदौरिया को घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने पकड़ लिया। वह बीजेपी युवा मोर्चा के पोरसा शहर मंडल अध्यक्ष है।

# बिहार में अंगीठी के धुएं से चार की मौत

■ आईएएनएस, छपरा: बिहार के सारण जिले में अंगीठी के धुएं से दम घुटने से चार लोगों की मौत हो गई। वे ठंड से बचने के लिए कमरे में अंगीठी जलाकर सोए थे। पुलिस के अनुसार, परिवार के पांच अन्य की हालत गंभीर बनी हुई है। मृतकों में कमलावती देवी (70), तेजांश (3), मासूम अध्या, और नौ महीने की गुड़िया शामिल हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पहली पत्नी के रहते दूसरी शादी, कॉन्स्टेबल की बर्खास्तगी बरकरार

NBT 2 मिनट में पढ़ें

Rajesh.Choudhary@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) के एक कॉन्स्टेबल की बर्खास्तगी को बरकरार रखा है। उन्हें पहली शादी के रहते हुए दूसरी शादी करने के कारण सर्विस से हटा दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने अनुशासनात्मक कार्रवाई के तहत बर्खास्तगी के फैसले को सही ठहराया है।

शीर्ष अदालत ने सेवा मामलों में न्यायिक समीक्षा के सीमित दायरे पर जोर दिया। हाई कोर्ट द्वारा सजा को हल्का करने के फैसले को पलट दिया और CISF अधिकारियों के अनुशासनात्मक निष्कर्षों को बहाल कर दिया।

यह मामला CISF के एक कॉन्स्टेबल के खिलाफ शुरू की गई अनुशासनात्मक कार्यवाही से संबंधित है, जो जुलाई 2006 में फोर्स में भर्ती हुआ था। मार्च 2016 में, कॉन्स्टेबल की पहली पत्नी ने CISF अधिकारियों को एक लिखित शिकायत दी, जिसमें आरोप लगाया गया कि उसने पहली शादी के रहते हुए दूसरी शादी कर ली है और उसने पत्नी और उनकी नाबालिग बेटी की उपेक्षा भी की है। शिकायत के बाद, CISF नियम के तहत विभागीय जांच का आदेश दिया गया, जिसमें जीवित जीवनसाथी के रहते दूसरी शादी करना सेवा शर्तों का गंभीर उल्लंघन और घोर कदाचार माना गया है। अनुशासनिक अधिकारी ने आरोपों को सही पाया और 1 जुलाई 2017 को वरिष्ठ कमांडेंट ने कॉन्स्टेबल को सेवा से बर्खास्त कर दिया। इसके बाद यह मामला हाई कोर्ट और फिर सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था।

हाई कोर्ट ने मामले को अनुशासनिक प्राधिकारी को वापस भेजते हुए कम दंड देने के निर्देश दिए। वहीं सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजय करोल और जस्टिस विपुल एम. पंचोली की बेंच अनुशासनात्मक कमिटी के बर्खास्तगी के फैसले को बरकरार कर दिया।

FILE



सुप्रीम कोर्ट ने HC के फैसले को पलटा, सेवा मामलों में न्यायिक समीक्षा के सीमित दायरे पर जोर दिया

# पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में में 13 आतंकी मारे गए

■ भाषा, कराची: पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने बलूचिस्तान प्रांत में खुफिया जानकारी पर आधारित दो अभियानों में बैन विद्रोही समूहों से जुड़े 13 आतंकियों को मार गिराया है। सेना की मीडिया शाखा 'इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस' ने शनिवार को यह जानकारी दी। बयान के अनुसार, कोहलू में बृहस्पतिवार को भारी गोलीबारी के बाद सुरक्षा बलों ने पांच आतंकवादियों को मार गिराया।





# 2025 का टेक रिव्यू

*2025 में टेक की दुनिया में नए और कई अहम बदलाव हुए। स्मार्ट चश्मे से लेकर फोन के पर्सनल असिस्टेंट बनने जैसे कई नए प्रोडक्ट्स चर्चा का विषय बनें।*



## एआई-स्मार्टफोन्स का दौर (The AI-Phone Era)

2025 में स्मार्टफोन की पहचान उसके कैमरे से नहीं, बल्कि उसकी एआई क्षमता से होने लगी। सैमसंग और एप्पल ने फोन को 'पर्सनल असिस्टेंट' में बदल दिया है। अवांछित लोगों को हटा देते हैं, आपकी आवाज में कॉल अटेंड भी करते हैं

## स्मार्ट ग्लासेस का फैशन

स्मार्टवॉच के बाद अब स्मार्ट चश्मा सबसे पॉपुलर गैजेट बन गया है। मेटा (Ray-Ban Meta) और अन्य ब्रांड्स के चश्मे अब आम दिखते हैं, लेकिन उनमें इन-बिल्ट कैमरा, स्पीकर और एआई है। लोग अब चश्मे से ही कई काम कर रहे हैं।





## 'रोबोटैक्सी' का क्रेज (Rise of Autonomous Rides)

शहरों में कैब बुलाने का अनुभव बदल रहा है। वेमो (Waymo) और टेस्ला की बिना ड्राइवर वाली टैक्सियां अब केवल अमेरिका तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर चर्चा का विषय हैं। भारत जैसे देशों में भी ऑटोनॉमस ड्राइविंग के एआई फीचर्स बजट कारों में बेहद लोकप्रिय हो गए।



## एआई क्रिएटिविटी: 'प्रोम्प्ट' बना नया हुनर

सोरा (Sora) और क्लिंग (Kling) जैसे वीडियो एआई टूल्स ने आम लोगों को भी फिल्म मेकर बना दिया। अब सोशल मीडिया पर आधे से ज्यादा कंटेंट (रील्स और इमेज) एआई की मदद से बनाए जा रहे हैं।

## 6G की दस्तक और सैटेलाइट कनेक्टिविटी

इंटरनेट अब 'डेड जोन' से मुक्त हो गया है। 6G पर काम तेज हुआ है, लेकिन उससे भी बड़ी बात यह है कि पहाड़ों या समुद्र के बीच फंसे होने पर भी अब साधारण फोन से सैटेलाइट कॉलिंग मुमकिन हो गई है। इंटरनेट अब हवा की तरह हर जगह मौजूद है।





## गेमिंग में 'इमर्सिव रियलिटी'

गेमिंग अब केवल स्क्रीन पर बटन दबाना नहीं रहा। मिक्स्ड रियलिटी (MR) गेमिंग हेडसेट्स इतने हल्के और सस्ते हो गए हैं कि लोग अपने ड्राइंग रूम को ही गेमिंग का मैदान बना रहे हैं। हैप्टिक सूट्स (Haptic Suits) के जरिए अब गेम के अंदर की हलचल को शरीर पर महसूस करना पॉपुलर हो गया है।

## पर्सनलाइज्ड हेल्थ गियर (Bio-Hacking Gadgets)

अपनी सेहत को ट्रैक करना अब एक जुनून बन गया है। ऐसी स्मार्ट रिंग्स (Smart Rings) और पैच आ गए हैं जो हर समय आपके ग्लूकोज लेवल, स्ट्रेस और नींद की गहराई को ट्रैक करते हैं। 'बायो-हैकिंग' अब केवल एथलीट्स के लिए नहीं, बल्कि आम फिटनेस फ्रीक्स के बीच लोकप्रिय है।



# रोचक ढंग से गणित की पढ़ाई, GST निकालने के तरीके सिखाएंगे

## NCERT की 8वीं की किताब 'गणित प्रकाश' का भाग-2 जारी हुआ

Bhupender.Sharma@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : स्कूली शिक्षा पर कई सर्वे में गणित विषय को लेकर छात्रों के डर की बात सामने आई थी। इसके बाद राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (NCERT) ने गणित की किताबों में कई नए और रोचक प्रयोग किए हैं। 8वीं क्लास की किताब 'गणित प्रकाश' (Ganita Prakash) का भाग दो जारी किया गया है। किताब तैयार करने का आधार यही है कि व्यावहारिक जीवन में गणित हर जगह है। किसी सामान को खरीदने, रेस्टोरेंट में खाना खाने के बिल में जीएसटी केल्कुलेशन कैसे की जाती है, खाने के सामान में मसालों के अनुपात को गणित से कैसे जोड़ा जाता है, ऐसे तरीकों से गणित को सिखाने की रोचक पहल की गई है।

**स्टूडेंट्स की वैचारिक समझ मजबूत करने की कोशिश :** प्राचीन भारत के गणितज्ञों और उनकी उपलब्धियों को नई किताब में शामिल किया गया है। NCERT का कहना है कि कहानियों, पहेलियों और भारतीय विरासत का इस्तेमाल किया गया है ताकि स्टूडेंट्स की वैचारिक समझ मजबूत हो। नई किताब में बौधायन-पाइथागोरस को शामिल किया गया है। यह थ्योरम प्राचीन भारतीय गणितज्ञ बौधायन (करीब 800 ईसा पूर्व) की देन है, जो पाइथागोरस से सदियों पहले था, इसलिए इसे बौधायन-पाइथागोरस थ्योरम कहते हैं। प्राचीन परंपरा से लेकर आधुनिक सुधारों के बारे में किताब में बताया गया है। जीएसटी के बारे में छात्रों को 8वीं क्लास में ही जानकारी दी गई है। चाहे एक किताब खरीदें या लैपटॉप खरीदें, उसके बिल में जीएसटी भी होता है। छात्रों को पढ़ाया जाएगा कि यह जीएसटी कैसे कैलकुलेट किया जाता है। एक्सेल शीट के मॉडर्न टूल्स के बारे में जानकारी मिलेगी।

AI Image



> रोजमर्रा की जिंदगी से जोड़कर गणित को रोचक तरीके से छात्रों को समझाया जा सकता है। इससे छात्रों को आसानी से गणित विषय समझ आएगा और वे इस विषय को बिना किसी डर के पढ़ेंगे
>
> - प्रो. दिनेश प्रसाद सकलानी, डायरेक्टर, NCERT

## 8वीं क्लास तक की नई किताबें आईं

NCERT ने पहली से 8वीं क्लास तक की नई किताबें जारी कर दी हैं। 8वीं क्लास की सोशल साइंस की किताब का भाग दो भी तैयार है। सेशन 2026-27 सेशन शुरू होने से पहले 9वीं से 12वीं तक की क्लासेज की नई किताबें आ जाएंगी। NCERT अब 9वीं, 10वीं, 11वीं और 12वीं क्लास के सभी विषयों के लिए किताबें तैयार करने में जुटा है। 11वीं के लिए एक ब्रिज कोर्स भी होगा। NCERT के डायरेक्टर ने कहा, नई किताबें नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क (NCF-SE) के आधार पर तैयार की गई हैं।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 28-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP13 User: cci Time: 12-27-2025 22:58 Color:





यह मुश्किल मैच था। 50-60 रन और होते तो शायद हम जीत जाते। इंग्लैंड ने आज सुबह अच्छी बोलिंग की और फिर आक्रामक बैटिंग की। गेंदबाजों के पक्ष में कुछ ज्यादा ही पलड़ा भारी रहा, दो दिनों में 36 विकेट लेना बहुत ज्यादा है। - स्टीव स्मिथ, कप्तान, ऑस्ट्रेलिया

**642**

बॉल चला था साउथ अफ्रीका और भारत के बीच 2024 में हुआ केप टाउन टेस्ट। यह टेस्ट इतिहास में किसी पूर्ण मैच (जिसका नतीजा निकला हो) में सबसे कम गेंदें फेंके जाने का रेकॉर्ड है

## स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया को ऑस्ट्रेलियाई धरती पर कितने टेस्ट मैच के बाद हराया है? A) 19 B) 16 C) 18 D) 20
2. मुस्ताफिजुर रहमान को आगामी IPL सीजन के लिए किस टीम ने खरीदा है? A) कोलकाता नाइटराइडर्स B) चेन्नै सुपरकिंग्स C) गुजरात टाइटंस D) दिल्ली कैपिटल्स

**कल के जवाब**
1. B) 36 2. A) गुजरात

**लकी WINNER**



1. इशिका, तैमूर नगर, दिल्ली
2. मनोज यादव, गुड़गांव, हरियाणा
3. नवनीत गुप्ता, गाजियाबाद, यूपी

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे।

### इंग्लैंड ने 4 विकेट से विजय हासिल कर खत्म किया ऑस्ट्रेलिया में जीत का सूखा

# 14 साल का इंतज़ार, दो दिन में खत्म

**ऑस्ट्रेलिया Vs इंग्लैंड**
चौथा टेस्ट, दूसरा दिन

■ **एजेंसियां, मेलबर्न:** ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ 2011 के बाद से ही अपनी जमीं पर दबदबा बनाया हुआ था और पिछले 14 साल से इस मेहमान टीम को अपने घर पर 18 में से एक भी मुकाबला नहीं जीतने दिया था। इन 18 में से ऑस्ट्रेलिया ने 16 टेस्ट अपने नाम किए थे, जबकि दो मुकाबले ड्रॉ रहे थे। इंग्लैंड की ऑस्ट्रेलिया में आखिरी जीत जनवरी 2011 में आई थी। इंग्लैंड इस साल एशेज शुरू होने से पहले भी सीरीज जीत की उम्मीद लेकर आया था, लेकिन शुरुआती तीन मैच में हार झेलने के बाद ऐसा लगा कि टीम को एक बार फिर ऑस्ट्रेलिया से बिना जीत ही घर लौटना होगा। लेकिन मेलबर्न में खेले गए सीरीज के चौथे टेस्ट में इंग्लैंड का यह 14 साल का इंतजार महज दो दिन में खत्म हो गया। बॉक्सिंग-डे टेस्ट के दूसरे ही दिन इंग्लैंड ने मेजबान ऑस्ट्रेलिया पर चार विकेट से जीत दर्ज कर ली।

**129 सालों में पहली बार:** इस जीत के साथ ही इंग्लैंड ने न सिर्फ एशेज में क्लीन स्वीप की ऑस्ट्रेलियाई उम्मीदों पर पानी फेरा, बल्कि कठिन दौरे में एक सुखद अध्याय भी जोड़ लिया। ऑस्ट्रेलिया ने पहले ही 11 दिनों के भीतर एशेज अपने नाम कर ली थी, लेकिन इंग्लैंड ने दो दिन में चौथा टेस्ट जीतकर जोरदार जवाब दिया। इससे पहले पर्थ में भी पहला टेस्ट दो दिन में खत्म हुआ था, जो 129 वर्षों में पहला अवसर रहा जब एक ही सीरीज के दो टेस्ट दो-दो दिन में समाप्त हुए। ऑस्ट्रेलिया सीरीज में 3-1 से आगे है।

**किया काउंटर अटैक:** ऑस्ट्रेलिया की टीम पहली पारी में 152 रन पर सिमट गई थी और दूसरी पारी में भी 132 रन ही बना सकी। इंग्लैंड को जीत के लिए 175 रन का लक्ष्य मिला, जिसे उसने छह विकेट खोकर हासिल कर लिया। पहली पारी में 110 रन पर आउट होने वाली इंग्लैंड की टीम ने दूसरी पारी में संयम और आक्रामकता का संतुलित प्रदर्शन किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की शुरुआत तेज रही। बेन डकेट (34) और जाक क्राउली (37) ने शुरुआती दबाव को कम किया। क्राउली ने जैकब बेथेल (40) के साथ अहम साझेदारी निभाई। हैरी ब्रुक (18* रन) और जेमी स्मिथ (3*) ने धैर्य दिखाते हुए टीम को जीत तक पहुंचाया। तेज गेंदबाजों के अनुकूल मेलबर्न पिच पर दो दिनों में कुल 36 विकेट गिरे। इंग्लैंड की ओर से ब्रायडन कार्स ने दूसरी पारी में 34 रन देकर चार विकेट झटके, जबकि स्टोक्स ने 24 रन देकर तीन विकेट लिए।





जेमी स्मिथ (बाएं) के साथ हैरी ब्रुक





अब तक यह दौरा काफी कठिन रहा है। हमने जिस तरह से प्रदर्शन किया वह शानदार था। इतने लंबे समय बाद ऑस्ट्रेलिया में जीतने वाली टीम का हिस्सा बनना अच्छा है। एक बहुत अच्छी ऑस्ट्रेलियन टीम को हराना, इसका बहुत सारा क्रेडिट खिलाड़ियों, स्टाफ और मैनेजमेंट को जाता है। - बेन स्टोक्स, इंग्लिश कप्तान

**852** गेंद चला यह टेस्ट मैच। यह ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी में बॉल के लिहाज से खेला गया तीसरा सबसे छोटा टेस्ट मैच है

**129** साल बाद किसी एक द्विपक्षीय टेस्ट सीरीज में एक से ज्यादा मैच दो दिन में खत्म हुए हैं

**479** बॉल का ही सामना कर सकी ऑस्ट्रेलिया की टीम दोनों पारियां मिलाकर। यह 1928 ब्रिस्बेन टेस्ट के बाद सबसे कम है

**ब्रीफ स्कोर**
**ऑस्ट्रेलिया:** 152 रन, **इंग्लैंड:** 110 रन, **ऑस्ट्रेलिया:** 34.3 ओवर्स में 132 रन (ट्रैविस हेड 46, स्टीव स्मिथ 24*, ब्रायडन कार्स 4/34)
**इंग्लैंड:** 32.2 ओवर्स में 178/6 (जैकब बेथेल 40, जैक क्राउली 37, जाय रिचर्डसन 2/22)

**NBT Lens** खबरों के अंदर की बात

### चौथे टूर पर रूट को मिली जीत

इंग्लैंड की इस जीत ने कई दिग्गजों का ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट जीतने का सपना भी पूरा कर डाला। बेन स्टोक्स और जो रूट ने क्रमशः 13 और 18 टेस्ट के बाद यहां जीत का स्वाद चखा। इस जीत से पहले स्टोक्स दो अवे एशेज सीरीज खेल चुके थे और उन्हें एक भी जीत नसीब नहीं हुई थी। रूट के लिए निराशा ज्यादा बड़ी थी। उन्होंने साल 2013 में पहली बार ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया था और तब से वह यहां जीत तलाश कर रहे थे। इस बीच उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में तीन एशेज सीरीज खेली थी और उन्हें चौथी सीरीज में जाकर पहली जीत मिली।

## स्पोर्ट्स @2026
सबसे बड़ा चैलेंज



# मेसी का मिशन अमेरिका

**39** साल के हो चुके होंगे लियोनेल मेसी अगले साल फीफा वर्ल्ड कप के समय

दो मैच खेल चुका होगा उस समय तक अर्जेंटीना, कतर वर्ल्ड कप जीतने के बाद चर्चा तेज कि मेसी इंटरनेशनल फुटबॉल को अलविदा कह देंगे। लेकिन हर अनुमान गलत साबित उन्होंने खिताब की रक्षा की तैयारी दो साल पहले से। अगले वर्ल्ड कप का खिताबी मुकाबला भी अमेरिका में ही खेला जाना है।

**सबसे बड़ा सवाल**

**30** साल से अधिक के मेसी समेत कुल नौ खिलाड़ी अर्जेंटीना की टीम में हैं क्वालिफाइंग मुकाबले खेलने वाली टीम में

**2003** जुलाई में अमेरिका की इंटर मियामी टीम से जुड़े, वहां उनका साथ अर्जेंटीना के सबसे करीबी भरोसेमंद मिडफील्डर रॉड्रिगो डी पॉल भी हैं

थियागो अलमाडा, जूलियन अल्वारेज, एंजो फर्नांडिस जैसे दमदार युवा खिलाड़ी टीम में



**48** टीम पहली बार फीफा वर्ल्ड कप में खेलेंगी और तीन देश, अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको, संयुक्त रूप से मेजबानी करेंगे

अर्जेंटीना के सामने चुनौतियां तो हैं, लेकिन वर्ल्ड नंबर-2 टीम फिर से प्रबल दावेदारी में शामिल होगी।

# रोनाल्डो का सपना



**22** मैच खेले हैं क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने फीफा वर्ल्ड कप में अब तक। हालांकि, उन्होंने वर्ल्ड कप में सिर्फ आठ गोल ही दागे हैं

फुटबॉल के महानतम खिलाड़ियों में शुमार क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अपने करियर में लगभग हर बड़ी उपलब्धि हासिल की है, सिवाय फीफा वर्ल्ड कप ट्रॉफी के। यही वजह है कि 41 साल की उम्र में भी वह एक बार फिर अपने अधूरे सपने को पूरा करने के लिए मैदान पर उतरने को तैयार हैं। यह उनका छठा वर्ल्ड कप होगा। पुर्तगाल अब तक वर्ल्ड कप में सिर्फ एक बार, 1966 में, तीसरे स्थान पर रहा है, जबकि रोनाल्डो का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2006 में आया था, जब टीम चौथे स्थान पर पहुंची थी। वर्ल्ड रैंकिंग्स में छठे स्थान पर काबिज पुर्तगाल के पास एक संतुलित और दमदार टीम है।

**इनकी दावेदारी भी मजबूत**

**स्पेन**
**2025** का अंत दुनिया की नंबर-1 टीम के रूप में, मौजूदा यूरोपियन चैंपियन

**फ्रांस**
**8** का अंत दुनिया की नंबर-1 टीम के रूप में, मौजूदा यूरोपियन चैंपियन

**ईस्ट बंगाल जीता**

■ **कल्याणी:** मौजूदा चैंपियन ईस्ट बंगाल एफसी ने इंडियन विमिंस लीग में गढ़वाल यूनाइटेड को 2-1 से हराया। टीम को 22वें मिनट में सुलांजना राउल ने बढ़त दिलाई, जिसे फाजिला इक्वायुट ने 63वें मिनट में दोगुना किया। गढ़वाल के स्थानापन्न मौनिशा सिंघा ने 72वें मिनट में गोल किया।

**ड्रेपर हुए बाहर**

■ **लंदन:** ब्रिटेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी जेक ड्रेपर चोट के कारण अगले महीने होने वाले ऑस्ट्रेलियन ओपन में नहीं खेलेंगे। वर्ल्ड रैंकिंग्स में 10वें स्थान पर काबिज ड्रेपर बांह की हड्डी की चोट से उबर रहे हैं।

**भारत Vs श्रीलंका**
टी20I सीरीज, चौथा मैच

## दबदबा कायम रखने उतरेगी भारतीय टीम

■ **एजेंसियां, तिरुवनंतपुरम:** पहले तीन मुकाबले जीतकर सीरीज अपने नाम कर चुकी भारतीय महिला क्रिकेट टीम रविवार को श्रीलंका के खिलाफ चौथे टी20I में भी दबदबा बरकरार रखने के इरादे से उतरेगी। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय टीम ने फिलहाल 3-0 की अजेय बढ़त बनाए हुए है। भारतीय वर्चस्व का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि टीम ने अब तक लक्ष्य का पीछा करते हुए किसी भी मैच में 14.4 ओवर से ज्यादा बल्लेबाजी नहीं की, तीन से अधिक विकेट नहीं गंवाए और 129 रन से बड़े लक्ष्य का सामना नहीं किया। इस सफलता की नींव मजबूत गेंदबाजी रही है। दीप्ति शर्मा ने दो मैचों में चार विकेट झटके हैं, जबकि रेणुका सिंह ने तीसरे टी20 में चार विकेट लेकर श्रीलंकाई बैटिंग की कमर तोड़ दी। शेफाली वर्मा 2 अर्धशतक जमा चुकी है।



विकेट लेते ही दीप्ति शर्मा महिला टी20I में सर्वाधिक विकेट लेने वाली प्लेयर बन जाएंगी। अभी वह मेगन शूट (151 विकेट) के साथ संयुक्त रूप से टॉप पर है

## जीत के बावजूद पिच से नाखुश दिखे स्टोक्स

■ **एजेंसियां, मेलबर्न:** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने शनिवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (MCG) की उस पिच पर तीखी प्रतिक्रिया दी, जिस पर दो दिन में ही टेस्ट मैच समाप्त हो गया। स्टोक्स ने कहा कि अगर ऐसी पिच दुनिया के किसी और हिस्से में होती, तो उस पर जमकर आलोचना होती। स्टोक्स के समर्थन में उनके पूर्व साथी केविन पीटरसन और पूर्व भारतीय क्रिकेटर दिनेश कार्तिक भी सामने आए। उन्होंने भी MCG की पिच की आलोचना की और इस ओर इशारा किया कि जब भारत में स्पिनरों को ज्यादा विकेट मिलते हैं, तो भारतीय पिचों की चुनिंदा तरीके से आलोचना की जाती है।

**द एशेज रिएक्शंस**

हालांकि इंग्लैंड ने यह मैच चार विकेट से जीता, लेकिन स्टोक्स का मानना था कि यह बॉक्सिंग डे टेस्ट के अनुरूप पिच नहीं थी। मैच के बाद मीडिया से बात करते हुए स्टोक्स ने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो यह वैसा नहीं है जैसा आप चाहते हैं। बॉक्सिंग-डे टेस्ट मैच है और आप नहीं चाहेंगे कि मुकाबला दो दिन से भी कम समय में खत्म हो जाए। यह आदर्श नहीं है। लेकिन एक बार मैच शुरू हो जाने के बाद आप इसे बदल नहीं सकते, आपको सामने मौजूद हालात में ही खेलना होता है।'



AFP
मैच के बाद पैट कमिंस और बेन स्टोक्स

**'भारत ही निशाने पर क्यों'**

स्टोक्स ने संकेत दिया कि अगर इस तरह विकेटों की बरसात दुनिया के किसी और हिस्से में होती, तो आलोचक तुरंत सक्रिय हो जाते। स्टोक्स ने कहा, 'अगर ऐसा कहीं और हुआ होता, तो बवाल मच जाता। पांच दिन में खेले जाने वाले मैचों के लिए यह सबसे अच्छी चीज नहीं है।' जब उनसे विशेष रूप से पूछा गया कि क्या वह एशिया की स्पिन-फ्रेंडली पिचों की बात कर रहे हैं, तो उन्होंने कहा, 'ये आपके शब्द हैं, मेरे नहीं।' इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन ने भी एक्स पर लिखा, 'जब टेस्ट के पहले दिन विकेटों की झड़ी लगती है, तो भारत को हमेशा निशाना बनाया जाता है। मुझे उम्मीद है कि ऑस्ट्रेलिया को भी वही जांच-पड़ताल झेलनी पड़ेगी।'

**आज रॉयल्स-सूरमा मैच से होगा आगाज**

■ **एजेंसियां, रांची:** रांची रॉयल्स रविवार से शुरू हो रहे चार टीमों के महिला हॉकी इंडिया लीग के दूसरे सीजन में मजबूत शुरुआत करने के इरादे से उतरेगी। वहीं, सूरमा हॉकी क्लब की नजरें खिताब पर टिकी होंगी।

## चेस: गुकेश, अर्जुन, कार्लसन टॉप पर

**फिडे वर्ल्ड रैपिड चैंपियनशिप**

■ **एजेंसियां, दोहा:** क्लासिकल चेस के मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश और भारत के अर्जुन एरिगैसी ने वर्ल्ड नंबर-1 मैग्नस कार्लसन के साथ फिडे वर्ल्ड रैपिड चैंपियनशिप के पहले दिन संयुक्त बढ़त बना ली। पहले पांच दौर के बाद यह तिकड़ी 4.5 अंक के साथ शीर्ष पर है। फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव और रूस के व्लादिस्लाव आर्टेमिएव भी इतने ही अंकों के साथ संयुक्त रूप से पहले स्थान पर हैं। कार्लसन ने टूर्नामेंट की दमदार शुरुआत की और पहले चार मुकाबले जीतकर लय दिखाई, लेकिन पांचवें और आखिरी दौर में एरिगैसी ने उन्हें ड्रॉ पर रोक दिया।



डी गुकेश
SOCIAL MEDIA

## वर्ल्ड कप के लिए म्हात्रे को मिली टीम की कमान

**अंडर-19 मेंस वर्ल्ड कप**

■ **एजेंसियां, मुंबई:** बोर्ड ऑफ कंट्रोल फॉर क्रिकेट इन इंडिया (BCCI) ने जनवरी-फरवरी में जिंबाब्वे और नामीबिया में होने वाले अंडर-19 वर्ल्ड कप के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम का ऐलान कर दिया है। आयुष म्हात्रे को टीम की कमान सौंपी गई है, जबकि विहान मल्होत्रा उप-कप्तान होंगे। हालांकि कलाई की चोट के कारण ये दोनों खिलाड़ी वर्ल्ड कप से पहले होने वाले साउथ अफ्रीका दौरे पर नहीं जा पाएंगे। तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए साउथ अफ्रीका दौरे में युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी भारत की कप्तानी करेंगे, जबकि आरोन जॉर्ज को उप-कप्तान बनाया गया है। यह सीरीज 3, 5 और 7 जनवरी को बेनोनी में खेली जाएगी। BCCI ने बताया कि म्हात्रे और मल्होत्रा चोट प्रबंधन के लिए बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिपोर्ट करेंगे और इसके बाद वर्ल्ड कप टीम से जुड़ेंगे। भारत 15 जनवरी को बुलावायो में अमेरिका के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। इसके बाद 17 जनवरी को बांग्लादेश और 24 जनवरी को न्यूजीलैंड से मैच होगा।



कप्तान आयुष म्हात्रे

**अंडर-19 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम**
आयुष म्हात्रे (कप्तान), विहान मल्होत्रा (उप-कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, आरोन जॉर्ज, वेदांत त्रिवेदी, अभिज्ञान कुंडु (विकेटकीपर), हरवंश सिंह (विकेटकीपर), आरएस अंबरीश, कनिष्क चौहान, खिलान पटेल, मोहम्मद एनान, हेनिल पटेल, डी दीपेश, किशन कुमार सिंह, उधव मोहन

## मुस्ताफिजुर के खेलने पर दी चेतावनी

■ **एजेंसियां, उज्जैन:** आईपीएल 2025 के लिए हुई नीलामी में केकेआर ने बांग्लादेश के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान को खरीदा था। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले की घटनाओं की वजह से उज्जैन के साधुओं ने धमकी देते हुए कहा है कि अगर लीग के दौरान मुस्ताफिजुर रहमान को खेलने दिया गया तो वे पिच को नुकसान पहुंचाएंगे और मैचों में बाधा डालेंगे। उज्जैन के महाकालेश्वर महादेव मंदिर के मुख्य पुजारी महावीर नाथ ने पत्रकारों से कहा, 'बांग्लादेशी खिलाड़ी के मैच रोकने के लिए तपस्वी योद्धा स्टेडियम में घुस जाएंगे। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे जुल्म को नजरअंदाज किया जा रहा है। भारत में वहां के क्रिकेटरों को खेलने की इजाजत कैसे दी गई?'



**क्रिकेट कनेक्ट**

**मैच से पहले कोच की मौत:** बांग्लादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल) में राजशाही वॉरियर्स के खिलाफ मुकाबले से ठीक पहले ढाका कैपिटल्स के असिस्टेंट कोच महबूब अली जकी की मौत हो गई। ढाका कैपिटल्स नए सीजन में पहला मैच खेलने जा रही थी, जिससे कुछ मिनट पहले जकी मैदान पर गिर गए और उनकी मौत हो गई।

## 12 राशियां और आपका दिन

**ARIES** 21 Mar - 19 Apr
आज का दिन शुभ है। सायंकाल से रात्रि तक पत्नी व बच्चों के साथ आस-पास की यात्रा का योग है। आज व्यापार में प्रगति से आपको काफी हर्ष होगा। वैवाहिक जीवन भी आज आनंददायक बीतेगा। विद्यार्थियों को मानसिक बोझ से छुटकारा महसूस होगा। उनकी मेहनत रंग लाएगी।

**TAURUS** 20 Apr - 20 May
राशि स्वामी शुक्र की अष्टम आयु भाव में स्थिति और चंद्रमा का मीन राशि पर संचार आश्चर्य और संतोष देने वाला है। किसी परिणाम से भी हर्ष होगा। रात्रि का समय प्रियजन संग हास्य-विनोद में व्यतीत होगा। दिनभर भागदौड़ रहने से थकान महसूस करेंगे। शाम का समय रिलैक्स करने में बिताएं।

**GEMINI** 21 May - 21 Jun
राशि अधिपति बुध षष्ठम भाव में तथा चंद्रमा मीन राशि का है। इसके फलस्वरूप आज जो भी काम आप करेंगे वह सफलता भी ही जाएगा। व्यर्थ के कार्यों में अपना समय बर्बाद न करें। सुधार में कटौती करना बहुत आवश्यक है। कार्यक्षेत्र में आपकी तरक्की देख विरोधियों का मनोबल गिरेगा।

**CANCER** 22 Jun - 22 July
राशि से द्वादश व्यय भाव में मिथुन राशि का गुरु और नवम भाव में चंद्रमा आज सर्वत्र सफलता देने वाला है। पराक्रम वृद्धि से शत्रुओं का मनोबल गिरेगा। घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। दूसरों की मदद करने से सुकून मिलेगा। सायंकाल में किसी प्रियजन से मिलने का अवसर प्राप्त हो सकता है।

**LEO** 23 July - 22 Aug
राशि का स्वामी सूर्य द्वितीय पंचम भाव में तथा अष्टम भाव में चंद्रमा। इनसे व्यावहारिक सुख-भोग, सम्मान वृद्धि, भाग्य विकास का योग बन रहा है। आज के दिन नई खोजों में रुचि बढ़ेगी। पुराने मित्रों के मिलने से नई आशाओं का संचार होगा, घर में उत्सव जैसा माहौल बनेगा। समय का आनंद उठाएं।

**VIRGO** 23 Aug - 22 Sep
आज किसी प्रिय व्यक्ति के स्वास्थ्य को लेकर आप चिंतित रहेंगे। उसके लिए कुछ पैसों का इंतजाम भी करना पड़ सकता है। काम का भार भी आज कुछ ज्यादा अनुभव करेंगे। अपने जूनियर्स से काम निकालने के लिए मधुर वाणी का प्रयोग करें। घर में भी वातावरण हल्का फुल्का बनाए रखें।

**LIBRA** 23 Sep - 22 Oct
आज का दिन मिलाजुला प्रभाव रहेगा। किसी भी मामले में फैसला जल्दबाजी में न करें। व्यक्तिगत मामलों को व्यावसायिक मामलों के बीच में लाने से हानि हो सकती है। प्रेमी या किसी अन्य निकट के व्यक्ति से कोई कहासुनी हुई है, तो उसे बातचीत से सुलझाया जा सकता है।

**SCORPIO** 23 Oct - 21 Nov
आज आपकी अपने साथियों के बीच लोकप्रियता बढ़ेगी। किसी ऐसे व्यक्ति से दोस्ती होगी, जो आगे चलकर भविष्य में आपके काम आएगा। उसके अनुभवों से सीखते रहें। विद्यार्थियों को सलाह है कि अपना अधिक से अधिक समय अध्ययन में लगाएं। सायंकाल का समय धार्मिक अनुष्ठान में व्यतीत होगा।

**SAGITTARIUS** 22 Nov - 21 Dec
आज आपके विरोधी भी परास्त होंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। राजनैतिक सहयोग भी मिलेगा किंतु वाणी पर संयम रखें। रुपए-पैसे के लेन-देन में थोड़ी सावधानी बरतें। दिया हुआ धन आज फंस सकता है। सायंकाल से लेकर रात्रिपर्यंत प्रेम संवाद प्रगाढ़ होंगे। यात्रा में सावधान रहें।





**CAPRICORN** 22 Dec - 19 Jan
आज आपको कोई प्रिय व्यक्ति उपहार देगा। किसी पुरानी महिला मित्र से अचानक धन लाभ का हर्ष हो सकता है। रोजगार की दिशा में भी सफलता मिलेगी। सायंकाल से लेकर रात्रिपर्यंत अनचाही यात्रा का योग है। यात्रा लाभप्रद सिद्ध होगी, प्रियजनों से भी भेंट संभव है। समय का आनंद उठाएं।

**AQUARIUS** 20 Jan - 18 Feb
राशि का स्वामी शनि उदय हो चुका है। पंचम द्वितीय धन योग में चंद्रमा संतान पक्ष से हर्ष और लक्ष्मी की बड़ी मात्रा में प्राप्ति से योग वृद्धि कारक है। अपनी उत्तम कार्यशैली व मृदु व्यवहार का आज भी आपको लाभ मिलेगा। दूसरों से सहयोग लेने में आप सफल होंगे।

**PISCES** 19 Feb - 20 Mar
राशि स्वामी देव गुरु बृहस्पति मिथुन राशि पर विराजमान होने से आपका उत्कर्ष कर रहा है। आज सुबह से ही भागदौड़ रहेगी। किसी मंगलमय या धार्मिक आयोजन की व्यवस्थाओं में व्यस्त रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपके कार्यकौशल की प्रशंसा होगी। उच्चाधिकारियों के आशीर्वाद से नई जिम्मेदारियां मिलेंगी।

### जन्मदिन की शुभकामनाएं

इस वर्ष शनि, शुक्र, गुरु का मिश्रित प्रभाव आपके पूरे वर्ष शुभ फल प्रदान करेगा। जीव साक्षिणी, दैत्यगुरु प्रधान ग्रह बुध-सौम्य ग्रहों से युक्त होकर दशम कर्म केंद्र में महत्वपूर्ण पद-प्राप्ति व मनोरथ सिद्ध कारक है। दिसंबर से जनवरी 2026 में अत्यधिक सक्रियता के कारण आपके स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है, सावधान रहें और अपने खान-पान का भी विशेष ध्यान रखें। जनवरी महीने की शुरुआत से लेकर मार्च महीने के अंत तक में नियोजित कार्यों में बदलाव लाने से यथोचित लाभ हो जाएगा। अप्रैल माह से लेकर मई महीने में सभी कार्य कुछ रुकावटों के बाद पूर्ण करने से बन जाएंगे। इस दौरान आप जिस भी कार्य को शुरू करेंगे, उसमें सफलता जरूर मिलेगी। जून माह से लेकर जुलाई महीने तक किसी मंगल कार्य की योजना बनेगी। समय का आनंद उठाएं। अगस्त में पास की सार्थक यात्रा का योग बन रहा है। इस दौरान की गई यात्रा सफल होगी और यात्रा के दौरान कोई जरूरी जानकारी मिलेगी। सितंबर से अक्टूबर तक पर्यटन और मनोरंजन पर व्यय करना लाभदायक सिद्ध होगा। इससे आपकी बोरियत दूर होगी और आपके आस-पास वालों का मन भी लगा रहेगा। नवंबर से दिसंबर तक विशेष लाभ के लिए मीठे पीले चावल बनवाकर बृहस्पतिवार को गरीबों को खिलाएं।
-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

### कल का पंचांग (सोमवार, 29 दिसंबर 2025)

राष्ट्रीय मिति पौष 7, शक संवत 1947, पौष, शुक्ल, नवमी, सोमवार, विक्रम संवत 2082। सौर पौष मास प्रविष्टे 15, रज्जब 8, हिजरी 1447 (मुस्लिम) वद अनुसार अंग्रेजी तारीख 29 दिसंबर 2025 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहुकाल प्रातः 7 बजकर 30 मिनट से 9 बजे तक। नवमी तिथि प्रातः 10 बजकर 13 मिनट तक उपरांत दशमी तिथि का आरंभ। रेवती नक्षत्र प्रातः 7 बजकर 41 मिनट तक उपरांत अश्विनी नक्षत्र का आरंभ। परिघ योग प्रातः 8 बजे तक उपरांत शिव योग का आरंभ। कौलव करण प्रातः 10 बजकर 13 मिनट तक उपरांत गर करण का आरंभ। चंद्रमा प्रातः 7 बजकर 48 मिनट तक मीन उपरांत मेष राशि पर संचार करेगा। आज के व्रत त्योहार - अन्नपूर्णा अष्टमी, शाकम्भरी पूजा आरंभ।

### सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 2 | | | | 1 | 4 | |
| | | | 9 | | | | 3 | 8 |
| | 9 | | | | | 7 | | 6 |
| | | | | 7 | 2 | | | |
| 7 | | | 8 | | 1 | | | 4 |
| | | | 5 | 9 | | | | |
| 3 | | 5 | | | | | 6 | |
| 9 | 2 | | | | 7 | | | |
| | 7 | 6 | | | | 9 | 5 | 2 |

### TELEVISION



big magic

| | |
|---|---|
| 09:00 बबलू डबलू | 13:30 भ से भोले |
| 10:00 बड्डुस बुड़बक | 14:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा |
| 11:00 रुद्र के रक्षक | 15:00 लिटिल कृष्णा |
| 12:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा | 17:00 बबलू डबलू |
| 12:30 हम पांच | 19:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा |
| 13:00 रुद्र के रक्षक | |

**पश्चिम मध्य रेल**
**इंजीनियरिंग विभाग-खुली निविदा**
निम्न लिखित कार्य के लिए ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। क्र. सं.-01-निविदा सूचना क्रमांक-डीआरएम-डब्ल्यू-जे.बी.पी. 206-2025 दि. 22.12.2025, कार्य का नाम लोकेशन सहित-सहायक मंडल अभियंता नरसिंहपुर उप-मंडल के अंतर्गत विभिन्न स्थानों में रेलवे के ट्रैक स्लीपर आईआरएस/आरडीएसओ ... 2023 स्पेसिफिकेशन के अनुसार 65 एम.एम. मशीन क्रश हार्ड और ड्यूरेबल ट्रैक स्टोन गिट्टी की आपूर्ति, स्टैकिंग और लोडिंग, जिसमें मार्ग लोड, लिफ्ट, कर, रॉयल्टी, शुल्क आदि शामिल हैं। कार्य का अनुमानित मूल्य रुपए-7,51,68,400/-, बयाना राशि रुपए 5,26,000/-, समापन अवधि-14 माह, क्र. सं. 02 निविदा सूचना क्रमांक डीआरएम डब्ल्यू जे.बी.पी. 209 2025 दि. 23.12.2025, कार्य का नाम लोकेशन सहित-वरिष्ठ मंडल अभियंता (उत्तर) जबलपुर के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत कटनी-मानिकपुर और सतना-रीवा खंड में ठेकेदार को पीक्यूआरएस द्वारा एवं अतिरिक्त गिट्टी मैनुअली सीटीआर 18.90 किमी और टीएसआर 33.35 किमी (कुल 52.25 किमी) का कार्य। कार्य का अनुमानित मूल्य रुपए-9,85,54,426/-, बयाना राशि रुपए-6,42,800/-, समापन अवधि-12 माह, क्र. सं.-03-निविदा सूचना क्रमांक-डीआरएम डब्ल्यू-जे.बी.पी. 210-2025 दि. 24.12.2025, कार्य का नाम लोकेशन सहित-सहायक मंडल अभियंता (दक्षिण) सतना उप-मंडल के अंतर्गत ... रेलवे कॉलोनी में स्टाफ क्वार्टर की मरम्मत का कार्य। कार्य का अनुमानित मूल्य रुपए-85,30,323/-, बयाना राशि रुपए-1,70,600/-, समापन अवधि-12 माह, क्र. सं.-04-निविदा सूचना क्रमांक-डीआरएम-डब्ल्यू-जे.बी.पी. 211-2025 दि. 24.12.2025, कार्य का नाम लोकेशन सहित-वरिष्ठ मंडल अभियंता (उत्तर) जबलपुर क्षेत्राधिकार के अंतर्गत दो विभिन्न कार्य भाग 1: सहायक मंडल अभियंता (उत्तर) ... भाग 2:- सहायक मंडल अभियंता (दक्षिण) ... का निर्माण। कार्य का अनुमानित मूल्य रुपए-1,20,73,665/-, बयाना राशि रुपए-2,14,900/-, समापन अवधि-12 माह, क्र. सं.-05-निविदा सूचना क्रमांक-डीआरएम-डब्ल्यू-जे.बी.पी. 212-2025 दि. 24.12.2025, कार्य का नाम लोकेशन सहित-मंडल अभियंता (मुख्यालय) जबलपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत चार विभिन्न कार्य- भाग-1: सहायक मंडल अभियंता (मुख्यालय) जबलपुर के अंतर्गत ... भाग-2: सहायक मंडल अभियंता (मुख्यालय) जबलपुर के अंतर्गत पूर्व हावबाग (Howbag) ... भाग-3: सहायक मंडल अभियंता (मुख्यालय) जबलपुर के अंतर्गत ... भाग-4: सहायक मंडल अभियंता (मुख्यालय) जबलपुर के अंतर्गत ... की मरम्मत/पुनर्निर्माण का कार्य। कार्य का अनुमानित मूल्य रुपए-95,21,600/-, बयाना राशि रुपए-1,90,400/-, समापन अवधि-12 माह, उपरोक्त सभी निविदाओं के प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय: 15.00 बजे तक-16.01.2026 है। उपरोक्त सभी निविदाओं के खुलने की तिथि एवं समय 15.15 बजे-16.01.2026। उपरोक्त ई-निविदा सूचना की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है तथा इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।
(हस्ता.)
मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) जबलपुर

[illegible]

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 28-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP14 User: cci Time: 12-27-2025 23:10 Color:



NBT AI टाइम मशीन

## जब हुई पहली कमर्शल फिल्म स्क्रीनिंग

आज ही के दिन 1895 में पैरिस के एक कैफे में दुनिया की पहली कमर्शल फिल्म स्क्रीनिंग हुई थी। इसे फ्रांस के लुमियर ब्रदर्स ने प्रदर्शित किया था। उन्होंने अपने खास कैमरे 'सिनेमैटोग्राफ' की मदद से पर्दे पर मोशन तस्वीरें दिखाईं। शो में मजदूरों के फैक्ट्री से बाहर आने और स्टेशन पर ट्रेन के आने जैसे सीन दिखाए गए थे। यह पहली बार था जब लोगों ने पैसे खर्च करके फिल्में देखीं।



## भविष्य में दर्शक होंगे कहानी का हिस्सा

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में सिनेमा सिर्फ देखने का माध्यम नहीं रहेगा, बल्कि एक पूरा अनुभव बनेगा। आर्टिफिशल इंटेलिजेंस, वर्चुअल और ऑगमेंटेड रियलिटी से दर्शक कहानी का हिस्सा बन सकेंगे। स्क्रीन और थिएटर की सीमाएं टूटेंगी और घर बैठे इमर्सिव फिल्में देखी जा सकेंगी। तकनीक कहानी कहने को और प्रभावशाली बनाएगी, लेकिन क्रिएटिविटी और मानवीय भावनाओं को बनाए रखना सिनेमा से जुड़ी सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक हो सकता है।



AI Images

# बांग्लादेश में सिंगर के कॉन्सर्ट पर भीड़ का हमला, 20 घायल

### स्कूल कैंपस में था प्रोग्राम, जबरन एंट्री से मना करने पर पत्थर फेंके | मशहूर रॉक सिंगर जेम्स ने कई हिट हिंदी फिल्मों के गाने भी गाए हैं

पीटीआई, ढाका

**बांग्लादेश के** फरीदपुर में शुक्रवार रात एक भीड़ ने कार्यक्रम में हमला कर दिया, जिससे लोकप्रिय रॉक सिंगर जेम्स का कॉन्सर्ट रद्द करना पड़ा और करीब 20 छात्रों के घायल होने की सूचना है। 'जेम्स' के नाम से मशहूर बांग्लादेशी गायक-गीतकार फारूक महफूज अनम जेम्स ने कई हिट हिंदी फिल्मों के गाने भी गाए हैं। हाल के दिनों में बांग्लादेश में सांस्कृतिक संस्थानों को निशाना बनाकर कई हमले हुए हैं। पिछले कुछ हफ्तों में ढाका स्थित छायानट और उदीची शिल्पी गोष्ठी जैसे संगठनों में तोड़फोड़ की घटनाएं हुई हैं।



तारिक रहमान

हादसा फरीदपुर जिला स्कूल के 185वें वार्षिक समारोह के समापन कार्यक्रम के दौरान हुआ। कॉन्सर्ट स्कूल के परिसर में अस्थायी मंच पर आयोजित किया जाना था। आयोजकों और स्थानीय मीडिया के अनुसार, जैसे ही कार्यक्रम शुरू होने वाला था, कुछ बाहरी लोगों ने प्रवेश करने की कोशिश की। आरोप है कि जब उन्हें रोक दिया गया, तो उन्होंने ईंटें और पत्थर फेंके और मंच पर कब्जा करने का प्रयास किया। छात्रों ने हमलावरों का विरोध किया, लेकिन ईंट और पत्थरों के कारण 20 छात्र घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि हमले के पीछे के कारण स्पष्ट नहीं है। जांच जारी है।

**तारिक रहमान ने पूरी की वोटर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया:** बीएनपी नेता तारिक रहमान 17 साल के स्वनिर्वासन के बाद बांग्लादेश लौटे और उन्होंने ढाका में वोटर लिस्ट में अपना नाम दर्ज कराया। रहमान ने निर्वाचन आयोग कार्यालय में कड़ी सुरक्षा के बीच बायोमेट्रिक रजिस्ट्रेशन पूरा किया। तारिक ने मारे गए छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की कब्र पर फातिहा भी पढ़ी।



Social Media

**ईंट-पत्थर और कुर्सियां फेंकीं:** बांग्लादेश के फरीदपुर डिस्ट्रिक्ट स्कूल की 185वीं एनिवर्सरी के मौके पर भीड़ ने जबरन घुसने की कोशिश की। रोकने पर छात्रों और आयोजकों पर पथराव कर मंच कब्जाने की कोशिश की।

## बांग्लादेश के चुनाव पर भारत की भी नजर

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: बांग्लादेश में बीते साल से चल रही राजनीतिक हलचल का असर भारत पर भी पड़ रहा है। फरवरी में चुनावों से पहले अल्पसंख्यकों पर हिंसक हमले और बीएनपी (बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी) की प्रमुख खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान की वर्षों बाद घर वापसी ने इस मुद्दे को और भी अहम बना दिया। विशेषज्ञों के अनुसार, जब पड़ोसी देश में विरोध प्रदर्शन लगातार होते हों, ऐसे में लोकतंत्र और कानून की प्रक्रिया में विश्वास रखने वाली सरकार का होना सबके लिए फायदेमंद है। अंतरराष्ट्रीय मामलों के जानकार अनिल त्रिगुणायत का मानना है कि भारत लगातार यह कहता रहा है कि सत्ता का शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक हस्तांतरण होना चाहिए। भारत यह भी समझता है कि अवामी लीग को भी निष्पक्ष चुनावों में हिस्सा लेने की अनुमति मिलनी चाहिए, लेकिन अब भारत को अपनी विदेश नीति में पहले से और सतर्क रहना होगा। तारिक रहमान की तरफ से दी जा रही समावेशी बांग्लादेश की छवि का संदेश एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार, भले ही खालिदा जिया के समय भारत और बांग्लादेश के रिश्ते वैसा सहज नहीं था जैसा हसीना के समय था, लेकिन संबंध व्यावहारिक और कामकाजी थे। यही अनुभव भारत के लिए नई सरकार से जुड़ने में मददगार हो सकता है। चुनाव के बाद बांग्लादेश में राजनीतिक विकल्प और स्थिरता का अंदेशा अभी किसी को नहीं है।



बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर कथित अत्याचारों के विरोध में गुवाहाटी में प्रदर्शन

बोले, ये घटनाएं न केवल चिंताजनक हैं, मानवाधिकारों का भी खुला उल्लंघन है

# 1 जनवरी से भारत को BRICS की अध्यक्षता

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**ब्रिक्स** (BRICS) समूह की अध्यक्षता 1 जनवरी 2026 से भारत के पास आ रही है। राष्ट्रपति ट्रंप की टैरिफ नीति के मद्देनजर आने वाला साल भारत, चीन, ब्राजील और रूस जैसे देशों के जुटान वाले इस समूह के लिए अहम होगा। दुनिया भर की नजरें ब्रिक्स समिट पर हैं। साल 2023 में G-20 की अध्यक्षता के दौरान भारत ने वैश्विक स्तर पर एकजुटता का संदेश दिया और अफ्रीकी संघ को समूह में शामिल करने का प्रयास किया था। अब ब्रिक्स की अध्यक्षता के दौरान भारत ने भी वैश्विक दक्षिण के मुद्दों को प्राथमिकता देने का संकेत दिया है।

ब्रिक्स समूह अमेरिका जैसी शक्तियों के संरक्षणवाद और एकतरफा टैरिफ नीति के सामने एकजुटता दिखा रहा है। रियो डी जेनेरियो में बीते दिनों हुए समिट में देशों ने साफ किया कि वे वैश्विक व्यापार में खुलापन बनाए रखना चाहते हैं और संरक्षणवाद का विरोध करेंगे। वित्तीय संसाधनों को बढ़ाने, फंडिंग स्रोतों में विविधता लाने और न्यू डिवेलपमेंट बैंक के विस्तार पर भी जोर दिया गया। इसके अलावा लोकल करेंसी में व्यापार, इंटिग्रेटेड पेमेंट सिस्टम जैसे उपायों पर चर्चा की जाएगी, जो डॉलर पर निर्भरता कम करने की दिशा में अहम हैं। ब्रिक्स और ब्रिक्स प्लस देश कृषि, खाद्यान्न सुरक्षा, सप्लाई चेन और तकनीक ट्रांसफर जैसे क्षेत्रों में साझेदारी बढ़ाकर ग्लोबल साउथ को मजबूत बनाने की कोशिश कर रहे हैं। इसका मकसद वैश्विक आर्थिक संतुलन में बदलाव लाना है।



File

### विदेश नीति को भी मिलेगी मजबूती

भारत ब्रिक्स अध्यक्षता में समूह को एक नया स्वरूप देने का प्रयास करेगा। वैश्विक दक्षिण के मुद्दों को महत्व देने, आर्थिक सहयोग बढ़ाने और व्यापार और वित्तीय प्रणाली में स्थानीयकरण के उपाय अपनाने की दिशा में भारत सक्रिय रहेगा। इससे न सिर्फ ब्रिक्स का वैश्विक प्रभाव बढ़ेगा बल्कि भारत की विदेश नीति को भी मजबूती मिलेगी।

# कनाडा में भारतीय महिलाओं की मदद के लिए नई पहल

NBT रिपोर्ट

**कनाडा के** टोरंटो स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने भारतीय मूल की महिलाओं को संकट की स्थिति में सहायता देने के लिए आधिकारिक तौर पर 'वन स्टॉप सेंटर फॉर वूमन (OSCW)' की शुरुआत की है। BT की रिपोर्ट के अनुसार, यह केंद्र उन भारतीय नागरिक महिलाओं के लिए बनाया गया है, जो घरेलू हिंसा, शोषण, पारिवारिक विवाद, परित्याग, कानूनी परेशानियों या सामाजिक-मानसिक संकट जैसी परिस्थितियों का सामना कर रही हैं। महिलाओं को कनाडा में उपलब्ध सामुदायिक और सामाजिक सेवा संसाधनों तक पहुंचने में भी मदद की जाएगी। 24x7 हेल्पलाइन के माध्यम से भी मदद की जाएगी।



AI Image

'वन स्टॉप सेंटर फॉर वूमन' की शुरुआत, 24x7 हेल्पलाइन भी



2026 नई उम्मीद

2026 में क्या बदलेगा भारत और दुनिया में, हम पर क्या होगा असर? इकॉनमी, जल संकट से AI और सुरक्षा जैसे मुद्दों पर 26 सवाल हमने पूछे 26 नामी एक्सपर्ट्स से.. क्या खास लेकर आ रहा है 2026 - जरूर पढ़िये कल का एनबीटी

## धमकी का आरोप, भारतवंशी अरेस्ट

NBT रिपोर्ट: अमेरिका के टेक्सस राज्य के डैलस में भारतीय मूल के 22 वर्षीय छात्र मनोज को परिवार को धमकाने और घर में आग लगाने की कोशिश के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। TOI की रिपोर्ट के अनुसार, यह मामला एक संभावित मानसिक स्वास्थ्य संकट से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। मनोज यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सस ऐट डैलस में आईटी का छात्र है।

**US के टेक्सस की घटना, IT के छात्र हैं मनोज**

## रेबीज वैक्सीन पर कंपनी की सफाई

पीटीआई, नई दिल्ली: भारत में 'नकली रेबीज टीके' के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया द्वारा चेतावनी जारी करने के कुछ दिनों बाद, 'Abhayrab' टीका बनाने वाली निर्माता कंपनी ने सफाई दी। इंडियन इम्यूनोलॉजिकल्स लिमिटेड (IIL) ने कहा कि यह मामला केवल एक विशेष बैच तक सीमित है और पूरी वैक्सीन पर सामान्य चेतावनी उचित नहीं है।

**ऑस्ट्रेलिया ने वैक्सीन के खिलाफ दी थी चेतावनी**

## फटाफट खबरें

### गुरु गोबिंद सिंह जी साहस के प्रतीक: मोदी

भाषा, नई दिल्ली: पीएम नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी साहस, करुणा और त्याग के प्रतीक हैं। उनका जीवन और शिक्षाएं सभी को सत्य, न्याय एवं धर्मपरायणता के लिए खड़े होने और मानवीय गरिमा की रक्षा करने के लिए प्रेरित करती हैं। सिखों के 10वें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह जी की दूरदृष्टि पीढ़ियों को सेवा और निस्वार्थ कर्तव्य की ओर निरंतर मार्गदर्शन देती रही है।

### मजदूर की मौत पर FIR: ममता बनर्जी

पीटीआई, कोलकाता: BJP शासित ओडिशा के संबलपुर जिले में पश्चिम बंगाल के एक प्रवासी मजदूर की कथित हत्या के कुछ दिन बाद सीएम ममता बनर्जी ने शनिवार को कहा कि मामले में जीरो FIR दर्ज कर ली गई है। इस मामले में 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

### असम में लिस्ट से हटाए 10 लाख नाम

पीटीआई, गुवाहाटी: असम में वोटर लिस्ट में बदलाव-स्पेशल इंटेंसिव रिविजन के बाद 10.56 लाख वोटर्स के नाम हटा दिए गए हैं। चुनाव आयोग की ओर से जारी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट के अनुसार, असम में कुल 2,51,09,754 मतदाता हैं, जिनमें 93,021 "डी-वोटर" को बाहर रखा गया है। इसके अलावा, मौत, जगह बदलने की वजह से 10,56,291 वोटर्स के नाम हटा दिए गए हैं।

### तेज प्रताप को जान की धमकी दी गई

पीटीआई, पटना: जनशक्ति जनता दल के प्रमुख तेज प्रताप यादव ने पार्टी की निष्कासित राष्ट्रीय प्रवक्ता संतोष रेणु यादव पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। बिहार के पूर्व मंत्री ने उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री सम्राट चौधरी को पत्र लिखकर सुरक्षा बढ़ाने की भी मांग की है।

### भगदड़ में अल्लू अर्जुन पर चार्जशीट

भाषा, हैदराबाद: हैदराबाद पुलिस ने फिल्म पुष्पा-2 के प्रीमियर के दौरान भगदड़ में एक महिला की मौत के संबंध में ऐक्टर अल्लू अर्जुन समेत 23 के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। इसमें थिएटर मैनेजमेंट को मुख्य आरोपी के रूप में नामित किया गया है, जबकि अर्जुन को आरोपी संख्या-11 के रूप में नामित किया गया है। प्रीमियर के दौरान ऐक्टर की एक झलक पाने के लिए प्रशंसकों की भारी भीड़ जुटने के कारण भगदड़ मच गई थी।

# TMC सांसद का दावा, वोटर लिस्ट में घर के 4 लोग नहीं

पीटीआई, कोलकाता

**तृणमूल कांग्रेस** की सांसद काकोली घोष दस्तीदार ने शनिवार को चुनाव आयोग पर वोटर्स को परेशान करने का आरोप लगाया। साथ ही दावा किया कि उनके दो बेटों, मां और छोटी बहन को अनमैप्ड कैटिगरी में डालकर वोटर लिस्ट में बदलाव की स्पेशल इन्टेंसिव रिविजन (SIR) प्रक्रिया के तहत सुनवाई के लिए बुलाया गया है। आयोग के अनुसार, अनमैप्ड वोटर्स वे हैं जिनकी डिटेल 2002 की लिस्ट के रेकॉर्ड से मेल नहीं खाती।

सांसद दस्तीदार की 90 साल की मां और छोटी बहन उनके अपने चुनाव क्षेत्र बारासात के मध्यग्राम इलाके में रहती हैं। उनके दोनों बेटों का पता दक्षिण कोलकाता का है। दस्तीदार ने कहा, 'यह हैरान करने वाली बात है कि मेरे बेटों के नाम वोटर लिस्ट में दर्ज नहीं किए गए, जबकि मेरे पिता राज्य के पूर्व मंत्री रहे हैं और मैं खुद कई बार की सांसद हूं। मेरी मां और छोटी बहन मध्यग्राम में लंबे समय से वोटर रही हैं। उनके नाम ड्राफ्ट लिस्ट से हटा दिए गए।'

**काकोली घोष बोलीं, दो बेटों, मां और बहन को अनमैप्ड कैटिगरी में डालकर सुनवाई के लिए बुलाया**



काकोली घोष दस्तीदार

### पहले फेज में 32 लाख वोटर्स की सुनवाई

पीटीआई, कोलकाता: पश्चिम बंगाल में शनिवार को SIR के तहत सुनवाई की प्रक्रिया जारी रही। एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि राज्य भर में बनाए गए 3,234 केंद्रों पर लोग कतारों में खड़े नजर आए। पहले फेज में लगभग 32 लाख अनमैप्ड वोटर्स को सुनवाई के लिए बुलाया जाएगा। उधर, पश्चिम बंगाल सरकार के अधिकारियों के एक संघ ने SIR प्रक्रिया के तहत वोटर लिस्ट के ड्राफ्ट में वोटर्स के नामों को स्वतः प्रणाली-आधारित तरीके से हटाए जाने पर आपत्ति जताई है। संघ का कहना है कि इस प्रक्रिया में इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन अधिकारियों की वैधानिक भूमिका को दरकिनार किया गया है।

## CEC से 31 को मिलेंगे तृणमूल के नेता

पीटीआई, नई दिल्ली: पश्चिम बंगाल में SIR के मुद्दे पर तृणमूल कांग्रेस का 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल 31 दिसंबर को चीफ इलेक्शन कमिश्नर ज्ञानेश कुमार से मुलाकात करेगा। सूत्र के अनुसार, इसमें तृणमूल के लोकसभा सदस्य अभिषेक बनर्जी और राज्यसभा सदस्य डेरेक ओ'ब्रायन शामिल होंगे। शनिवार को अभिषेक बनर्जी ने कहा कि चुनाव आयोग को ड्राफ्ट वोटर लिस्ट से हटाए गए 58.20 लाख नामों में से अवैध बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं की संख्या बतानी चाहिए।

# अंकिता हत्याकांड: राष्ट्रीय BJP नेतृत्व ने रिपोर्ट मांगी

NBT रिपोर्ट, देहरादून: **उत्तराखंड में** अंकिता भंडारी हत्याकांड पर राष्ट्रीय बीजेपी नेतृत्व ने रिपोर्ट तलब की है। ऐक्ट्रेस उर्मिला सनावर के विडियो के बाद हलचल तेज हुई, जिसमें उन्होंने पार्टी के कई सीनियर नेताओं का नाम लिया।

वायरल विडियो से बीजेपी के सीनियर नेताओं के असहज होते देख पार्टी के अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने मामले पर अपना पक्ष रखते हुए कांग्रेस को दोषी ठहराया। मामले में आरोपी ठहराए जा रहे राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत कुमार गौतम ने कानूनी कार्रवाई की बात की है। कांग्रेस और यूकेडी नेताओं ने इसकी सीबीआई जांच की मांग तेज कर दी है।

कांग्रेस के अंकिता भंडारी हत्याकांड पर बीजेपी पर बढ़ते हमले को देख इस प्रकरण पर बीजेपी ने अनुसूचित जाति और मातृशक्ति का अपमान बताते हुए प्रदेशभर में कांग्रेस के पुतले फूंकने शुरू कर दिए हैं। जबकि कांग्रेस का कहना है कि पार्टी की प्राथमिकता अंकिता को न्याय दिलाना है। बीजेपी की ओर से अनुसूचित जाति के अपमान को मुद्दा बनाने पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि किसी भी अपराध में संलिप्त या संदिग्ध की कोई जाति नहीं होती।



FILE

## माता वैष्णो मेडिकल कॉलेज में सीटों पर विवाद बढ़ा, प्रदर्शन

भाषा, जम्मू: लोक भवन के बाहर शनिवार को प्रदर्शनकारियों ने उपराज्यपाल मनोज सिन्हा का पुतला जलाकर जम्मू कश्मीर के रियासी स्थित 'श्री माता वैष्णो देवी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एक्सीलेंस' की MBBS एंट्रेंस लिस्ट को रद्द करने की मांग की। यह विरोध प्रदर्शन हाल ही में बने कई दक्षिणपंथी संगठनों के एक समूह 'श्री माता वैष्णो देवी संघर्ष समिति' ने आयोजित किया था। बीजेपी की जम्मू कश्मीर इकाई की महिला कार्यकर्ताओं और व्यापार जगत के कई लोगों ने भी विरोध प्रदर्शन में भाग लिया।

# भारत विरोधी शक्तियों से क्यों मिलते हैं राहुल? BJP ने पूछा सवाल

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**BJP ने** कहा है कि इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के चेयरमैन सैम पित्रोदा के बयान से कांग्रेस का असली चेहरा उजागर हो गया है। बीजेपी सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि राहुल गांधी के लंबे समय से सलाहकार सैम पित्रोदा ने अनजाने में कांग्रेस पार्टी का असली चेहरा बेनकाब कर दिया है।

BJP के मुताबिक पित्रोदा ने अपने हाल के एक इंटरव्यू में कहा कि कांग्रेस पार्टी 'ग्लोबल प्रोग्रेसिव अलायंस (जीपीए)' नाम के एक गठबंधन का हिस्सा है और राहुल गांधी इसमें हिस्सा लेने जर्मनी गए थे। यह गठबंधन एक ऐसे संगठन से जुड़ा है जो कई ऐसे संगठनों के नेटवर्क का हिस्सा है जो भारत विरोधी हैं और भारत विरोधी बातें फैलाते हैं। जब सैम पित्रोदा से ग्लोबल प्रोग्रेसिव अलायंस और कांग्रेस के बीच संबंध के बारे में पूछा जाता है तो वह खुद बताते हैं कि राहुल गांधी इसके प्रेसीडियम में हैं और सैम पित्रोदा एक सदस्य हैं। बीजेपी नेता ने कहा कि वे कांग्रेस पार्टी से पूछना चाहते हैं कि क्या राहुल गांधी भारत विरोधी वैश्विक साजिश का हिस्सा बन गए हैं, क्या वे भारत विरोधी वैश्विक ताकतों के नापाक गठजोड़ का हिस्सा बन गए हैं?

बीजेपी सांसद ने कहा कि राहुल गांधी जब भी विदेश जाते हैं तो भारत के प्रतिद्वंद्वी देशों की तारीफ करते हैं और भारत विरोधी शक्तियों से मुलाकात करते हैं। उन्होंने भारत के समर्थन में एक भी बयान नहीं दिया है।

राहुल गांधी कभी भी विदेश में जाकर भारत के समर्थक सांसदों के समूह, विचारकों से नहीं मिलते हैं। हमेशा भारत विरोधी शक्तियों के साथ मुलाकात करते हैं। बीजेपी नेता ने कहा कि कांग्रेस पराजय से कुंठाग्रस्त है, परिवारवाद-परस्त है। उन्होंने कहा कि पित्रोदा ने अपने इंटरव्यू में यह भी कहा था कि जीपीए 110 देशों के लोकतंत्रों का गठबंधन है जबकि पश्चिमी दुनिया के अलावा पूर्व में केवल भारत, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और जापान ही लगातार जीवंत लोकतंत्र हैं।



**सुधांशु त्रिवेदी ने कहा, पित्रोदा के बयानों से कांग्रेस का असली चेहरा सामने आया**

# राजस्थान में अरावली बचाने के लिए मार्च

आईएएनएस, चित्तौड़गढ़

**अरावली पर्वत** श्रृंखला को बचाने की मांग को लेकर चित्तौड़गढ़ में कांग्रेस का 'अरावली बचाओ अभियान' और तेज हो गया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रमोद सिसोदिया के नेतृत्व में शनिवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पाडन पोल से कलेक्ट्री चौराहे तक पैदल मार्च निकाला।

मार्च के समापन पर कलेक्ट्री चौराहे पर मानव श्रृंखला बनाकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले के बाद अरावली क्षेत्र में खनन की इजाजत मिलने से पर्यावरण को गंभीर खतरा पैदा हो गया है। उन्होंने कहा कि अब इस फैसले से स्थिति और अधिक भयावह हो सकती है। सिसोदिया ने साफ किया कि अरावली केवल पहाड़ों की श्रृंखला नहीं, बल्कि पूरा पारिस्थितिकी तंत्र है। यह क्षेत्र भूजल संरक्षण, वर्षा जल संचयन, हरित आवरण और जलवायु संतुलन में अहम भूमिका निभाता है। अरावली को नुकसान पहुंचा तो आने वाले समय में जल संकट, तापमान वृद्धि और पर्यावरण असंतुलन से आमजन को भारी परेशानी झेलनी पड़ेगी। उनका कहना है कि अरावली लोगों के जीवन का आधार है और इसे बचाने के लिए वे हरसंभव कदम उठाएंगे। सरकार से मांग की कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भी अरावली संरक्षण के लिए विशेष कानून और सख्त दिशा निर्देश लागू किए जाएं।



SINCE 1986
JOINT & SPINE CLINIC
NON SURGICAL PAIN MANAGEMENT
Orthopedic & Physiotherapy
जॉइंट & स्पाईन क्लिनिक
उम्र से संबंधित घुटने का घिसना (Wear & Tear) गठिया (Rheumatoid Arthritis), एसीएल और पीसीएल लिगामेंट और मेनिस्कस का फटना (ACL and PCl ligament and Meniscus tear), गाउट (यूरिक एसिड में वृद्धि), ऑपरेशन के बाद का दर्द। कई मरीज़ घुटने के प्रतिस्थापन के बाद भी दर्द का अनुभव करते रहते हैं। खेल की चोटें, घुटनों का टूटना, देर तक खड़े न रह पाना, घुटनों में सूजन
Senior Orthopedic Surgeon
Pain Management Specialist
Rheumatologist
503, कोहिनूर स्पेशलिटी क्लिनिक, पाँचवीं मंजिल, सेंट्रल टावर, कोहिनूर स्क्वायर, शिवसेना भवन के सामने, दादर
दर्द से राहत की ओर
बिना सर्जरी, बिना किसी दुष्प्रभाव के
सिरदर्द
गर्दन का दर्द
पीठ दर्द
फ्रोजन शोल्डर
टेनिस एल्बो, पीठ दर्द
घुटनों का दर्द
साइटिका,
हाथों और पैरों में झुनझुनी,
क्या आप घुटनों की समस्याओं से पीड़ित हैं? क्या आपके घुटनों का लचीलापन, झुकने की क्षमता और भार वहन करने की क्षमता कम हो गई है? अगर आप सीढ़ियाँ चढ़ने में अत्यधिक कठिनाई, दैनिक गतिविधियों में भाग लेने में असमर्थता, पाँच मिनट भी खड़े न रह पाने, घुटनों में तेज़ दर्द आदि से राहत चाहते हैं, तो आज ही नी क्लिनिक जाएँ।





मुंबई
(प्रत्येक सोमवार)
सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक
8767090409
9370155293

**2017** के BMC चुनावों में केवल एक ट्रांसजेंडर उम्मीदवार ने नामांकन किया था।

## जनता की मांग

### माटुंगा ईस्ट में हिंदू श्मशान भूमि की हालत बेहद खराब

वार्ड एफ/एन, माटुंगा ईस्ट में हिंदू श्मशानभूमि की स्थिति बेहद खराब है। प्रवेश द्वार पर कूड़े का ढेर लगा रहता है। लगभग 300 मीटर लंबी सड़क पूरी तरह टूटी हुई है। श्मशान के बाहर भगवान शिवशंकर की सुंदर प्रतिमा है, लेकिन प्रतिमा के चारों ओर 6–8 फीट क्षेत्र में अच्छी फर्श नहीं है और लगभग 8 सीढ़ियां टूटी हुई हैं। यह श्मशान भूमि भाऊदाजी रोड पर, बीएमसी एफ/एन वार्ड से आधा किलोमीटर दूर है।

-अनिल मोपनका

### भेजें वॉर्ड की समस्याएं



आपके वॉर्ड या प्रभाग के क्या मुद्दे हैं? क्या समस्याएं हैं, जिनके समाधान की आप अपने नवनिर्वाचित नगरसेवक से उम्मीद रखते हैं, हमें अपने नाम, वॉर्ड और प्रभाग के साथ (फोटो सहित) लिख भेजें वॉट्स ऐप नंबर 9967397376 पर। हम उन्हें नवभारत टाइम्स (NBT) के माध्यम से 'जनता की मांग' कॉलम के तहत पहुंचाएंगे निकाय चुनाव उम्मीदवार तक।

# अजित गुट की 100 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी!

## हमारी बात आगे नहीं बढ़ी, हमने अकेले चुनाव लड़ने की तैयारी की है: सना

## तटकरे के नेतृत्व में हुई बैठक, जिसमें संभावित जीत वाली सीटों पर चर्चा हुई

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** बीएमसी चुनाव में अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी अकेले चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। एनसीपी मुंबई में 100 सीटों पर चुनाव लड़ सकती है। एनसीपी की महाराष्ट्र अध्यक्ष सुनील तटकरे ने शनिवार को कहा कि पिछले तीन दिनों से सबके साथ बैठकें चल रही हैं और इस बारे में सारी जानकारी अजित पवार को बता दी गई है। उन्होंने कहा कि 30 दिसंबर की शाम तक स्थिति बिल्कुल स्पष्ट हो जाएगी और उस दिन दोपहर 3 बजे सीटों को लेकर घोषणा की जाएगी।

> जीशान ने कहा, चुनाव में एनसीपी अपना झंडा जरूर लहराएगी

तटकरे ने यह भी कहा कि महायुति में शामिल होने का राष्ट्रवादी पार्टी का फैसला फायदेमंद रहा है। राज्य के लोगों ने इस फैसले का समर्थन किया है और यह बदला नहीं जाएगा। वहीं, एनसीपी विधायक सना मलिक ने कहा कि महायुति में हमारे प्रस्तावों पर बात आगे नहीं बढ़ी। इस स्थिति में हमने अकेले चुनाव लड़ने की तैयारी की है। उम्मीदवारों के नामों को लेकर भी चर्चा हुई है और कार्यकर्ताओं को हर स्थिति के लिए तैयार रहने के लिए कहा गया है। सना मलिक ने बताया कि बैठक में 62-65 सीटों पर लड़ने के लिए पार्टी की बैठक में चर्चा हुई है। पुराने साथी भी साथ लड़ने के लिए आ रहे हैं, कार्यकर्ताओं में भी जोश है। इस सबको देखते हुए पार्टी तकरीबन 100 सीटों पर चुनाव लड़ सकती है। एनसीपी पूरी ताकत के साथ बीएमसी चुनाव में उतरेगी। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि महायुति के साथ मिलकर लड़ने के बारे में पार्टी नेतृत्व फैसला लेगा।

पूर्व विधायक जीशान सिद्दीकी ने कहा कि सुनील तटकरे के नेतृत्व में बैठक हुई, जिसमें संभावित जीत वाली सीटों को लेकर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि गठबंधन को लेकर पार्टी नेतृत्व की तरफ से फैसला होना है, लेकिन मुंबई में पार्टी के कार्यकर्ताओं में जोश है और हम अकेले चुनाव लड़ने की तैयारी भी कर रहे हैं। जीशान सिद्दीकी ने कहा कि मुंबई की जनता हमारे साथ है और बीएमसी चुनाव में एनसीपी अपना झंडा जरूर लहराएगी।

बता दें कि अजित गुट मुंबई में बीएमसी चुनाव पूर्व मंत्री नवाब मलिक के नेतृत्व में लड़ने जा रहा है। बीजेपी और शिंदे सेना ने नवाब मलिक के नेतृत्व वाली एनसीपी के साथ किसी तरह के गठबंधन से इंकार किया है। बीजेपी ने एनसीपी को महायुति में शामिल न करने का कारण नवाब मलिक को बताया है। बीजेपी मलिक की विरोधी है, इसलिए बीजेपी-शिवसेना ने महायुति में अजित गुट को शामिल नहीं किया है। इसके बाद भी एनसीपी अड़ी हुई है और उसने बीएमसी चुनाव की जिम्मेदारी नवाब मलिक को दी है।



### वसई में महायुति से तोड़ लिया नाता

■ **NBT न्यूज, वसई:** अजीत पवार की एनसीपी ने आखिरकार वसई में शिवसेना-बीजेपी अलायंस छोड़ दिया है। अलायंस की बातचीत से बाहर रखे जाने से नाराज एनसीपी ने शुक्रवार को अलायंस छोड़कर अकेले चुनाव लड़ने का फैसला किया। अजीत पवार की पार्टी राज्य में अलायंस का हिस्सा है। अलायंस ने वसई-विरार मनपा चुनाव भी साथ मिलकर लड़ने का फैसला किया था। जब सीटों को लेकर शिवसेना और बीजेपी के बीच मीटिंग चल रही थी, तो एनसीपी को उस मीटिंग में नहीं बुलाया गया। गुरुवार को बीजेपी और शिवसेना ने आपसी अलायंस का ऐलान किया। सीट शेयरिंग के बारे में एनसीपी से नहीं पूछा गया। एनसीपी के जिलाध्यक्ष राजा राम मुलिक ने कहा कि हमें दूर रखकर दोनों पार्टियों ने सीट शेयरिंग पर बातचीत की। उन्होंने आरोप लगाया कि महायुति ने हमें धोखा दिया है। हम बहादुरी से लड़ेंगे और महायुति को सबक सिखाएंगे।

### मलिक फैमिली से कितने उम्मीदवार?

बीएमसी चुनाव में अजित गुट का मुंबई में नेतृत्व कर रहे नवाब मलिक के भाई कप्तान मलिक, नवाब मलिक की बहन डॉ. सईदा खान और कप्तान मलिक की बहू बुशरा नदीम मलिक के चुनाव लड़ने की संभावना है। यानी नवाब मलिक फैमिली से इस बार के बीएमसी चुनाव में तीन लोग किस्मत आजमाएंगे। नवाब मलिक के भाई कप्तान मलिक प्रभाग नंबर 165 से, नवाब मलिक की बहन डॉ. सईदा खान 168 से और कप्तान मलिक की बहू बुशरा नदीम मलिक के प्रभाग नंबर 170 से चुनाव लड़ने की संभावना है। कप्तान मलिक पिछली बार प्रभाग नंबर 170 से चुनाव लड़ेर थे वह सीट अभी महिलाओं के लिए आरक्षित हो गया है। इसलिए कप्तान मलिक ने अपनी बहू को इस प्रभाग से चुनाव लड़ाने का फैसला किया है, जबकि वह खुद प्रभाग नंबर 165 से चुनाव लड़ेंगे। एक ही परिवार के तीन लोगों के चुनाव लड़ने की बात ने राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं को हवा दे दी है।

## फॉर्म जमा करने के लिए बचे 2 दिन




■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** बीएमसी चुनाव के लिए उम्मीदवारों के पास अपने नामांकन जमा करने के लिए सिर्फ दो दिन बच रहे हैं। क्योंकि रविवार को अवकाश के कारण नामांकन सेंटर बंद रहेंगे। ऐसे में बीएमसी चुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवारों के पास नामांकन दाखिल करने के लिए सिर्फ सोमवार और मंगलवार का समय बच रहा है। जबकि शनिवार देर रात तक प्रमुख राजनीतिक दलों बीजेपी, शिंदे सेना, अजित पवार गुट, उद्धव सेना, मनसे और कांग्रेस सहित शरद पवार गुट ने उम्मीदवारों की सूची जारी नहीं की थी।

जानकारों का कहना है कि ज्यादातर प्रमुख दल रविवार और सोमवार को गठबंधन की घोषणा किए बिना सीधे उम्मीदवारों की लिस्ट जारी करेंगे। राजनीतिक दल बगावत से बचने के लिए यह रणनीति अपना रहे हैं। जबकि लगभग सभी संभावित उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र खरीद लिया है। शनिवार को मुंबई के अलग-अलग इलेक्शन ऑफिस में 35 नॉमिनेशन पेपर दाखिल किए गए। इस तरह अब तक कुल 10343 नॉमिनेशन पेपर बंटे जा चुके हैं, जिनमें से 44 नॉमिनेशन पेपर दाखिल किए जा चुके हैं। पहले दिन यानी 23 दिसंबर को सबसे अधिक 4,165 फॉर्म बंटे गए थे। इसके बाद 24 दिसंबर को 2,844 फॉर्म, 26 दिसंबर को 2,040 और 27 दिसंबर 2025 को मुंबई में 23 निर्वाचन निर्णय अधिकारी (आरओ) कार्यालयों से 1,294 नामांकन पत्र वितरित किए गए। शनिवार को सभी राजनीतिक पार्टियां अपने कैंडिडेट को लेकर लगातार बैठक कर रही थीं। कई कैंडिडेट्स को उनके सीनियर्स ने तैयारी शुरू करने के लिए कहा है, हालांकि उम्मीदवारों को अब भी पार्टी से AB फॉर्म मिलने का इंतजार है।

### उम्मीदवारों के जरूरी डॉक्यूमेंट्स हैं तैयार

ज्यादातर संभावित उम्मीदवारों ने एप्लीकेशन जमा करने के लिए जरूरी डॉक्यूमेंट्स भी तैयार कर लिए हैं। रविवार को छुट्टी होने की वजह से चुनाव ऑफिस बंद हैं और उम्मीदवार अपनी एप्लीकेशन जमा नहीं कर पाएंगे। बता दें कि नामांकन पत्र जमा करने की आखिरी तारीख 30 दिसंबर है। उम्मीदवारों के नामांकन पत्रों की जांच 31 दिसंबर को होगी। नाम वापस लेने की आखिरी तारीख 2 जनवरी 2026 है। वहीं उम्मीदवारों की फाइनल लिस्ट 3 जनवरी को जारी की जाएगी।

## सुना है कि...

### अदला-बदली का खेल

बीएमसी चुनाव में नामांकन दाखिल करने के लिए काफी कम समय बचा है। ऐसे में चुनाव लड़ने के इच्छुक पूर्व नगरसेवकों और नए संभावित उम्मीदवारों ने फॉर्म खरीद लिए हैं। बीजेपी-शिंदे में युति तय है लेकिन कुछ सीटों पर पेंच फंसा है। कई संभावित उम्मीदवार यह तय नहीं कर पा रहे हैं कि वह बीजेपी से या शिंदे सेना लड़ेंगे। क्योंकि ऐसे उम्मीदवार के संपर्क में हैं। ऐसे कई उम्मीदवार मनसे और उद्धव सेना में भी हैं। सूत्रों का कहना है कि यदि सीट खाते में नहीं आई और उम्मीदवार जिताऊ है तो राजनीतिक दल उम्मीदवारों की अदला-बदली करने की तैयारी में हैं। ऐसा विधानसभा और लोकसभा चुनाव में भी हो चुका है।

### रिश्तेदारों की धड़कन बढ़ी!

एनसीपी अजित पवार गुट, सपा सहित कई दलों में नेताओं के परिजनों और रिश्तेदारों को टिकट देने की परंपरा रही है और इस बार भी टिकट मिलने की संभावना है। लेकिन अपने को अन्य दलों से अलग कहने वाली बीजेपी में इस बार नेता पुत्रों बेटियों और रिश्तेदारों के लिए संकट पैदा हो गया है। क्योंकि बीजेपी के विधायक और एक नेता ने मुंबई बीजेपी अध्यक्ष को पत्र लिख कर विधायक एवं नेताओं के रिश्तेदारों को टिकट न देने की मांग की है। इसका कई अन्य नेताओं ने भी समर्थन किया है। इससे नेताओं के करीबियों की धड़कन बढ़ी हुई है।

- धूमकेतु

## फ्लैश बैक

2017 के बीएमसी चुनावों के दौरान कई विवाद सामने आए। मतदाता सूची से नाम गायब होने, ईवीएम में गड़बड़ी के आरोप और मतदान प्रक्रिया में अनियमितताओं की शिकायतें दर्ज की गईं। साथ ही प्रचार के दौरान आदर्श आचार संहिता उल्लंघन और भड़काऊ विज्ञापनों को लेकर भी राजनीतिक दलों में तीखी तकरार देखने को मिली।



# भिवंडी में आम आदमी पार्टी सभी 90 सीटों पर उतारेगी उम्मीदवार



■ **NBT न्यूज, भिवंडी :** भिवंडी मनपा के आगामी चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) पहली बार चुनावी मैदान में उतरने जा रही है। पार्टी ने यह चुनाव किसी भी दल के साथ गठबंधन किए बिना अपने दम पर लड़ने का फैसला किया है। मनपा का यह चुनाव दिल्ली एवं पंजाब के विकास मॉडल पर लड़ा जाएगा। भिवंडी शहर अध्यक्ष मसीह इकबाल और महासचिव ऐड. हनमंत जाधव ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी देते हुए बताया कि आम आदमी पार्टी मनपा के 23 प्रभागों की सभी 90 सीटों पर अपना उम्मीदवार खड़ा करेगी।

> विकास के 'दिल्ली-पंजाब' मॉडल का किया दावा

जाधव ने बताया कि पार्टी ने शिक्षित, चरित्रवान, सक्षम, स्वच्छ छवि वाले और स्थानीय समस्याओं की समझ रखने वाले उम्मीदवारों की तलाश तेज कर दी है। उन्होंने बताया कि अब तक 30 सीटों के लिए उम्मीदवारों की प्राथमिक स्क्रीनिंग पूरी हो चुकी है। शेष 60 सीटों के लिए स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा की जा रही है। उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी भिवंडी की बुनियादी समस्याओं को लेकर जनता के बीच जाएगी। पार्टी भिवंडी में दिल्ली मॉडल पर विकास करेगी। मसीह इकबाल ने कहा कि मनपा स्कूलों की हालत सुधारी जाएगी और भिवंडी में शिक्षा पूरी तरह निःशुल्क होगी।

आप पार्टी के नेताओं ने दावा किया कि वे दिल्ली और पंजाब में लागू किए गए शिक्षा, स्वास्थ्य और पारदर्शी प्रशासन के मॉडल का अनुभव भिवंडी के नागरिकों को देने का प्रयास करेंगे।

## पालघर से 10 हजार कर्मचारी होंगे तैनात

■ **NBT न्यूज, वसई:** मीरा भाईंदर, वसई विरार और भिवंडी मनपा चुनाव के लिए पालघर जिले से 10 हजार कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है। यह जानकारी पालघर कलेक्टर ने दी है। उन्होंने कहा कि नियुक्त किए कर्मचारियों की तीन दिन की ट्रेनिंग चल रही है। जिलाधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार मनपा चुनावों को लेकर एडमिनिस्ट्रेशन पूरी तरह तैयार है। वसई विरार मनपा के लिए 6,811, मीरा भाईंदर के लिए 2,897 और भिवंडी निजामपुर सिटी मनपा चुनाव के लिए 1,157 कर्मचारी उपलब्ध कराए गए हैं। रेजिडेंट डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि इससे चुनाव प्रक्रिया को आसानी से पूरा कराया जा सकेगा।

> रेजिडेंट डिप्टी कमिश्नर ने कहा, इससे चुनाव प्रक्रिया होगी आसान

# नवी मुंबई: BJP कार्यकर्ता अपनी ही पार्टी के परिवारवाद पर हुए नाराज़

■ **NBT न्यूज, नवी मुंबई:** महायुति पर अब तक अंतिम निर्णय नहीं होने के कारण बीजेपी में सीटों का बंटवारा नहीं हो पाया है। बीजेपी ने टिकट बंटवारे से पहले इच्छुक उम्मीदवारों के साक्षात्कार लिए थे, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया था। उस दौरान कुछ लोगों ने एक ही परिवार में दो से चार टिकट की मांग की थी। अब इनके खिलाफ बीजेपी के कुछ कार्यकर्ताओं ने आवाज उठानी शुरू कर दी है। शनिवार को सानपाड़ा के प्रभाग क्रमांक 18 में सैकड़ों कार्यकर्ताओं की एक बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें सभी ने एकसुर में कहा कि पार्टी अपने विचारों के मुताबिक एक परिवार के एक ही सदस्य को टिकट दे, ताकि पार्टी के लिए दिन रात काम करनेवाले कार्यकर्ताओं को उचित अवसर मिल सके।

> बैठक में की गई कार्यकर्ताओं को मौका देने की मांग



'...तो आम कार्यकर्ता नहीं करेंगे काम'

इस अवसर पर फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी के संयोजक सतीश निकम ने कहा कि कुछ लोग साल 2019 में बीजेपी में शामिल हुए थे, लेकिन विधानसभा चुनाव के समय वो लोग बीजेपी छोड़कर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) में चले गए थे। चुनाव के बाद वो लोग फिर से बीजेपी में आ गए। बीजेपी के दरवाजे सभी के लिए खुले हुए हैं, किसी को भी पार्टी में ले सकते हैं इसलिए हमने विरोध नहीं किया, लेकिन वही लोग अब एक ही परिवार में 4 से 6 टिकट मांग रहे हैं, इसलिए हमारी पार्टी से मांग है कि ऐसे लोगों को टिकट न दिए जाए, अन्यथा बीजेपी के आम कार्यकर्ता काम नहीं करेंगे। बीजेपी निष्ठावान कार्यकर्ताओं को मौका दे न कि परिवारवाद को बढ़ावा देने वालों को।

# योगी, मनोज, निरहुआ को बुलाने की तैयारी

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** बीएमसी सहित एमएमआर की महानगर पालिकाओं में उत्तर भारतीय खासकर उत्तर प्रदेश और बिहार के नेताओं और भोजपुरी फिल्मी सितारों की काफी मांग है। बीजेपी के एक नेता ने बताया कि हमने मुंबई सहित मीरा-भाईंदर, वसई-विरार, ठाणे, कल्याण-डोंबिवली, नवी मुंबई, पनवेल और भिवंडी महानगरपालिका के चुनाव में प्रचार करने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, बिहार की नवनिर्वाचित विधायक एवं गायिका मैथिली ठाकुर, सांसद मनोज तिवारी के साथ-साथ भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री के दिनेश लाल यादव, निरहुआ, पवन सिंह और रवि किशन शामिल होंगे। ये नेता और कलाकार डग वॉर्ड प्रचार के जरिए सीधे वोटर्स तक पहुंचेंगे, जहां उत्तर भारतीय मतदाताओं की संख्या ज्यादा है।

# BJP-शिंदे सेना में 207 सीटों पर बनी बात, 20 पर अटकी

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** बीएमसी चुनाव के लिए बीजेपी और शिंदे सेना के बीच सीटों के बंटवारे का फॉर्मूला लगभग तय हो गया है। मुंबई बीजेपी अध्यक्ष अमित साटम ने कहा कि बीएमसी की 227 सीटों में से 207 सीट पर हमारी सहमति हो गई है और उम्मीदवार भी तय हो गए हैं। रविवार को बची हुई 20 सीटों पर भी सहमति बन जाएगी। अमित साटम ने बताया कि इसमें बीजेपी के 128 सीटों और शिंदे सेना के 79 सीटों का फैसला हो गया है। बीएमसी चुनाव की सरगर्मी तेज हो गई है। इस तरह कुल 207 सीटों पर दोनों दलों के बीच सहमति बन चुकी है। साटम ने कहा कि बाकी सीटों को लेकर वरिष्ठ नेताओं के बीच चर्चा जारी है। बता दें कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पिछले दिनों साफ कर दिया था कि शिंदे सेना और बीजेपी मिलकर बीएमसी चुनाव लड़ेंगे। उसके बाद सीट बंटवारे को लेकर दोनों पार्टी के नेताओं के बीच कई राउंड की मीटिंग हुई। शनिवार को को भी दोनों दलों के नेताओं ने बैठक की।

# 'उत्तराखंडी समाज को BMC चुनाव में मिले प्रतिनिधित्व'

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** मुंबई और उपनगरों में उत्तराखंड मूल के निवासियों की संख्या 10 -12 लाख है। उत्तराखंडी समाज ने बीएमसी सहित अन्य मनपा चुनाव में प्रतिनिधित्व देने की मांग की है। मुंबई बीजेपी उत्तराखंड सेल के अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुसाईं का कहना है कि उत्तराखंड के लोगों की राजनीतिक, सामाजिक कार्यों में भागीदारी बहुत है। लेकिन टिकट देते समय उन्हें भुला दिया जाता है। उत्तरांचल महासंघ की अध्यक्ष आनंदी गैरोला कहती है कि उत्तराखंड के लोगों का राजनीतिक सक्रियता के हिसाब से तवज्जो मिलनी चाहिए। गढ़वाल भ्रातृ मंडल, मुंबई के अध्यक्ष रमण मोहन कुकरेती के अनुसार मुंबई में 100 साल के उत्तराखंडियों के इतिहास में अभी तक सिर्फ दो ही लोग नगरसेवक चुने गए हैं। हर दल टिकट देते समय कन्नी काट जाता है। उत्तरांचल मित्र मंडल भाईंदर के अध्यक्ष अर्जुन रावत ने भी दलों से मांग की है कि वे उत्तराखंडी समाज के प्रतिनिधियों को भी टिकट दें। मुंबई कौथिग के संयोजक मनोज भट्ट ने कहा है कि स्थानीय निकाय चुनाव में उत्तराखंडी समाज को भी प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए।

# एस्ट्रोन्यूमरो मिरर



सद्गुरुश्री दयाल
(डॉ. स्वामी अनादि)
(आध्यात्मिक गुरु एवं ज्योतिषीय चिंतक)

■ **सवाल- ग्रहों की दृष्टि का आकलन किस प्रकार होता है?** -माधवी पांडेय

**जवाब-** सद्गुरुश्री कहते हैं कि समस्त ग्रह अपने से सप्तम भाव को पूर्ण दृष्टि से देखते हैं। यानी हर ग्रह की उसके सीध के भाव में पूर्ण दृष्टि पड़ती है जिसे सप्तम दृष्टि भी कहा जाता है। बृहस्पति की अपने से पंचम व नवम भाव पर दृष्टि होती है। शनि अपने आप से तीसरे व दसवें भाव को निहारता है। मंगल चतुर्थ व अष्टम पर पर दृष्टि डालता है। राहु-केतु क्रमशः पांचवें और नौवें स्थान पर पूरी दृष्टि डालते हैं।

■ **सवाल- कुंडली में त्रिकोण का स्वामी अगर पाप ग्रह हो तो कैसे परिणाम मिलते हैं?** -विकास सोनकर

**जवाब-** सद्गुरुश्री कहते हैं कि कुंडली में लग्न, पंचम व दशम भाव त्रिकोण कहलाता है। त्रिकोण के स्वामी शुभ ग्रह हों या पाप ग्रह, सदैव अच्छा और शुभ परिणाम देते हैं।

**सवाल- शुभ ग्रह की उपस्थिति शुभ फल देती है या अशुभ?** -विजय खत्री

**जवाब-** सद्गुरुश्री कहते हैं कि चंद्रमा, बुध व शुक्र जहां आसीन होते हैं, वृद्धि करते हैं यानी शुभ फलों से नवाजते हैं। पर गुरु ग्रह जहां विराजते हैं, वहां हानि करते हैं। पर गुरु की दृष्टि जहां पड़ती है, वहां शुभ फल प्राप्त होता है।

**सवाल- जिनका जन्म सूर्योदय के समय हुआ हो, उन्हें जीवन में सफलता मिलती है या नहीं?** -श्रुति राजदान

**जवाब-** सूर्योदय में सिर्फ सूर्य की स्थिति का आभास होता है। जबकि सफलता-असफलता के विश्लेषण के लिए सूर्य के साथ अन्य ग्रहों की स्थिति का ज्ञान वि भान भी जरूरी है। सद्गुरुश्री कहते हैं कि सूर्योदय के समय सूर्य सामान्यतः कुंडली के प्रथम भाव यानी लग्न में आसीन होता है। ऐसे लोगों को श्रेय जरा देर से मिलता है। लग्न का सूर्य भावुक व नाटकीय बनाता है। इनके स्वभाव में उग्रता और मृदुता दोनों का समावेश होता है। ये लोग सुनी सुनाई बातों पर सरलता पूर्वक यकीन नहीं करते। दैहिक श्रम की अपेक्षा ये बौद्धिक श्रम में प्रवीण होते हैं। इन्हें अपार सामाजिक प्रतिष्ठा मिलती है। ये अपने सामर्थ्य से प्रगति करते हैं। ये लोग बेहद साहसी और आकर्षक होते हैं। इन्हें राजनीति की बहुत गहरी समझ होती है। इनका व्यक्तित्व बेहद असरदार होता है। ये दृढ़ इच्छाशक्ति के स्वामी होते हैं। गुस्से में ये मान-प्रतिष्ठा की भी चिंता नहीं करते। पर सामान्यतः ये वाद-विवाद से दूर रहना चाहते हैं। चित्त में चंचलता अधिक होती है। अगर ये अपनी चंचलता पर नियंत्रण कर लें तो ये बहुत बड़े ऋषि-मुनि या महात्मा हो सकते हैं।

**सप्ताह का ज्ञान**

सामान्य रूप से लोग मनी प्लांट को समृद्धि का कारक मानते हैं। पर सत्य यह है कि यदि कुंडली में बुध अच्छा नहीं हो तो घर में मनी प्लांट लगाने से घर की बेटियां और बहनें संघर्षमय जीवन व्यतीत करती हैं और अपार कष्ट पाती हैं। ऐसा मैं नहीं पारंपरिक मान्यताएं कहती हैं।

**टिप्स**

अगर मन उदास रहता हो, डिप्रेशन फील महसूस होता हो, भूख कम लगती हो, श्वास की समस्या हो, तो नारंगी रंग का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करना चाहिए।

### बात पते की

ज्योतिषीय कुंडली का दूसरा भाव जीवन की उस गूढ़ तिजोरी के समान है, जहां मनुष्य का संचित कर्म, धन-प्रवाह, वाणी की ध्वनि और पारिवारिक संस्कार एक ही सूत्र में एकत्रित, संग्रहीत और संगृहीत होते हैं। इसे धन-भाव कहा गया है, किंतु शास्त्रीय दृष्टि में यह केवल अर्थ-संपदा का संकेत नहीं देता, बल्कि यह जीवन-मूल्यों की निरंतरता का सूक्ष्म दर्पण है। तकनीकी रूप से दूसरा भाव धन, कुटुंब, वाणी, नेत्र-दृष्टि, मुख, भोजन और संचय-शक्ति का कारक है। इस भाव का स्वामी जिस भाव में स्थित होता है, वहीं व्यक्ति का धन-उपयोग और जीवन-रुचि प्रवाहित होती है। शुभ ग्रहों, बृहस्पति, शुक्र या बुध की दृष्टि या स्थिति इसे स्थिरता, मधुर वाणी और नैतिक समृद्धि प्रदान करती है। इसके विपरीत शनि, राहु या केतु की पीड़ा वाणी में कटुता, पारिवारिक तनाव और धन-संचय में अवरोध उत्पन्न कर सकती है। दूसरा भाव वाक् शक्ति का केंद्र है। यहां स्थित ग्रह बताते हैं कि शब्द औषधि बनेंगे या शस्त्र। मंगल की तीव्रता वाणी को तेज करती है, जबकि चंद्र की कोमलता उसे करुणा का रस देती है। यही भाव सत्य, असत्य, मौन और अभिव्यक्ति के बीच संतुलन रचता है। यह भाव भोजन और भोग का भी शास्त्रीय संकेतक है। व्यक्ति किस प्रकार के आहार से पोषित होता है और भोग को संयम में रूपांतरित कर पाता है या नहीं यह भी इसी से निर्धारित होता है। मैत्री की शक्ति और मुख की गरिमा का संबंध भी इसी भाव से है। अतः दूसरा भाव केवल धन का नहीं, संस्कारों की निरंतरता का भाव है।

नोट: अगर, आपकी कोई समस्या है, तो आप अपनी जन्म तारीख, जन्म समय और जन्म स्थान के साथ अपना सवाल nbtmumbai@timesofindia.com पर मेल कर सकते हैं। Subject: NBT Astro Numero जरूर लिखें। चुनिंदा सवालों के जवाब छापे

NBT पैरेंटिंग

ताकि बच्चे रहें अच्छे

# बच्चे झूठ बोलें, तो उनके मन को समझें

## भावनात्मक संकेत को अनदेखा करने से टूट सकता है भरोसा

मेरे काउंसलिंग रूम में एक मां बैठी थीं। उनकी आंखों में चिंता साफ झलक रही थी। थोड़ी देर चुप रहने के बाद उन्होंने कहा, 'मेरा बच्चा अब मुझसे सच नहीं बोलता। छोटी-छोटी बातों पर भी झूठ बोलने लगा है। मुझे डर है, कहीं मैं अपने ही बच्चे को खो न दूं।' यह कोई अकेली कहानी नहीं है। अपने वर्षों के अनुभव में मैंने देखा है कि बच्चों के झूठ बोलने से अक्सर माता-पिता काफी चिंतित हो जाते हैं। अलग-अलग घर, अलग-अलग परिस्थितियां लेकिन सवाल एक ही है कि बच्चे झूठ आखिर क्यों बोलने लगे।

### 'बच्चा मुझसे बातें छुपाने क्यों लगा'



डॉ. चीनू अग्रवाल
मनोवैज्ञानिक

यह सवाल सिर्फ बच्चे के व्यवहार के बारे में नहीं होता, यह रिश्ते में आई उस खामोश दरार के बारे में होता है, जो समय रहते समझी न जाए, तो धीरे-धीरे भरोसे को तोड़ सकती है। मनोविज्ञान के अनुसार बच्चों का झूठ बोलना अपने आप में समस्या नहीं है पर कभी कभी यह एक भावनात्मक संकेत (emotional signal) हो सकता है।

### भरोसा और प्रेम जरूरी

'हमने बच्चे को सब कुछ दिया, फिर भी वह हमसे झूठ क्यों बोल रहा है?' ऐसा महसूस करना स्वाभाविक है। बच्चों के लिए सुविधाएं प्रदान करना काफी नहीं। बच्चों में भरोसा, भावनात्मक सुरक्षा की भावना विकसित करने के लिए जरूरी कदम उठाने होंगे।



AI Image

### सच छुपाए, तो क्या होता है

माता-पिता और बच्चे के बीच भावनात्मक दूरी बढ़ने लगती है।

संवाद कम और गलतफहमियां अधिक हो जाती हैं।

बच्चा अपनी परेशानियां अकेले झेलने लगता है।

### क्या करें अभिभावक?

- सच बोलने पर डांटे नहीं, क्योंकि डांटने से बच्चे सच बोलने से डरते हैं।
- अपनी प्रतिक्रिया पर ध्यान दें, क्योंकि गलत प्रतिक्रिया उनके मन पर छाप छोड़ती है।
- पूछताछ नहीं, संवाद करें। यह जानें कि बच्चे ने झूठ क्यों बोला।
- भरोसा जीतें। भरोसा लगातार समझ और व्यवहार से बनता है।
- बच्चों को बदलने से पहले, उनसे जुड़ना जरूरी है।
- खुद से भी सवाल करें कि क्या हम उनकी बातें ठीक से सुनते और समझते हैं।

### बच्चे झूठ तब बोलते हैं जब-

उन्हें किसी बात के लिए सजा मिलने या डांटे जाने का डर होता है

उन्हें लगता है कि उनकी बात सुनी या समझी नहीं जाएगी

वे माता-पिता की अपेक्षाओं पर खरे न उतर पाने से डरते हैं

घर में संवाद से अधिक नियंत्रण होता है

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 28-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP3 User: ajay.karekar Time: 12-27-2025 20:42 Color:



CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 28-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP4 User: kamlesh.mestry Time: 12-27-2025 22:26 Color:

# जीवनसाथी
दिल का रिश्ता



## वधू चाहिए

### जाति आधारित

#### अग्रवाल-बिसा

**SM4** Maglik Goel, Oct-86, 5'7", Never Married, B.Com, Veg + T.Tottler, W.H. Mgr in Delhi, seeks Homely / Service Girl M.No. 9136164727, 8076085373.

#### ब्राह्मण

**H'SOME** 44/5'11" knkj B.Tech(C.S).M.B.A (London). properties Delhi NCR, Lko worked mnc, now self company Glint India technologies 108 noida 40LPA, never married, 9415142535

**BRAHMIN** Boy 1974 Nvr Married pure Veg. MBA MCA own computer Inst. at Chennai seeks Nvr Married Brahmin girl 9245117765/9597785815

#### जाटव

**DELHI** based JATAV h'some boy (Manglik), DOB 09.01.94, height 5'10', working in BSF Inspector preferred same caste beautiful girl. # 9350252384

#### कायस्थ

**ALLIANCE invited for UK based Srivastava boy 29/5'7" Clinical Scientist Father Tax consultant 9560396574.**

### सामान्य

#### अग्रवाल

**LOOKING** for suitable match for Agarwal boy 5'.8" /July 1997/Fair/B.Com/ having own Business/ Mumbai based. Contact 9820034513

#### जाट

**MCA** JAT boy JUL 79/5'5 IT Consultant, 7-figure LPA, Own house Father, Retd. Engr Seeks Educated girl. Caste no bar M: 9873395013

#### राजपूत

**CHAUHAN** Rajput (Vats Gotra), Single Boy, 5'-8"/23, Working MNC Bank, Salary 45000, Rental Income 30000, looking B'ful Bride # 9580175030

### जनरल

#### कास्ट नो बार (जाति का कोई बंधन नहीं)

**ब्राह्मण** 1996 जन्म, कद 5'6" BMS कॉर्पोरेट कंपनी में कार्यरत हेतु वधु चाहिए (जाति बंधन नहीं) 9224455971 ( मुंबई )

**LIC** Officer, Unmarried 28.09.1971, 6feet, Good Health / looking, Post Graduate, Well settled, Need Match Below 40yr only. Call/W'App: 9810015373

**SM** for jatav SC boy/30/5'6, IAS (allied) wrkg. Indian Rail way Traffic Service (IRTS) posted Mumbai parents civil servants . # 9920269460

**MUMBAI** based Boy looking for Marriage, 82 Nov, Whatsapp 9867396079

#### दूसरी शादी

**BRIDE** Wanted for NRI 60yrs 175cms Hindu Postgraduate Businessman. Caste No Bar. With Child welcome. WhatsApp +61438235205 Email humtum772012@gmail.com

### वधू चाहिए - भाषा आधारित

#### पंजाबी

**NEVER** married,N.Mgk,Delhi bsd Pb Kh hsome boy,8.9.86/5'9" conv edu, grad, b'man (owner SME & shops), 30 Lpa, edu well of fmly. 9810301389, 7065626622

TO PLACE A PERSONAL ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

## सलाह

पाठकों को किसी भी विज्ञापन पर कार्य करने से पहले उन्हें पूरी तरह से पूछताछ करने की सलाह दी जाती है। यह अखबार विज्ञापनदाताओं द्वारा दिए जाने वाले उनकी स्थिति, आयु और दूल्हे/ दुल्हन की आय की जिम्मेदारी नहीं लेता है। इस मामले में कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।

bharat matrimony
Biggest Matrimony Service for Indians
भारत की सबसे बड़ी विवाह सेवा
अभी ऐप डाउनलोड करें
पंजीकरण मुफ़्त है!
25 साल से भारतीयों की नंबर 1 पसंद



## वर चाहिए

TO PLACE A PERSONAL ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

### समुदाय के आधार पर

#### अग्रवाल

**SM4** Digamber Jain/Agrwl Singhal girl5'4"/94,PhD Asst. prof. NMIMS (MAHA)Seeks Equl/Prof.Qlfd boy Fthr Retr. C-1 Ofcr. Govt 9680604905

### जाति आधारित

#### ब्राह्मण

**LOOKING** alliance for Bangalore based Brahman daughter / Never married Nov - 83 born BE IT - working as Senior Solution Architect USA Based MNC - 60 LPA / Mb : 9327335444 / tkn1944@gmail.com

**ALLIANCE** invited for Brahmin girl, Aug 1992, Fair, 5'4". Senior Auditor earning annual package 25-30 LPA. From a respected upper middle-class family. Seeking well-settled, suitable groom. Contact: 9969294632.

**M4** Brahmin (Katyayan Gotra) B'ful, slim 26/5'4" M.Arch, Wkg MNC from South Del bsd status fmly, Seeks PQ, Educated, Well Settled, Maithil BR boy from reputed fmly. W'App 9810226780

### कार्य आधारित

#### डॉक्टर्स

**MD/MS** BRAHMIN M4 M B B S , M S OPTHALMOLOGY (Studying)GARHWALI BRAHMIN GIRL 1995/5'3" FROM A DOCTOR'S FAMILY 9411536600 7983038968

### धर्म आधारित

#### हिंदू

**SQM4** beautiful Shakyawar (Kori) unmarried girl Oct-1997/5'8" B. Tech & MBA, Cyber Security (IT) Senior professional working in MNC @ Mumbai, Caste no bar. Email: nshakyawar2025@gmail.com WhatsApp 9779651250

#### मुस्लिम

**RAILWAY** Accountant Girl 5,5" 29 Idrisi posted in Delhi, Father Rly SSO. seeks prof. boy from Delhi-NCR 9760537050, nazmuddeen@gmail.com

### वर चाहिए - भाषा आधारित

#### बंगाली

**SM4,** B'ful Bengali Kayasta 31Yrs, 5'6" Dentist (MDS) Working Reputed Hospital in Blore, Seeks Well Settled Groom WhatsApp: 8884053989

### वर चाहिए - राष्ट्रीयता आधारित

#### एनआरआई/ ग्रीन कार्ड

**NRI GIRL**
30 yrs 5'6 div.(ON),Canada PR, Govt Job, Pref.well settled Boy (ON)Canada No-9818417398

### सामान्य

#### दूसरा विवाह

**SM4** NM 43/ 5'8"/ B.Com (H) & MBA/ I'less Divorce Boy/ Wrkg MNC/ S.Del Bsd Fmly, Seeks Edu. B'Ful Veg. Bride, No Dowry # 8076177950

#### कॉस्मोपॉलिटन

**B'LORE** Psychologist 33, 5'7" Fair,Pretty.Master's. North-South parents, modern. Groom 5'10" above. Educated, smart, well-placed 8618070295

#### कास्ट नो बार (जाति का बंधन नहीं)

**SM4** Punjabi b'ful Girl 5'4"/ 1995PG in Mass Com. & MA in film making frm UK wkg with repu. orgnization in Mumbai Fthr own Pharma B'ness in Delhi Lkng for suitble match bsd Mumbai 4 her 9215624867

**WELL** Educated B'Ful Vaish Girl 21-8-88/5'5" B.Tech (Bio-Tech), MBA Mkt doing Free lance, Seeks well Edu. Boy, Govt. Job Pref. # 9810332990

**PUNE** based Beautiful Never married girl, age 43,ht 5'4", Education- Bcom, GDCA, Seeks professionally educated Groom. 9823397760

**GRADUATE** B'Ful. Fair Slim Jatav Veg. Mnglk girl 1988/ 5'7" Seeks Edu. Well sttld. Boy. Prefer from Delhi NCR.Call/ W'App: 9891288969

**Ph.D.** DU Kanojia Girl, 31/ 5'4",seeks Well Educated Stld. Govt MNC Preferred. Delhi Based Boy. Cont: 9868077057, vidyakanojia13@gmail.com

**RESIDENT** of Kolkata, posted in Mumbai, MBA HR, 39/5'2",Suitable groom req-8336060000

TO PLACE A PERSONAL ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

TO PLACE A PERSONAL ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472



# विवाह विशेष

TIMES interact
READER ENGAGEMENT INITIATIVE

DESIGNER Fancy Sarees 31 YEAR at your service
Makar SANKRANTI
10% Special Offer
Salonee CHANDERIWALA HOUSE OF EXCLUSIVE FANCY SAREES
(NO BRANCHES)
COLLECTION RANGE IN
• Embroidery Sarees • Upaada Silk • Banarsi Weaves • Silk Kota • Cotton Sarees • Kota Sarees • Tissue Kota • Summer Crepe • Row Mango Silk • Super Net • Chanderi Silk • Kathmandu Silk • Chapa Silk • Kataan Silk • Tissue & appliqué magic in 4 stunning colours!
Shop No 7/B, Sahayadri Building, S.V. Road, Opp Bajaj Hall, Malad (W), Mumbai - 64
Mob.: 80802 84377 / 99307 87205
Sunday Open: Timing: 10.30 am to 8.30 pm | Thursday Closed

Radha Krishna
हम आपको Selected Biodata ही देंगे!
आपको तीन अलग-अलग लोगों से Cross जानकारी करनी है।
ताकि रिश्ता अच्छी जगह रिश्ता हो जाए
Bajoria (Agrawal)
9320411776

शादी और इसमें होने वाली हर रस्म बेहद खूबसूरत होती है। ऐसी ही एक खूबसरत रस्म है हल्दी। हल्दी के दौरान दूल्हा-दुल्हन को रिश्ते-नातेदार हल्दी लगाकर जश्न मनाते हैं। इस मौके पर फूलों से बनी जूलरी दुल्हन को सजाने के लिए परफेक्ट साबित हो सकती है।

## हल्दी की रस्म के लिए खुद को इन फूलों से सजाएं

AI GENERATED IMAGE



e-Amul.Rastogi@timesofindia.com

हल्दी की रस्म में दुल्हन को सजाया संवारा जाता है। ऐसे में अगर आप भी हल्दी सेरेमनी में खूबसूरत दिखने के लिए तरीके खोज रही हैं, तो फूलों से बनी फ्लोरल जूलरी करें ट्राई कर सकती हैं। हल्दी के रस्म में पीले रंग के साथ रंग बिरंगे फूल से सजी दुल्हन अलग ही दिखाई देगी। इससे न सिर्फ कुछ नया ट्राई करने को मिलेगा, बल्कि चीजें और ज्यादा पारंपरिक भी नजर आएंगी। जूलरी किसी भी लड़की की खूबसूरती को और ज्यादा बढ़ा देती है। ऐसे में जब बात शादी की हो, तो शादी की हर एक रस्म में अलग तरह की जूलरी खूबसूरती बढ़ाने के लिए बहुत ज्यादा मायने रखती है।

ऐसे में खासकर जब जूलरी ताजे, सुगंधित और प्राकृतिक फूलों से बनी हो तब बात ही क्या है। इस जूलरी की सबसे अच्छी बात यह होती है कि यह यूनिक और ट्रेंडी होती है। इसलिए आप कई सारे डिजाइन ट्राई कर सकती हैं। वास्तव में फूलों से बनी जूलरी किसी भी दुल्हन के लुक को और ज्यादा निखार सकती है। खासतौर पर यदि हल्दी की रस्म की बात हो तब फ्लोरल जूलरी और ज्यादा खूबसूरत लगती है। आइए आपको कुछ ऐसे ही फ्लोरल जूलरी के आइडियाज देते हैं जिन्हें आप भी अपनी हल्दी की रस्म में कैरी कर सकती हैं और गॉर्जियस ब्राइड बन सकती हैं।

### गुलाबी और सफेद फूलों की जूलरी

यह खूबसूरत गुलाबी और सफेद फूलों से बनी जूलरी आपकी हल्दी सेरेमनी के लिए परफेक्ट लुक दे सकती है। खूबसूरत और ताजे फूलों की फ्लोरल जूलरी हल्दी की रस्म में, होने वाली दुल्हन के श्रृंगार में चार चाँद लगाने के लिए काफी है। एक्ट्रेस काजल अग्रवाल ने भी अपनी शादी की हल्दी सेरेमनी में ये खूबसूरत जूलरी कैरी की थी जो उनके लुक को बेहद खास बना रही थी। आप भी अपनी हल्दी की रस्म में ये जूलरी जरूर ट्राई करें।

### फ्लोरल कियारा

जब शादी की रस्मों में खूबसूरत लुक की बात है तो भला कियारा कौन नहीं पहनना पसंद करेगा। बिपाशा बसु की ये खूबसूरत फ्लोरल जूलरी आपको हल्दी की रस्म में भी चार चाँद लगा सकती है। देर किस बात की, तैयार हो जाइये इस नेचुरल फूलों से बनी जूलरी के साथ अपनी शादी में खूबसूरत नजर आने के लिए।

### फूलों का शानदार कॉम्बिनेश

लाल और सफेद रंग के खूबसूरत फूलों का ये कॉम्बिनेशन वास्तव में आपकी हल्दी की रस्म में रौनक लाने के लिए काफी है। अगर आप हल्दी की रस्म में कुछ नया और खूबसूरत ट्राई करने के बारे में सोच रही हैं, तो एक्ट्रेस सना खान की ये फ्लोरल जूलरी जरूर ट्राई करें।

### रंगों का झमघट

नेचुरल फूलों से तैयार की गयी कई कलर्स के फूलों की ये जूलरी आपके लुक को गॉर्जियस बना सकती है। खासतौर पर फ्लोरल मांग टीका किसी भी दुल्हन की खूबसूरती को कई गुना तक बढ़ा सकता है। आप भी अपनी हल्दी सेरेमनी में ये जूलरी जरूर ट्राई करें।

### गॉर्जियस गुलाबी जूलरी

अगर आप हल्दी की रस्म में कम जूलरी के साथ गॉर्जियस लुक पाना चाहती हैं, तो नेहा कक्कड़ की ये गुलाबी फूलों से बनी जूलरी ट्राई कर सकती हैं। ये खूबसूरत मांग टीका आपके किसी भी आउटफिट के साथ आपको स्टाइलिश लुक तो देगा ही, साथ ही आप इस जूलरी के साथ सबके बीच स्टाइल आइकॉन भी बन सकती हैं।

### हर आउटफिट पर हिट

हल्दी सेरेमनी में खूबसूरती कायम रखने के लिए आप गौहर खान की ये खूबसूरत फ्लोरल जूलरी ट्राई कर सकती हैं। ये जूलरी किसी भी कलर के ऑउटफिट के साथ खूबसूरत लगेगी। खासतौर पर आप येलो ऑउटफिट के साथ इसे कैरी कर सकती हैं। गौहर खान ने भी अपनी हल्दी सेरेमनी में ये जूलरी कैरी की थी और वो इस लुक में बेहद खूबसूरत नजर आ रही थीं।

### हल्दी और यलो का कॉम्बो

हल्दी सेरेमनी में अगर सब कुछ हल्दी के रंग का यानी, येलो कलर का हो तो बात ही क्या है। ये येलो कलर के फूलों से बनी खूबसूरत जूलरी आपको हल्दी की रस्म में आपको बेहद खूबसूरत लुक दे सकती है। इसमें पीले फूलों का बहुतायत में इस्तेमाल किया गया है जो इस जूलरी को और ज्यादा खूबसूरत लुक दे रहा है।

### लाल और सेफद फूलों का संगम

ये सफेद और लाल फूलों को मिलाकर तैयार की गई जूलरी आपके किसी भी ऑउटफिट के साथ खूब जंचेगी। इसका सफेद बेला के फूलों से बना नेकलेस इसकी खूबसूरती में चार चांद लगा रहा है जो दुल्हन की खूबसूरती को भी बढ़ाएगा। खासतौर पर मांग टीका में लगा लाल गुलाब इसे और ज्यादा खूबसूरत बना रहा है। आप भी इस फ्लोरल जूलरी को अपनी हल्दी सेरेमनी में जरूर ट्राई करें।



SubhLagan™ A BOND OF TRUST
रमन शर्मा
अपने लाडले-लाडलियों के रिश्तों के लिए एक बार अवश्य पधारिये!
(केवल हिंदू समाज के लिए)
info@subhlagan.com | www.subhlagan.com
अंधेरी (प) - रमन : 9920233244, 022-40601111
वडाला (प) - बनवारी : 9167344068, 022-24164335
दिल्ली - रोहित : 9987314956, 011-35008404
कोलकाता - प्रवीण : 9748794123, 9830082203
जयपुर - विक्की : 7357069118, 0141-4108434



Tulsi STUDIO
BRIDAL STORE
THANE & SANTACRUZ (WEST)
Contact : +91-9930407588



मुम्बई अग्रवाल सामूहिक सम्मेलन
पैसा/करियर के लिए संपूर्ण जीवन है, युवावस्था सीमित समय के लिए है!!!
बीती युवावस्था वापस नहीं आ सकती!!!
AGE : 20 AGE : 30 AGE : 40
AGE : 20 AGE : 30 AGE : 40
शिक्षित अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन
CA, DOCTOR, MBA, ENGINEERS & ETC
दि. 10-11 जनवरी 2026
संपर्क : 9699 054 544 / 9920 646 646

# पश्चिम और मध्य रेलवे ने तैयार किया लोकल ट्रेन में भीड़ घटाने का ब्लूप्रिंट

## मुंबई से शुरू होने वाली एक्सप्रेस ट्रेनों की संख्या में भी होगा इजाफा

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई

**मुंबई में** लोकल और एक्सप्रेस ट्रेनों की सेवाएं बढ़ाने के लिए कई काम किए जा रहे हैं। वर्तमान में मध्य एवं पश्चिम रेलवे इस मकसद को हासिल करने के लिए नए टर्मिनलों का विस्तार, अतिरिक्त प्लेटफॉर्मों का निर्माण, नई पिट लाइनों की व्यवस्था, स्टेबलिंग एवं स्टेबलिंग लाइनों का विस्तार, शंटिंग व्यवस्था में सुधार, मेगा कोचिंग कॉम्प्लेक्स सहित रखरखाव इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास तथा सिग्नलिंग, ट्रैफिक सुविधा कार्यों एवं मल्टी-ट्रैकिंग का काम कर रही है। रेलवे की यह काम 2030 तक पूरा करने की योजना है। मिली जानकारी के अनुसार, वर्तमान में पश्चिम रेलवे की मुंबई से लंबी दूरी की 44 ट्रेनें चलती हैं, जिन्हें 65 करने का प्लान बनाया गया है। इसके अलावा, मौजूदा ट्रेनों में हर दिन लगभग 70 कोच बढ़ाए जाएंगे, यानी प्रति ट्रेन में 1 से 2 कोच बढ़ेंगे। वहीं, मध्य रेलवे का कहना है कि वह फिलहाल लंबी दूरी की 82 ट्रेन मुंबई से संचालित करता है। आने वाले समय में 30 प्राइमरी मेंटेनेंस और 38 टर्मिनल ट्रेन का इजाफा किया जाएगा।

**उपनगरीय सेवाओं में वृद्धि**

वर्तमान में मध्य रेलवे (CR) 1820 और पश्चिम रेलवे (WR) 1406 सेवाएं चलाता है। CR के पास 3 और WR के पास 3 कार शेड हैं। अधिकारी का कहना है कि एमएमआर में चल रहा इंफ्रास्ट्रक्चर का काम पूरा होने के बाद लोकल सेवाओं में इजाफा हो जाएगा। क्योंकि फिर कुछ लाइन केवल लोकल ट्रेनों के लिए समर्पित होंगी। पश्चिम रेलवे ने 2030 तक 165 अतिरिक्त उपनगरीय सेवाएं चलाने की योजना बनाई है, वहीं मध्य रेलवे ने 584 सर्विस इजाफा करने की योजना बनाई है। इस हिसाब से 5 साल में कुल 749 सर्विस बढ़ने की योजना बनाई गई है।



File Photo

**WR के चल रहे प्रोजेक्ट**

- मुंबई सेंट्रल–बोरीवली छठी लाइन
- बोरीवली–विरार 5वीं एवं 6ठी लाइन
- विरार–दहाणु रोड तीसरी एवं चौथी लाइन
- नायगांव–जुईचंद्रा डबल कॉर्ड लाइन
- स्टेशन एक्सटेंशन-15 डिब्बों की लोकल के लिए

**CR के चल रहे प्रोजेक्ट**

- परेल-कुर्ला पांचवी-छठी लाइन
- कल्याण-कसारा तीसरी-चौथी लाइन
- कल्याण-कर्जत तीसरी-चौथी लाइन
- कल्याण रिमॉडलिंग
- स्टेशन एक्सटेंशन- 15 डिब्बों की लोकल के लिए

हम यात्रियों की बढ़ती मांग को पूरा करने और भीड़भाड़ को कम करने के लिए विभिन्न शहरों में कोचिंग टर्मिनलों का विस्तार कर रहे हैं तथा अनुभागीय एवं परिचालन क्षमताओं में वृद्धि कर रहे हैं। इस पहल से हमारे रेलवे नेटवर्क का उन्नयन होगा और राष्ट्रव्यापी संपर्क सुविधा को सुदृढ़ किया जा सकेगा। *-अश्विनी वैष्णव, रेल मंत्री*



### सैकड़ों लोकल रद्द होने से यात्री हुए परेशान

शनिवार सुबह पीक टाइम में पश्चिम रेलवे के यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। क्योंकि कांदिवली और बोरीवली के बीच चल रहे रेल इंफ्रास्ट्रक्चर के काम के चलते दिन भर में करीब 300 लोकल रद्द थीं। प्रमुख स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर यात्रियों की काफी भीड़ देखने मिली। यात्रियों ने बताया कि उन्हें रोज के मुकाबले लोकल का ज्यादा इंतजार करना पड़ा। एक यात्री ने एनबीटी को बताया कि सुबह उन्होंने वसई से लोकल ली थी, लेकिन बोरीवली तक पहुंचना ही मुश्किल हो गया।

### CR मेन लाइन पर सुबह 10:36 से ब्लॉक

मध्य रेलवे (CR) पर रविवार को विभिन्न इंजिनियरिंग और रखरखाव कार्यों के लिए मेगा ब्लॉक होगा। सीएसएमटी से 10:36 बजे से 15:10 बजे तक चलने वाली डाउन फास्ट लाइन सेवाएं माटुंगा स्टेशन पर डाउन स्लो लाइन पर डायवर्ट की जाएंगी। इसके अलावा ठाणे से सुबह 11:03 बजे से अपराह्न 15:38 बजे तक चलने वाली अप फास्ट लाइन की सेवाएं मुलुंड स्टेशन पर अप स्लो लाइन पर डायवर्ट की जाएंगी। मुलुंड और माटुंगा स्टेशनों के बीच अपने ठहरावों के अनुसार रुकेंगी और गंतव्य पर 15 मिनट देरी से पहुंचेंगी।

### हार्बर लाइन पर स्पेशल सेवाएं

CSMT से रविवार 11:16 बजे से 16:47 बजे तक वाशी/बेलापुर/पनवेल और CSMT से 10:48 बजे से 16:43 बजे तक बांद्रा/गोरेगांव के लिए छूटने वाली डाउन हार्बर सेवाएं निलंबित रहेंगी। वहीं 09:53 बजे से 15:20 बजे तक पनवेल/बेलापुर/वाशी से CSMT और 10:45 बजे से 17:13 बजे तक गोरेगांव/बांद्रा से CSMT वाली अप हार्बर सेवाएं भी निलंबित रहेंगी। इस दौरान पनवेल-कुर्ला के बीच हर 20 मिनट पर स्पेशल सेवाएं चलेंगी।




# बॉम्बे हाई कोर्ट से JSW के MD जिंदल को मिली राहत

## महिला के रेप केस को दोबारा खोलने की याचिका खारिज


AI Image

**मैजिस्ट्रेट कोर्ट में नहीं जताई थी आपत्ति**

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: बॉम्बे हाई कोर्ट ने JSW के एमडी सज्जन जिंदल के खिलाफ रेप के बंद मामले को दोबारा खोलने की मांग से जुड़ी याचिका खारिज कर दी है। मामले को लेकर पिछले साल मैजिस्ट्रेट कोर्ट ने बीकेसी पुलिस की क्लोजर रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया था। रिपोर्ट में पुलिस ने 32 वर्षीय महिला के आरोपों को गलत पाया था। याचिका में महिला ने मामले में मैजिस्ट्रेट कोर्ट के 24 अप्रैल, 2024 के आदेश को चुनौती दी थी, जिसे चीफ जस्टिस श्री चंद्रशेखर और जस्टिस गौतम अनखड की बेंच ने याचिका को खारिज कर दिया। महिला ने जिंदल के खिलाफ आईपीसी की धारा 376, 354 (छेड़छाड़) और 506 (धमकाना) के तहत केस दर्ज कराया था। पुलिस ने क्लोजर रिपोर्ट में कहा था कि केस के संबंध में काफी देरी से शिकायत दर्ज कराई गई थी। कई अवसर दिए जाने के बावजूद महिला बयान दर्ज कराने के लिए हाजिर नहीं हुई थी। एफआईआर में आरोपी के जिस जगह पर होने का खुलासा किया गया था, वहां वह उपस्थित नहीं था।

याचिका में मुख्य रूप से केस के संबंध में पुलिस द्वारा दायर की समरी रिपोर्ट को रद्द कर केस की जांच सीबीआई को ट्रांसफर करने अथवा जांच के लिए एसआईटी गठित करने की मांग की गई थी। याचिका में पुलिस को केस को लेकर तीन माह में चार्जशीट दायर करने का निर्देश देने का आग्रह किया गया था। बेंच ने कहा कि चूंकि शिकायतकर्ता ने पुलिस की क्लोजर रिपोर्ट पर मैजिस्ट्रेट कोर्ट में कोई आपत्ति नहीं जताई थी, ऐसे में इस केस में हस्तक्षेप का दायरा सीमित हो जाता है। बेंच ने कहा कि शिकायतकर्ता उच्च शिक्षित है। उसने आरोपी के साथ अपने व्यवहार को लेकर सोच समझकर निर्णय लिया था। इस प्रकार कोर्ट ने कहा कि महिला की याचिका में कोई मेरिट नहीं है और उसे खारिज कर दिया।

## फटाफट खबरें

### मृत्यु के बाद महिला ने मरीजों को दिया जीवन दान

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: दुनिया को अलविदा कहने के बाद 38 वर्षीय महिला ने 5 गंभीर रोग से ग्रसित मरीजों को जीवन दान दे दिया है। महिला की अंगदान प्रक्रिया को श्री महावीर जैन अस्पताल में अंजाम दिया गया। परिजनों की अनुमति के बाद हार्ट, लंग, किडनी, पैनक्रिया, लिवर और किडनी अंग को ट्रांसप्लांट कर पांच अलग अलग मरीज को दिया गया। बता दें कि 2025 में अब तक 53 लोग अंगदान कर दूसरे मरीजों की जान बचा चुके हैं।

### 'परिमंडल-8 पुलिस ने लौटाई जब्त संपत्ति'

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: परिमंडल-8 पुलिस ने चोरी, लूट और गुमशुदगी मामलों में बरामद 39.77 लाख रुपये की संपत्ति 176 मूल मालिकों को लौटाई। बीकेसी थाने में आयोजित कार्यक्रम में डीसीपी मनीष कलवानिया की मौजूदगी में मोबाइल, वाहन, आभूषण और अन्य सामान सौंपे गए।

### पत्रकारों की सतर्कता से समाज सुरक्षित

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: आईआरएस अधिकारी समीर वानखेडे ने कहा कि पत्रकारों की सतर्कता से प्रशासन अधिक जवाबदेह बनता है। वे मालाड पश्चिम में पत्रकार विकास संघ के 17वें वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे, जहां पत्रकारों को सम्मानित किया गया।

# छात्रा मौत केसः आश्रम शाला के प्रिंसिपल व वॉर्डन निलंबित

■ NBT न्यूज, कल्याण: मुरबाड तालुका के मोरोशी स्थित शासकीय आदिवासी आश्रम शाला में कक्षा 10वीं की छात्रा की मौत के मामले में शिक्षा विभाग ने कड़ी कार्रवाई की है। छात्रा गुरुवार तड़के छात्रावास के कमरे में ओढ़नी से फांसी लगाकर मृत पाई गई थी। घटना के बाद स्कूल के प्रधानाध्यापक और महिला छात्रावास वॉर्डन को निलंबित कर दिया गया है। यह घटना शहापुर एकात्मिक आदिवासी विकास प्रकल्प के अंतर्गत संचालित मोरोशी शासकीय माध्यमिक व उच्च माध्यमिक आश्रम शाला में हुई, जहां पहली से बारहवीं तक की कक्षाएं चलती हैं। स्कूल में कुल 405 छात्र हैं, जिनमें 73 आवासीय छात्राएं शामिल हैं। घटना के समय 68 छात्राएं छात्रावास में मौजूद थीं।

घटना की सूचना मिलते ही शिक्षा विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और परियोजना स्तर की जांच समिति गठित की गई। सहायक परियोजना अधिकारी बी. आर. जाधव और कनिष्ठ शिक्षा विस्तार अधिकारी एस. एल. फेकड़ा की समिति ने लापरवाही उजागर की।

**समय पर नहीं हुई चिकित्सीय जांच**

**छात्रा को** एक माह से मासिक धर्म नहीं आया था, जो गंभीर स्वास्थ्य संकेत था, लेकिन समय पर चिकित्सीय जांच नहीं कराई गई। रिपोर्ट में प्रधानाध्यापक प्रसाद भोई और महिला अधीक्षिका जयश्री वाघाडे को लापरवाही का जिम्मेदार ठहराया गया। प्रभारी परियोजना अधिकारी डी. डी. कालपांडे की सिफारिश पर अपर आयुक्त आदिवासी विकास गोपीचंद कदम ने दोनों के निलंबन के आदेश जारी किए। वहीं पोस्टमार्टम में शारीरिक शोषण के संकेत मिलने के बाद मुरबाड ग्रामीण पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

# मुंबई पुलिस के सामने न्यू ईयर और BMC चुनाव की दोहरी चुनौती

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद रखने के लिए मुंबई पुलिस के सामने आगामी 20 दिनों में दोहरी चुनौतियां आने वाली हैं। इनमें पहली चुनौती नए साल की जश्न वाली रात होगी, जबकि दूसरी बीएमसी चुनाव के दौरान सुरक्षा संभालने की रहेगी। हालांकि, दोनों चुनौतियों से निपटने के लिए मुंबई पुलिस पूरी तरह से तैयार है, जिसके लिए क्रमशः 15 और 30 हजार पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी। इसकी पुष्टि खुद मुंबई पुलिस से जुड़े एक वरिष्ठ आईपीएस ने की। इस आईपीएस के अनुसार, मुंबई पुलिस के पास विपरीत परिस्थितियों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर बेहतर अनुभव है। इसलिए हम इन चुनौतियों को जनता के सहयोग से आसानी से सामना कर लेंगे। सोशल मीडिया पर निगरानी रखी जा रही है।

**नए साल के लिए 15 हजार और चुनाव में 30 हजार पुलिसकर्मी रहेंगे तैनात**



**मुंबई की सुरक्षा व्यवस्था सख्त**

| | |
|---|---|
| 3 | संयुक्त पुलिस आयुक्त |
| 8 | अतिरिक्त पुलिस आयुक्त |
| 29 | पुलिस उपायुक्त |
| 53 | सहायक पुलिस अधिकारी |
| 2184 | पुलिस इंस्पेक्टर (पीआई) |
| 12048 | अन्य पुलिसकर्मी |

(सोर्स: मुंबई पुलिस सूत्र)

**11 हजार CCTV से रहेगी हालात पर नजर**

कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालने वाले इस आईपीएस ने बताया कि नए साल के जश्न को लेकर 15 हजार पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे। इसके अलावा करीब 11 हजार सीसीटीवी कैमरों से भीड़ पर नजर रखी जाएगी। वहीं, बीएमसी चुनाव और मतगणना के दौरान 30 हजार से ज्यादा पुलिसकर्मियों समेत क्यूआरटी, बीडीडीएस, दंगा निरोधक दस्ता और खुफिया विभाग से जुड़े अधिकारी भी हालात पर नजर रखेंगे। बाहरी जिलों की पुलिस फोर्स को बुलाया जाएगा। ट्रैफिक पुलिस की भी मदद ली जाएगी।

# घाटकोपर में झाड़ियों में मिला महिला का शव, हत्या की आशंका!

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: घाटकोपर के कामराज नगर में सड़क किनारे घनी झाड़ियों में एक विवाहित महिला का शुक्रवार रात शव मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस ने बताया कि मृतका की पहचान अमीना इब्राहिम सिद्दीकी के रूप में हुई है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि अमीना की गला रेतकर हत्या की गई है। अमीना पति इब्राहिम सिद्दीकी और चार बच्चों के साथ घाटकोपर के कामराज नगर में रहती थी। इब्राहिम ऑटो चलाता है। घटना वाले दिन अमीना अपनी भाभी के साथ किसी काम से बाहर गई थी। काम पूरा हो जाने के बाद भाभी अपने घर चली गई, जबकि देर रात तक अमीना घर नहीं पहुंची। परेशान पति ने रिश्तेदारों से पूछा, लेकिन किसी ने अमीना के बारे में जानकारी नहीं दी। भाभी ने भी काम खत्म होने पर अमीना के घर जाने की बात कही। काफी तलाश के बाद हताश होकर इब्राहिम ने पंत नगर पुलिस स्टेशन में अमीना की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तलाशी अभियान शुरू कर दिया। इस दौरान उन्हें सड़क किनारे एक झाड़ी में अमीना का शव मिला। उसके गले पर धारदार हथियार से वार के गहरे निशान थे।

- अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज
- क्राइम ब्रांच समेत लोकल पुलिस की 10 टीमें जांच में जुटी

इस संबंध में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि शुरुआती जांच में उन्हें आपसी रंजिश की आशंका का एंगल दिख रहा है। पंत नगर पुलिस और क्राइम ब्रांच की 10 टीमें गठित कर सीसीटीवी फुटेज और मृतका के अंतिम संपर्कों की जांच की जा रही है। अमीना के साथ दिखाई देने वाले लोग भी शक के दायरे में हैं, जिनसे पूछताछ जारी है।

### सुरेश वाडकर अटल सम्मान से नवाजे गए



दीप कमल फाउंडेशन के आयोजन में अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर मुंबई में आयोजित समारोह में सुरेश वाडकर को अटल सम्मान प्रदान किया गया, जबकि सुदेश भोसले और मनोज जोशी ने अटलजी की रचनाओं से श्रद्धांजलि दी।

# यौन उत्पीड़न के आरोप में महिला डॉक्टर गिरफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: मालवणी इलाके में एक क्लिनिक में एक महिला (44) डॉक्टर द्वारा कथित तौर पर यौन उत्पीड़न की घटना सामने आई है। आरोपी महिला डॉक्टर को गिरफ्तार कर लिया गया है। यौन उत्पीड़न, मानहानि और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे दिंडोशी विशेष पॉक्सो कोर्ट में पेश किया गया, जहां से आरोपी को पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

पीड़िता 12 वर्षीय छात्रा है, जो मालवणी में परिवार के साथ रहती है। होंठ पर हुए छाले का इलाज कराने जब वह आरोपी के क्लिनिक गई, तो जांच के दौरान डॉक्टर ने कथित तौर पर उसको बिस्तर पर लेटने को कहा। फिर अनुचित तरीके से उसके शरीर को टटोलने लगी। विरोध करने पर आरोपी ने चुप रहने की धमकी दी। इसके बाद पीड़िता ने घर आकर इसकी जानकारी परिजन को दी, जिसके बाद वे पुलिस स्टेशन गए। पुलिस आरोपी महिला की जानकारी जुटा रही है।

- दिंडोशी विशेष पॉक्सो कोर्ट ने आरोपी को पुलिस हिरासत में भेजा

# मेकअप आर्टिस्ट बॉम्बबोट पर धोखाधड़ी केस में चार्जशीट दाखिल

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (EOW) ने सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट चेराग बॉम्बबोट से जुड़े 6.15 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में एस्प्लेनेड कोर्ट में करीब 1,500 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की है। चार्जशीट में 12 गवाहों के बयान दर्ज किए गए हैं। इस मामले में चेराग बॉम्बबोट, उनकी पत्नी टेमिसन शेख और राकेश शेट्टी को आरोपी बनाया गया है। शिकायतकर्ता औद्योगिक केमिकल कारोबारी विराज शाह का आरोप है कि मेकअप और स्किनकेयर कारोबार में निवेश के नाम पर उनसे रकम ली गई। जांच में निवेश की राशि निजी खर्चों में इस्तेमाल होने का दावा सामने आया है। मामला जनवरी 2025 में दर्ज किया गया था।

- 1500 पन्नों की चार्जशीट में 12 गवाहों के बयान दर्ज हैं

# 9 जनवरी से तीन महीने के लिए बंद रहेगा श्री क्षेत्र भीमाशंकर मंदिर

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: पुणे जिले में स्थित 12 ज्योतिर्लिंगों में शामिल प्राचीन श्री क्षेत्र भीमाशंकर मंदिर 9 जनवरी 2026 से अगले तीन महीनों के लिए श्रद्धालुओं के लिए बंद रहेगा। हालांकि महाशिवरात्रि पर्व के दौरान 12 से 18 फरवरी 2026 तक के लिए दर्शन की अनुमति दी जाएगी। यह निर्णय भीमाशंकर देवस्थान संस्थान की ओर से लिया गया है, ताकि सभामंडप और पैदल मार्ग के निर्माण कार्य को सुरक्षित तरीके से पूरा किया जा सके।

23 दिसंबर को हुई संयुक्त बैठक में जिला प्रशासन, मंदिर ट्रस्टी, स्थानीय दुकानदारों और भीमाशंकर ग्रामवासियों ने सहमति जताई। राज्य सरकार ने भीमाशंकर मंदिर के सर्वांगीण विकास के लिए विशेष योजना को मंजूरी दी है। सिंहस्थ कुंभ मेला 2027 को देखते हुए भीड़ प्रबंधन, बुनियादी सुविधाओं और सुरक्षा कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है।

# बेटी को वेश्यावृत्ति में धकेला, मां को 10 साल की जेल

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: दिंडोशी सेशन कोर्ट ने नाबालिग बेटी को जबरन वेश्यावृत्ति में धकेलने वाली मां को 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने कहा कि मामले से जुड़ी महिला का अपराध गंभीर है। उसने नाबालिग को वेश्यावृत्ति में धकेल कर प्रेम और आस्था के बंधन को तोड़ा है। एक मां के तौर पर खुद की जिम्मेदारी से मुंह मोड़ा है, इसलिए महिला के प्रति कोई नरमी नहीं दिखाई जा सकती है। न्यायाधीश नीता अनेकर ने यह फैसला सुनाया है। इस मामले से जुड़ी दो महिलाओं को सबूत के अभाव में बरी कर दिया है।

- कोर्ट ने नरमी दिखाने से किया इनकार

एक गैर सरकारी संस्था के प्रतिनिधि ने वेश्यावृत्ति के रैकेट को लेकर मलाड पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी। मामले में दोषी महिला ने एक ग्राहक को 65 हजार रुपये में दो लड़कियां उपलब्ध कराने की बात कही थी। इसके बाद पुलिस ने जाल बिछाया और महिला को गिरफ्तार कर लिया। जांच में पता चला था कि दो में से एक लड़की नाबालिग की सगी बेटी थी। न्यायाधीश ने महिला को दोषी माना।

# प्रधान जिला न्यायाधीश अदालतों के रिपेयर को मंजूरी दें: HC


AI Image

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: बॉम्बे हाई कोर्ट ने प्रदेश के संबंधित जिलों के प्रधान जिला न्यायाधीशों को उन अदालतों के स्ट्रक्चर की मरम्मत कराने की मंजूरी दी है, जिनकी लागत 1 करोड़ से कम है। हाई कोर्ट ने कहा है कि रिपेयर वर्क की लागत जहां एक करोड़ से अधिक है, वहां प्रस्ताव बिल्डिंग कमिटी को भेजा जाए, ताकि पब्लिक वर्क डिपार्टमेंट (PWD) मरम्मत कार्य तेजी से पूरा कर सके। कोर्ट ने मुंबई, ठाणे, पुणे, विदर्भ और नागपुर सहित राज्य के विभिन्न जिलों में जर्जर और हेरिटेज कोर्ट बिल्डिंग के मुद्दे का स्वतः संज्ञान लिया था। क्योंकि इन अदालतों की सुरक्षा को लेकर कई सवाल उठाए गए थे।

मामले की सुनवाई के दौरान सरकारी वकील द्वारा कोर्ट में एक रिपोर्ट पेश की गई। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में कोर्ट के करीब 139 स्ट्रक्चर को तत्काल मरम्मत की जरूरत है। करीब 240 स्ट्रक्चर में मामूली रिपेयर की आवश्यकता है, जिसकी लागत 1 करोड़ रुपये से कम है। करीब 53 स्ट्रक्चर की मरम्मत की लागत एक करोड़ रुपये से ऊपर है। करीब 30 इमारतें जर्जर अवस्था में हैं।

- 139 स्ट्रक्चर को तत्काल मरम्मत की जरूरत

सरकारी वकील ने कोर्ट में कहा कि जिन अदालतों में मरम्मत कार्य की लागत एक करोड़ से कम है, वहां कार्य के लिए संबंधित जिले के प्रधान जिला न्यायाधीश से प्रशासनिक स्वीकृति ली जा सकती है। इस पर जस्टिस रेवती मोहिते डेरे और जस्टिस संदेश पाटिल की बेंच ने हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार को रिपोर्ट और आदेश की प्रति सभी जिला न्यायाधीशों को ईमेल से भेजने का निर्देश दिया।



CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 28-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP6 User: ajay.salunke Time: 12-27-2025 22:00 Color:



TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs.
To book your ad
Logon to: ads.timesofindia.com
or Call: 18001205474 (Toll Free)
Scan QR Code

# SOCIAL EVENT

## दादी परिवार, भायंदर

20वाँ वार्षिक उत्सव

**दिव्य सत्संग एवं भजन संध्या**

शनिवार 3 जनवरी 2026 दोपहर 2 बजे से

पूज्यनीया देवी चित्रलेखाजी की अमृतमयी वाणी में दिव्य सत्संग दोपहर 3 बजे से | श्रीमती मीतु अग्रवाल कोलकाता द्वारा सायं 7 बजे से

अखण्ड ज्योत, अलौकिक श्रृंगार, छप्पन भोग, महाप्रसाद

स्थान : बालाजी ग्राउंड (पपैया), टेम्बा रोड, मैक्सस मॉल के पास, भायंदर-पश्चिम

|| मुख्य अतिथि || श्री प्रताप सरनाईक | || विशेष अतिथि || श्री नरेन्द्र मेहता | || संरक्षक || ॲड. रवि व्यास | || मुख्य यजमान || श्रीमती प्रियंका मुकेश अग्रवाल | || मुख्य यजमान || श्री रामप्रकाश बुबना

सम्माननीय अतिथि : श्री विनोद पोद्दार, श्री अनिल पाटोदिया, श्री दिनेश सोमानी, श्री भगवानराम चौधरी, श्री राजेन्द्र मित्तल, श्री नंदू पोद्दार, श्री पंकज पांडे, श्री संदीप अग्रवाल, सीए विठ्ठल नाडकर, श्री नारायण पोद्दार, श्री श्याम गोयनका, श्री महावीर जैन, श्री अरुण कंदोई

प्रेरणास्रोत एवं विशेष सहयोगी : श्री शंकरलाल शर्मा, श्री विनोद नेमानी, श्री अंकित अग्रवाल, श्री सुनिल शर्मा, श्री विमल अग्रवाल, श्री मुकेश झुनझुनवाला, श्री प्रकाश मोदी, श्री पवन गोयनका

निवेदक-ट्रस्टी : हरीश अग्रवाल-अध्यक्ष, सूर्यप्रकाश झुनझुनवाला-सचिव, कोमल अग्रवाल-महिला सचिव

सौजन्य : RAHUL ENTERPRISE Mfg : Of Textile Auxiliaries Motivated & Inspired By NANDU PODDAR

## सत्संग परिवार

स्थापना 1999 लोखण्डवाला, कांदिवली-पूर्व

**श्रीमद् भागवत कथा**

पूज्या देवी चित्रलेखा जी की अमृतमयी वाणी से

|| मुख्य यजमान || श्री सुशील केडिया परिवार

4 से 10 जनवरी 2026 दोपहर 4:00 से 7:00 बजे तक | कथा स्थल : विलासराव देशमुख उद्यान सत्संग परिवार चौक, लोखंडवाला, कांदिवली-पूर्व, मुंबई

प्रदीप अग्रवाल अध्यक्ष | पवन दाधीच उपाध्यक्ष | राकेश रेखान महामंत्री | निशांत बाजोरिया संयुक्त मंत्री | पुरुषोत्तम शर्मा कोषाध्यक्ष

## श्री श्याम महोत्सव

|| श्री गणेशाय नमः || || श्री श्याम देवाय नमः || || श्री हनुमते नमः ||

हारे का सहारा श्री श्याम परिवार (रजि.) मुम्बई

श्री श्याम अखण्ड ज्योत पाठ (नृत्य नाटिका व शीश के दान के साथ)

अखंड ज्योत | अलौकिक श्रृंगार | भव्य दरबार | छप्पन भोग

04 जनवरी 2026, सुबह 9:15 से प्रभु इच्छा तक..

स्थान : शारदा ज्ञान पीठ इंटरनेशनल स्कूल, दत्त मंदिर रोड, मलाड (ईस्ट) मुंबई - 400097

पाठ वाचक श्री संदीप सुल्तानिया जी (कोलकाता)

LIVE YouTube

पाठ में बैठने हेतु संपर्क करे

| | |
|---|---|
| संगीता तोतला 9323193089 | रवि खेतान 9821125419 |
| अनिता शर्मा (मंदिर) 8080986808 | मनीषा भट्ट 9152260428 |
| मंजू लालपुरीया 9920131464 | अशोक मुरारका 9869336473 |

SHREE JEENMATA DYEING & PRINTING MILLS PVT. LTD. BLEACHING, DYEING, DIGITAL PRINTING OF FABRICS

## गौड़ ब्राह्मण संघ, मुंबई

|| श्री गणेशाय नमः || || श्री परशुरामाय नमः ||

|| सर्वे भवन्तु सुखिनः वसुधैव कुटुंबकम् ||

स्नेहपूर्ण निमंत्रण

गौड़ ब्राह्मण संघ, मुंबई द्वारा आयोजित

26वां वार्षिक युवक-युवती विवाह हेतु परिचय सम्मेलन

रविवार, दिनांक 28 दिसंबर 2025 सायं 3 से रात्रि 9 बजे तक

-: स्थान :- थथाई भाटिया हॉल नंबर 1, कोर्नर ऑफ शंकर लेन, एस.वी.रोड, कांदिवली (प), मुंबई - 67

इस परिचय सम्मेलन में आप सभी (आदि) गौड़ ब्राह्मण बंधुओं का हार्दिक स्वागत है। आप सबकी गरिमापूर्ण उपस्थिती ही हमारा सम्मान है।

मुख्य अतिथि : आचार्य पवन त्रिपाठी
महामंत्री : भाजपा मुंबई एवं कोषाध्यक्ष : श्री सिद्धिविनायक मंदिर

कार्यक्रम के पश्चात सुरुचि भोज की व्यवस्था है।

